सूर्योदय 6:47 सूर्यास्त 6:20

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 6.8 न्यू | 10.0 अधि |
| धर्मशाला | 4.4 न्यू | 17.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74612.43 |
| निफ्टी | 22545.05 |
| सोना | 87,380 |
| चांदी | 97,404 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 28 फरवरी 2025 | 17 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 61, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702




इंग्लैंड पर जीत के बाद तेंदुलकर ने की अफगानिस्तान की प्रशंसा

पृष्ठ 14 पर

## न्यूज शॉर्ट्स


### संभल जामा मस्जिद पर हाईकोर्ट ने मांगी रिपोर्ट

**इलाहाबाद।** संभल की जामा मस्जिद में रंगाई-पुताई होगी या नहीं? इलाहाबाद हाईकोर्ट शुक्रवार को फैसला सुनाएगा। मस्जिद पक्ष की याचिका पर वीरवार को सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने 3 सदस्यीय कमेटी गठित की। इसमें मस्जिद के मुतल्लवी और एएसआई को भी शामिल किया है। कोर्ट ने कमेटी को निर्देश दिया कि 24 घंटे के अंदर कमेटी मस्जिद का निरीक्षण करके अपनी रिपोर्ट दें। इसके बाद कोर्ट रंगाई-पुताई पर अंतिम फैसला सुनाएगा।

### भारत-पाकिस्तान सीमा पर दो ड्रोन, हथियार बरामद

**चंडीगढ़।** बीएसएफ ने भारत-पाकिस्तान सीमा पर सर्च अभियान चलाकर तीन अलग-अलग स्थानों से ड्रोन और हथियार बरामद किए गए हैं। बीएसएफ ने यह आपरेशन बुधवार रात को चलाया। बीएसएफ के अनुसार, अमृतसर के गांव बल्लड़वाल में सीमावर्ती क्षेत्र के खेतों से एक काले रंग का बैग बरामद किया। इसमें तुर्की में बनी दो पिस्तौल, चार मैगजीन थी। वहीं, खानवाल गांव में खेत से चीन निर्मित एक ड्रोन बरामद किया। दाउके गांव से भी एक ड्रोन बरामद किया गया।

### असम में लगे भूकंप के झटके, 5.1 रही तीव्रता



**गुवाहाटी।** असम के मोरीगांव में वीरवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.1 रही, जिसका सेंटर बंगाल की खाड़ी में था। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, भूकंप की गहराई 91 किलोमीटर थी। भूकंप से किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पारादीप, पुरी और बेरहामपुर समेत कई इलाकों में झटके महसूस किए गए।

### नेशनल हेराल्ड मामले में सुनवाई पर रोक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य से संबंधित नेशनल हेराल्ड मामले में निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक बढ़ा दी। न्यायमूर्ति विकास महाजन ने इस मामले में भाजपा के पूर्व सांसद सुब्रमण्यम स्वामी की याचिका पर सुनवाई 28 जुलाई के लिए स्थगित कर दी।

### पठानकोट में ट्रेन से पांच पिस्टल, 10 मैग्जीन बरामद

**पठानकोट।** पठानकोट कैंट स्टेशन पर जीआरपी पुलिस को सामान्य डिब्बे में एक अज्ञात बैग मिला। बैग से 5 पिस्टल व 10 खाली मैग्जीन बरामद किए हैं। मालवा एक्सप्रेस ट्रेन दिल्ली से जम्मू कश्मीर जा रही थी। जीआरपी पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- पटवारी और कानूनगो आज से हड़ताल पर -पेज 3
- देहरा अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च होंगे 57.06 लाख: कमलेश -पेज 4
- युवक के किडनैपिंग मामले में आया नया मोड़ -पेज 10
- पाकिस्तान एक नाकाम देश, दान के पैसों पर रहता है जिंदा -पेज 13
- आईसीसी मैच रेफरी डेविड बून क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया बोर्ड में होंगे शामिल -पेज 14


मंडी शिवरात्रि : सीएम ने किया विधिवत शुभारंभ, देवी-देवताओं का नजराना 5 फीसदी बढ़ाया

# सुक्खू सरकार मंडी शिवधाम प्रोजेक्ट को देगी 100 करोड़



देवता श्री राज माधव राय मंदिर में पूजा-अर्चना करते सीएम सुक्खू



शाही जलेब में शिरकत करते श्री राज माधव राय।

अनिल शर्मा, मंडी

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वीरवार को मंडी के ऐतिहासिक पड्डल मैदान में सात दिवसीय अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव मंडी-2025 का औपचारिक रूप से शुभारंभ किया।

वहीं, मुख्यमंत्री सुक्खू ने मंडी शिव धाम परियोजना को पूरा करने के लिए 100 करोड़ रुपए आवंटित करने की घोषणा की और दो वर्ष के भीतर इसे पूर्ण करने का आश्वासन दिया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भव्य शिव धाम दूर-दूर से पर्यटकों को आकर्षित करेगा। उन्होंने देवताओं के नजराने में 5 प्रतिशत वृद्धि करने की घोषणा भी की। इससे पहले हल्की बारिश के बीच पारंपरिक 'शाही जलेब' शोभायात्रा में शामिल होने से पहले मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के मुख्य देवता श्री राज माधव राय मंदिर में पूजा-अर्चना की। मंदिर से शुरू होकर पड्डल मैदान में संपन्न हुई भव्य शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालु पारंपरिक परिधान पहने अपने स्थानीय देवताओं के साथ नृत्य करते हुए आगे बढ़े। पूरे क्षेत्र से 200 से अधिक देवी-देवताओं ने इस जीवंत कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई, जिससे इसकी आध्यात्मिक भव्यता और बढ़ गई। मुख्यमंत्री ने सदियों पुरानी परंपरा के अनुरूप पगड़ी समारोह में भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

### पड्डल मैदान में किया प्रदर्शनी का शुभारंभ

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने पड्डल मैदान में विभिन्न सरकारी विभागों, बोर्डों और निगमों की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का शुभारंभ किया और इसमें गहरी रुचि दिखाई। उन्होंने मेला समिति की ओर से प्रकाशित अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि मेले की स्मारिका और कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया। अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लंबे समय से सूखे के बाद आखिरकार क्षेत्र में बारिश हुई है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव ने किसानों की प्रार्थना सुनी और उनकी मनोकामना पूर्ण हुई है।

# हिमाचल में भारी हिमपात से कटा जनजातीय इलाकों का संपर्क

## मैदानों में भी रुक-रुककर बारिश जारी, हिमपात से यातायात प्रभावित




सत्यदेव भारद्वाज, शिमला

**हिमाचल** प्रदेश के जनजातीय जिलों लाहौल-स्पीति, किन्नौर और चंबा के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी हिमपात हुआ है। कई क्षेत्रों में तीन फुट से ज्यादा बर्फबारी हुई है। भारी हिमपात होने से लाहौल-स्पीति, चंबा और किन्नौर के कई क्षेत्रों का देश-दुनिया से संपर्क कट गया है। अटल टनल रोहतांग आवाजाही के लिए बंद हो गई है। धुंधी में हिमखंड गिरा है।

बर्फबारी होने से कई जगहों पर यातायात प्रभावित हुआ है। शिमला जिले के पर्यटन स्थल नारकंडा और कुफरी में भी बर्फबारी हो रही है, जिससे नारकंडा में सड़क पर फिसलन बढ़ गई है। शिमला और मनाली सहित प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में बीती रात से ही रुक-रुक कर बारिश जारी है। (अनंत ज्ञान)

### आज भी भारी बर्फबारी बारिश की चेतावनी

**मौसम** विभाग ने शुक्रवार को भी किन्नौर और लाहौल-स्पीति में भारी बर्फबारी और मंडी, शिमला, कांगड़ा, कुल्लू, सिरमौर जिले में एक दो स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। शिमला, सोलन और सिरमौर जिले में बर्फबारी को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, ऊना, हमीरपुर और बिलासपुर जिले में कोल्ड वेव का यलो अलर्ट जारी किया है।

### रोहतांग में गिरी तीन फुट बर्फ

**लाहौल**-स्पीति के अलावा किन्नौर, मंडी, चंबा और किन्नौर के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी हो रही है। रोहतांग दर्रा में तीन फुट तक बर्फ गिरी है। कोकसर व अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल पर दो फुट, अटल टनल के साउथ पोर्टल पर पौने दो फुट, पांगी में सवा एक फुट हिमपात हुआ है।

### लाहौल-स्पीति में एवलांच का अलर्ट

लाहौल-स्पीति प्रशासन ने जिले में एवलांच (हिम-स्खलन) गिरने का अलर्ट जारी किया है। वही, चौपाल की खिड़की और जुब्बल के खड़ापत्थर में सड़क बंद हो गई है।

## अमेरिकी कंपनियां कर सकेंगी भारतीय स्नातकों को नियुक्त : ट्रंप

एजेंसी, वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि प्रस्तावित 'गोल्ड कार्ड' पहल से अमेरिकी कंपनियों को हार्वर्ड और स्टैनफोर्ड जैसे शीर्ष अमेरिकी विश्वविद्यालयों से भारतीय स्नातकों को नियुक्त करने की अनुमति मिलेगी।



ट्रंप ने बुधवार को 'गोल्ड कार्ड' पहल की शुरुआत की, जिसके तहत 50 लाख अमेरिकी डॉलर के शुल्क के बदले, उन्हें अमेरिका में रहने और काम करने का अधिकार दिया जाएगा तथा और नागरिकता की पेशकश की जाएगी। ट्रंप ने कहा कि हम 'गोल्ड कार्ड' की बिक्री करने जा रहे हैं। आपके पास 'ग्रीन कार्ड' है। यह एक 'गोल्ड कार्ड' है। हम इस कार्ड की कीमत लगभग 50 लाख अमेरिकी डॉलर रखने जा रहे हैं और इससे आपको ग्रीन कार्ड के विशेषाधिकार मिलेंगे, साथ ही यह अमेरिकी नागरिकता पाने का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। इस कार्ड के जरिए अमीर लोग अमेरिका का रुख करेंगे। मौजूदा आव्रजन प्रणाली ने शीर्ष अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाओं, खासकर भारतीय को अमेरिका में रहने और काम करने से रोक दिया है।

## वक्फ बिल में 14 बदलावों को मंजूरी

### केंद्रीय कैबिनेट ने लगाई मुहर, दावा-10 मार्च से होने वाले संसद सत्र में लाया जाएगा

एजेंसी, नई दिल्ली

**केंद्रीय** कैबिनेट ने वक्फ संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 19 फरवरी को हुई बैठक में बिल को कैबिनेट की रजामंदी मिल गई थी।

संसद के बजट सत्र के दूसरे हिस्से में सरकार इसे पेश कर सकती है। बजट सत्र का दूसरा हिस्सा 10 मार्च से 4 अप्रैल तक चलेगा। ज्वॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) की रिपोर्ट के आधार पर वक्फ बिल का नया ड्राफ्ट तैयार किया है। इससे पहले बजट सत्र के पहले चरण में 13 फरवरी को वक्फ बिल पर जेपीसी की रिपोर्ट संसद में पेश हुई थी। विपक्ष ने रिपोर्ट को फर्जी बताया था। इसके बाद संसद में हंगामा भी हुआ था। 27 जनवरी को वक्फ (संशोधन) विधेयक की जांच कर रही जेपीसी ने ड्रॉफ्ट रिपोर्ट को मंजूरी दी थी। 13 फरवरी को राज्यसभा में भाजपा सांसद मेधा कुलकर्णी ने तो लोकसभा में जेपीसी चेयरमैन और भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने इस रिपोर्ट को पेश किया। इसे लेकर दोनों सदनों में विपक्ष ने आपत्ति जताई। इनका आरोप है कि जेपीसी रिपोर्ट में उनकी असहमतियों को शामिल नहीं किया। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था जेपीसी की यह रिपोर्ट फर्जी है। इसमें विपक्ष की असहमतियों को डिलीट कर दिया गया।

### जेपीसी बैठक में हुई थी 44 संशोधनों पर चर्चा

**जेपीसी** की बैठक में 44 संशोधनों पर चर्चा हुई थी। भाजपा की अगुआई में एनडीए सांसदों के 14 संशोधनों को स्वीकार किया गया था, जबकि विपक्ष के संशोधनों को सिरे से खारिज कर दिया गया था। अगस्त 2024 में वक्फ बिल को अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में पेश किया था। इसके बाद इसे जेपीसी के पास भेजा गया था, जिस पर जेपीसी ने 655 पन्नों की रिपोर्ट दी थी।

## चिट्टे की कुख्यात महिला तस्कर को 10 साल जेल

### अदालत ने 1 लाख रुपए जुर्माना भी लगाया

अनंत ज्ञान, इंदौरा



**चिट्टे** मामले में छन्नी गांव की रहने वाली महिला को न्यायालय ने 10 साल की कठोर सजा और एक लाख रुपए जुर्माना लगाया है। थाना डमटाल के तहत छन्नी गांव की महिला गुरमेशी देवी पत्नी अशोक कुमार के खिलाफ 2019 में 5.61 ग्राम चिट्टे के साथ डमटाल पुलिस ने गिरफ्तार किया था। पुलिस जिला नूरपुर ने जून, 2020 में इस मामले का चालान अदालत में पेश किया था। न्यायाधीश धर्मशाला की ओर से सुनवाई पूरी करते हुए गुरमेशी देवी को दोषी करार दिया। पुलिस जिला नूरपुर के एसपी अशोक रत्न ने बताया कि दोषी महिला के खिलाफ थाना डमटाल में तीन, नूरपुर में एक और एक मामला धर्मशाला थाने में दर्ज हैं और न्यायालय में विचाराधीन हैं।

**2019 में चिट्टे के साथ किया था गिरफ्तार**

### दिल्ली विधानसभा के डिप्टी स्पीकर बने मोहन सिंह

**नई दिल्ली।** भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट वीरवार को दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष (डिप्टी स्पीकर) चुने गए।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उपाध्यक्ष पद के लिए छह बार के भाजपा विधायक का नाम प्रस्तावित किया, जिसका अनुमोदन पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने किया, जबकि अनिल कुमार शर्मा द्वारा पेश किए गए दूसरे प्रस्ताव का गजेंद्र सिंह यादव ने समर्थन किया। भाजपा नेता बिष्ट (67) हालिया दिल्ली विधानसभा चुनाव मुस्तफाबाद से जीते हैं। उन्होंने 17,000 से अधिक मतों के अंतर से 'आप' के आदिल अहमद खान को हराया था।

डिग्री विवाद : हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

## प्रधानमंत्री की डिग्री कोर्ट को दिखा सकते, पर अजनबियों को नहीं : डीयू

एजेंसी, नई दिल्ली

**दिल्ली** हाईकोर्ट ने प्रधानमंत्री मोदी की स्नातक डिग्री के संबंध में जानकारी का खुलासा करने के केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के आदेश को चुनौती देने वाली दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा कि दलीलें सुन ली गई हैं। निर्णय सुरक्षित रखा जाता है। डीयू की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सीआईसी का आदेश रद्द किया जाना चाहिए। डीयू को अदालत को रिकॉर्ड दिखाने में कोई आपत्ति नहीं है, पर अजनबियों को नहीं दिखा सकते। यह कला स्नातक की 1978 की डिग्री है। नीरज नामक व्यक्ति की ओर से आरटीआई आवेदन दाखिल करने के बाद सीआईसी ने 21 दिसंबर, 2016 को 1978 में बीए की परीक्षा पास करने वाले छात्रों के रिकॉर्ड के निरीक्षण की अनुमति दी थी। इसी वर्ष पीएम मोदी ने यह परीक्षा उत्तीर्ण की थी। हाईकोर्ट ने 23 जनवरी, 2017 को सीआईसी के आदेश पर रोक लगा दी थी। डीयू ने 11 फरवरी को दलील दी थी कि केवल जिज्ञासा के आधार पर किसी को आरटीआई कानून के तहत निजी सूचना मांगने का अधिकार नहीं है।

## जीएसटी-सीमा शुल्क के मामलों में एफआईआर के बिना भी मिल सकती है अग्रिम जमानत

एजेंसी, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला



**सुप्रीम** कोर्ट ने वीरवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि अग्रिम जमानत का प्रावधान माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिनियम और सीमा शुल्क कानून पर लागू होता है और व्यक्ति प्राथमिकी दर्ज नहीं होने पर भी गिरफ्तारी से पहले जमानत के लिए अदालतों का रुख कर सकता है।

प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की पीठ ने सीमा शुल्क अधिनियम, जीएसटी अधिनियम में दंड प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर पिछले साल 16 मई को फैसला सुरक्षित रखा था। याचिकाओं में कहा कि यह प्रावधान दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और संविधान के अनुरूप नहीं हैं। प्रधान न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए कहा कि दंड प्रक्रिया सहिंता (सीआरपीसी) और उसके बाद बने कानून-भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के प्रावधान अग्रिम जमानत जैसे मुद्दों पर सीमा शुल्क और जीएसटी अधिनियमों के तहत भी आरोपी पर लागू होंगे। अदालत ने कहा कि जीएसटी और सीमा शुल्क अधिनियमों के तहत संभावित गिरफ्तारी का सामना करने वाले व्यक्ति प्राथमिकी दर्ज होने से पहले भी अग्रिम जमानत का अनुरोध करने के हकदार हैं। विस्तृत फैसले का इंतजार है। इस मामले में मुख्य याचिका राधिका अग्रवाल ने 2018 में दायर की थी।

**2018 में दर्ज की थी याचिका**

### बैंक खातों को फ्रीज करने में सावधानी बरतें जांच एजेंसियां : हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने जांच एजेंसियों से बैंक खातों को पूरी तरह 'फ्रीज' करने के मामले में सावधानी बरतने को कहा है। याचिकाकर्ता कंपनी के खाते पर की गई ऐसी ही एक कार्रवाई से संबंधित याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति मनोज जैन ने यह टिप्पणी की।

खाते में 93 करोड़ रुपए से अधिक की राशि शेष थी, लेकिन महज 200 रुपए की त्रुटिपूर्ण प्रविष्टि थी। अदालत ने कहा कि विवादित राशि, जो इस मामले में महज 200 रुपए है, के लेनदेन पर रोक लगाने का निर्देश देने के बजाए बैंक को पूरे खाते को फ्रीज करने का निर्देश दिया गया।

खुलासा | मनोचिकित्सकों की जांच में सामने आए चौंकाने वाले तथ्य; अधिकतर युवा शहर से, दो युवतियां भी बीमारी की चपेट में

# बिलासपुर में चिट्टे से 40 युवा हेपेटाइटिस-सी से ग्रसित

शुभम राही, बिलासपुर



अनंत ज्ञान स्पैशल

**बिलासपुर** जिले में चिट्टे (हेरोइन) का सेवन करने वाली 40 युवा अब गंभीर बीमारी हेपेटाइटिस-सी की चपेट में आ चुके हैं। इन मरीजों में दो युवतियां भी शामिल हैं। अधिकतर प्रभावित युवा बिलासपुर शहर के रहने वाले हैं और इनकी उम्र 15 से 30 वर्ष के बीच है।

बिलासपुर अस्पताल में तैनात मनोचिकित्सक डॉ. आयुष शर्मा की ओर से की गई जांच में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। डॉक्टरों के अनुसार, नशे के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दूषित सीरिंज से हेपेटाइटिस-सी तेजी से फैल रहा है। यह बीमारी यकृत (लिवर) को प्रभावित करती है, अगर समय पर इलाज न मिले, तो यह गंभीर रूप धारण कर सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार, हेपेटाइटिस-सी एक साइलेंट किलर की तरह काम करता है। यह लक्षण रहित भी हो सकता है, लेकिन समय के साथ लिवर को इतना नुकसान पहुंचा सकता है कि मरीज को लिवर ट्रांसप्लांट की जरूरत पड़ सकती है। बिलासपुर में लगातार बढ़ते मामलों ने स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। मनोचिकित्सक और संक्रामक रोग विशेषज्ञों का कहना है कि अगर कोई भी युवा चिट्टे का सेवन कर रहा है, तो उसे तुरंत मेडिकल जांच करवानी चाहिए। समय पर उपचार शुरू करने से इस बीमारी के प्रभाव को रोका जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

**15 से 30 साल की उम्र वाले युवा शामिल**

### गांवों तक पहुंच चुका है चिट्टा

हिमाचल प्रदेश के गांवों तक पहुंच चुका चिट्टा युवा पीढ़ी को आर्थिक और शारीरिक दोनों स्तरों से प्रभावित कर रहा है। इसके आदी लोगों की किडनी भी प्रभावित होने लगी हैं, जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण है कि बिलासपुर जिले में चिट्टे के आदी 40 लोग को हेपेटाइटिस-सी बीमारी से ग्रसित पाए गए हैं। बता दें कि क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में लगभग ढाई साल बाद मनोरोग विशेषज्ञ की तैनाती हुई है। वहीं, एक माह से उनके पास जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 40 ऐसे युवा आए हैं, जो कि चिट्टे का आदी हैं और अब वह खुद इसको छोड़ना चाहते हैं। मनोरोग विशेषज्ञ के पास रोजाना 20 से 25 मरीज आ रहे हैं। इसमें करीब पांच से छह युवा चिट्टा व अन्य नशों से आदी पहुंच रहे हैं। मनोरोग की ओपीडी में दो मरीज उपचाराधीन भी हैं।

### हेपेटाइटिस-सी के प्रभाव

**हेपेटाइटिस**-सी इजेक्शन से नशे लेने के कारण होता है। रक्त और अन्य शारीरिक तरल पदार्थों के माध्यम से फैलता है। हेपेटाइटिस-सी वायरस लीवर की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाता है, जिससे लीवर में सूजन आ जाती है। इससे लीवर की कार्यक्षमता कम हो जाती है। हेपेटाइटिस-सी वायरस के संक्रमण से लीवर कैंसर हो सकता है। इससे पीलिया हो सकता है, जिससे त्वचा और आंखों का रंग पीला हो जाता है।

> बिलासपुर जिले में 40 के करीब युवा पीढ़ी हेपेटाइटिस-सी से ग्रसित पाए गए हैं। इनका इलाज किया जा रहा है। जिले में चिट्टा से संबंधित मरीजों की संख्या अधिक है। प्रतिदिन दर्जनों मरीजों की जांच की जाती है।
>
> **-डा. आयुष शर्मा, मनोचिकित्सक बिलासपुर अस्पताल।**

सेना के वाहन पर हमले के बाद तलाशी अभियान तेज

## जवानों ने आतंकियों के खात्मे को एलओसी के इलाकों में की घेराबंदी



एजेंसी, जम्मू

**सेना** के वाहन पर बुधवार को गोलीबारी करने वाले आतंकवादियों का सफाया करने के लिए सुरक्षाबलों ने वीरवार को जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के सुंदरबनी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास नए इलाकों में घेराबंदी और तलाशी अभियान का दायरा बढ़ा दिया।

अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने एक संदिग्ध 'फ्रीक्वेंसी वायरलेस सेट' को बाधित किए जाने के बाद कठुआ जिले के हीरानगर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास दयालचक में भी सर्च ऑपरेशन शुरू किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### बॉलीवुड गायिका शिल्पा ने धूमल से लिया आशीर्वाद



अनंत ज्ञान, टौणी देवी। हमीरपुर में जन्मी गांव कलर हमीरपुर की बेटी शिल्पा सरोच ने अपनी गायकी से मुंबई में अपनी पहचान बनाई है। शिल्पा कई सारी बॉलीवुड फिल्मों में गाना गाकर अपनी पहचान बना चुकी है। शिल्पा ने मिर्जापुर, जय मम्मी दी किंग ऑफ कोठा जैसी फिल्मों में गाना गा चुकी है और अब वह हिंदी सिनेमा में भी अपनी आवाज से सबका दिल जीत रही हैं। यह बहुत गर्व की बात है कि शिल्पा ने अपने गांव और परिवार का नाम देश भर में रोशन किया है। आज हमीरपुर जिला और कलर गांव उनके नाम से जाना जाता है। प्रो. प्रेम कुमार धूमल से मिलना और उनका आशीर्वाद लेना भी शिल्पा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। धूमल का अनुभव और मार्गदर्शन शिल्पा सरोच को मिला। मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने उनकी उपलब्धि की सराहना की।

### स्टार कलाकारों की निविदा सूचना में संशोधन

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। सुजानपुर के राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव की सांस्कृतिक संध्याओं में स्टार कलाकारों से संबंधित निविदा सूचना में आंशिक संशोधन किया गया है। सहायक आयुक्त अपराजिता चंदेल ने बताया कि स्टार कलाकारों से संबंधित निविदाएं 4 मार्च सुबह साढ़े दस बजे तक जमा करवाई जा सकती हैं। उन्होंने बताया कि 17 फरवरी को जारी निविदा सूचना में निविदाएं जमा करवाने की अंतिम तिथि एवं समय 4 मार्च सुबह 10 बजे प्रकाशित किया गया था। सहायक आयुक्त ने बताया कि इस निविदा सूचना में आवश्यक संशोधन किया गया है। इसलिए, 4 मार्च को निविदा जमा करने का अंतिम समय सुबह 10 बजे के बजाए सुबह साढ़े दस बजे होगा।

### बिझड़ी सहकारी सभा का 2 को होगा वार्षिक अधिवेशन

अनंत ज्ञान, बड़सर। द बिझड़ी कृषि एवं सहकारी सभा समिति का वार्षिक साधारण अधिवेशन 2 मार्च को होगा। सभा की सचिव प्रिंस ठाकुर ने बताया किया अधिवेशन सभा भवन में सुबह 11 बजे को आयोजित किया जाएगा। सभा के प्रधान सुरजीत सिंह राणा ने बताया कि इस अधिवेशन में वार्षिक लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया जाएगा। इस अधिवेशन की अध्यक्षता सभा की प्रधान सुरजीत सिंह राणा करेंगे। साधारण अधिवेशन में वर्ष 2024 का ऑडिट अवशेष पत्र पढ़कर सुनाया जाएगा, साथ ही आगामी वर्ष के कार्यों की भी रूपरेखा बनाई जाएगी। सभा का वार्षिक अधिवेशन में उपस्थित होने के लिए सभा के समस्त सदस्य इसमें उपस्थित रहेंगे।

### आरबीआई की कल्याणकारी योजनाएं बताईं

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। भारतीय रिजर्व बैंक के वित्तीय साक्षरता केंद्र हमीरपुर के द्वारा हमीरपुर ब्लॉक की दरोगन पत्ती कोट पंचायत में वित्तीय साक्षरता कैंप आयोजित किया गया। भारतीय रिजर्व बैंक के माध्यम से सरकार द्वारा लोगों के कल्याण के लिए चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दी। कैंप में एलडीएम हमीरपुर ताशी नामगियाल, एलडीएमओ निखिल ने उपस्थित लोगों को विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। वित्तीय साक्षरता केंद्र की सेंटर हेड रेखा गौतम ने लोगों से जरूरी जागरूकता और सतर्कता बरतने की अपील की। उन्होंने बताया कि किस तरह से लोगों को डिजिटल धोखाधड़ी से लूटा जा रहा है। इस वित्तीय साक्षरता कैंप में वित्तीय साक्षरता केंद्र की हमीरपुर ब्लॉक की समन्वयक रजनीश कुमारी, दरोगन पत्ती कोट पंचायत प्रधान गुलशन कुमार व अन्य पंचायत प्रतिनिधियों समेत 80 लोगों ने भाग लिया।

### गगेड़ी में डिजिटल फ्रॉड से बचने के उपाए बताए

अनंत ज्ञान, भोरंज। उपमंडल भोरंज के तहत कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक समिति शाखा समीरपुर के द्वारा गांव गगेड़ी में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता शाखा प्रबंधक रोहित कुमार के द्वारा की गई। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को बैंक के माध्यम से सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योती बीमा योजना, अटल पेंशन योजना व कृषि कार्ड के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने डिजिटल पेमेंट तथा डिजिटल फ्रॉड से भी लोगों को अवगत करवाया तथा इससे बचने के उपाए बताए। शिविर में बैंक अधिकारी सोनी कुमार, वीना कुमारी, रमा देवी, कमलेश कुमारी, रेखा देवी, विमला देवी इत्यादि ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

वहीं, भरेड़ी में नाबार्ड के सहयोग से भरेड़ी पंचायत में वित्तीय साक्षरता शिविर लगाया गया। इसमें शाखा प्रबंधक राजिंदर सिंह चंदेल ने लोगों को वित्तीय साक्षरता व बैंक की जमा व ऋण योजनाओं के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में स्टाफ सहित सहित संस्थान के करीब 80 लोगो ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

# पटवारी और कानूनगो आज से हड़ताल पर

## बोले-जब तक स्टेट कैडर से जिला कैडर करने की मांग पूरा नहीं की जाती, जारी रहेगी अनिश्चितकालीन हड़ताल

अनिल कुमार, हमीरपुर



प्रदेश सरकार द्वारा पटवारी-कानूनगो का स्टेट कैडर करने को लेकर पटवार कानूनगो महासंघ ने दो दिन तक सामूहिक अवकाश का निर्णय लिया था, जिसके चलते वीरवार को भी पटवार घरों पर ताले लटके रहे। हालांकि, प्रदेश सरकार की ओर से कोई भी प्रतिक्रिया नहीं आई है। वीरवार को पटवार एवं कानूनगो महासंघ जिला हमीरपुर ने इसी मुद्दे को लेकर जिला स्तरीय बैठक का आयोजन तहसील हमीरपुर परिसर के बाहर किया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि जो हाल ही में सरकार ने पटवारी एवं कानूनगो का जिला स्तर से राज्य स्तर का कैडर किया है, उसका सभी पटवार एवं कानूनगो महासंघ के पदाधिकारियों व सदस्यों ने विरोध किया। बैठक के दौरान पटवार एवं कानूनगो महासंघ की जिला प्रधान मीना शर्मा ने बताया कि यदि सरकार ने वार्ता के लिए नहीं बुलाएगी तो आज से सभी पटवारी, कानूनगो अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। उन्होंने कहा कि जो पटवारी-कानूनगो पहले इन पदों पर सेवाएं दे रहे हैं उनकी पदोन्नति पर भी असर पड़ेगा। उन्होंने बताया कि विधि विभाग ने प्रदेश सरकार को लिखा था कि जो भी पुराने भर्ती पटवारी व कानूनगो पुराने नियमों के तहत ही कार्य करेंगे।

महासंघ के पदाधिकारियों ने प्रदेश सरकार से बलवान कमेटी की सिफारिशों को पूर्ण रूप से लागू करने का आग्रह किया है। इस बलवान कमेटी की सिफारिशों में वेतन विसंगतियां को, पटवारखानों का नए रूप में नवनिर्माण व कानूनगो से नायब तहसीलदार की पदोन्नति कोटा 60 प्रतिशत से 80 प्रतिशत किया जाना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कोई भी आपदा आती है तो राजस्व विभाग एकदम सरकार के साथ कार्य करने के लिए तत्पर रहेगा।

उन्होंने कहा कि हमारा सरकार से विनम्र अनुरोध है कि सभी उपयुक्त मांगों को शीघ्र पूरा करें ताकि लोगों को काम समय पर हो व लोग भी प्रभावित न हों। उन्होंने बताया कि जब तक स्टेट कैडर के निर्णय को वापस नहीं लिया जाता तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि आजकल पुलिस भर्ती भी चली हुई है, यदि किसी को प्रमाण पत्र बनाने में परेशान होगी तो इसकी सारी जिम्मेदारी सरकार की होगी। गौर रहे कि गत वर्ष भी राज्य सरकार के पटवारी-कानूनगो का स्टेट कैडर करने का निर्णय लिया था, जिसका हिमाचल संयुक्त पटवार एवं कानूनगो संघ ने अनिश्चितकालीन हड़ताल की थी।

सरकार के आश्वासन के बाद इस हड़ताल को समाप्त किया था। अब फिर से उसी मुद्दे को लेकर फिर से पटवार एवं कानूनगो महासंघ आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल करने जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने विधि विभाग को भी इस संबंध में फाइल भेजी थी, लेकिन विधि विभाग ने भी पटवारियों के 874 पदों को जिला कैडर के तहत भरने की मंजूरी दी थी। (अनंत ज्ञान)

# डीसी ने उद्यमियों, ठेकेदारों और मकान मालिकों को दिए बाहरी कामगारों के पंजीकरण के निर्देश

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

जिले में किसी भी तरह की वारदात या अप्रिय घटना को रोकने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला दंडाधिकारी अमरजीत सिंह ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अस्थायी तौर पर रह रहे प्रवासी श्रमिकों, रेहड़ी-फड़ी एवं फेरी वालों और अन्य बाहरी कामगारों का पंजीकरण सुनिश्चित करने के आदेश जारी किए हैं।

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत आदेश जारी करते हुए जिला दंडाधिकारी ने बाहरी कामगारों को काम पर रखने वाले उद्यमियों, कारोबारियों, ठेकेदारों, किसानों और अन्य लोगों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने कामगारों का फोटो, आधार नंबर तथा मोबाइल नंबर सहित पूरा विवरण देकर नजदीकी पुलिस थाने में पंजीकरण सुनिश्चित करें। जिला दंडाधिकारी ने बाहरी श्रमिकों, रेहड़ी-फड़ी एवं फेरी वालों तथा अन्य क्षेत्रों में कार्य कर रहे बाहरी लोगों के लिए भी नजदीकी पुलिस थाने में अपना पंजीकरण करवाने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों को भी हिदायत दी है कि वे अपना मकान बाहरी लोगों को किराये पर देने से पहले किरायेदारों की पहचान एवं पंजीकरण सुनिश्चित कर लें।

जिला दंडाधिकारी के इन आदेशों का उल्लंघन करने वाले बाहरी कामगारों, उनके नियोक्ताओं और मकान मालिकों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 223 के तहत कार्रवाई हो सकती है। ये आदेश 25 अप्रैल तक लागू रहेंगे। जिला दंडाधिकारी ने बताया कि जिला हमीरपुर में बड़ी संख्या में बाहरी राज्यों से श्रमिक, रेहड़ी-फड़ी एवं फेरी वाले और अन्य लोग काम करने आते हैं। ये लोग किराये के मकानों में या विभिन्न निर्माण स्थलों पर अस्थायी रूप से रहते हैं। उन्होंने कहा कि जिला में कोई भी वारदात या अन्य कोई अप्रिय घटना की स्थिति में तथा इनमें बाहरी लोगों की संलिप्तता होने पर पुलिस को असफर जांच करने में काफी दिक्कत होती है। इसको देखते हुए जिला में अस्थायी तौर पर रह रहे बाहरी लोगों का नजदीकी पुलिस थाने में पंजीकरण बहुत जरूरी है। उन्होंने सभी जिला वासियों और जिला में अस्थायी तौर पर रह रहे बाहरी कामगारों से सहयोग की अपील की है।

# तकनीकी विवि को मिली नए पाठ्यक्रमों की स्वीकृति

अनंत ज्ञान, हमीरपुर



कुलपति की अध्यक्षता में शासक मंडल की 30वीं बैठक संपन्न।

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के शासक मंडल (बोर्ड ऑफ गवर्नर) की 30वीं बैठक कुलपति प्रो. शशि कुमार धीमान की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पूर्व में आयोजित शैक्षणिक परिषद, वित्त समिति और भवन व निर्माण समिति के बैठकों में पारित प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई।

इसमें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 (एनईपी) के तहत संशोधित राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क, अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट के प्रारूपों सहित अन्य विषयों के प्रस्ताव शामिल हैं। इसके अलावा शैक्षणिक परिषद द्वारा विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रमों को भी स्वीकृति प्रदान की गई, जिन्हें राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बनाया गया है। नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 में विद्यार्थियों के प्रवेश प्रक्रिया संबंधित प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई। कुलपति ने बीओजी को अध्यक्षता करते हुए कहा कि तकनीकी विश्वविद्यालय में पहली बार नियमित रूप से प्राध्यापकों की भर्ती कर रहा है, जिसमें प्रक्रिया शुरू हो गई है।

कुलपति ने कहा कि तकनीकी विश्वविद्यालय परिसर में आचार्य, सह आचार्य, सहायक आचार्य के 32 व प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी का एक पद भरा जा रहा। तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं बीओजी के सदस्य सचिव कमल देव सिंह कंवर ने सभी प्रस्ताव प्रस्तुत किए, जिसमें संबंधित शिक्षण संस्थानों से प्रतिवर्ष प्लेसमेंट होने वाले विद्यार्थियों का ब्यौरा तकनीकी विश्वविद्यालय को भेजने का प्रारूप शामिल है। वहीं, हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बिलासपुर में भी शोध केंद्र खोलने के प्रस्ताव पर चर्चा हुई।

**ये बीओजी सदस्य रहे मौजूद :** बैठक में बीओजी सदस्यों में भोरंज के विधायक सुरेश कुमार, प्रो. एचएम सुर्यावंशी निदेशक एनआईटी हमीरपुर, अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. जयदेव उपस्थित रहे, जबकि आभासी माध्यम से संदीप कदम तकनीकी शिक्षा सचिव, प्रो. नवीन कुमार, कुलपति चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर, प्रो. भोला राम गुर्जर निदेशक राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान चंडीगढ़, डॉ. सुदर्शन कुमार आईआईटी मुंबई, अक्षय सूद निदेशक तकनीकी शिक्षा विभाग, डॉ अरुण भारद्वाज व रामानंद शर्मा जुड़े।

# एनएसयूआई ने विकास कार्यों की राशि का उपयोग न होने पर किया प्राचार्य का घेराव

अनंत ज्ञान, बड़सर

हमीरपुर जिले के बड़सर युवा कांग्रेस नेता रूबल ठाकुर और एनएसयूआई इकाई बड़सर ने राजकीय महाविद्यालय बड़सर के प्राचार्य का किया घेराव करके उनके खिलाफ हंगामा बोल दिया है। रूबल ठाकुर ने प्राचार्य के ऊपर आरोप लगाते हुए कहा कि प्राचार्य महाविद्यालय के विकास कार्यों में रोड़ा डाल रहे हैं।

**31 मार्च का दिया अल्टीमेटम**

एनएसयूआई के नेता रूबल ने कहा कि अगर 28 लाख रुपए की धनराशि 31 मार्च तक डेवलपमेंट के कार्य पर खर्च नहीं होती ऐसे में एनएसयूआई प्रिंसिपल के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करेगी।

रूबल ने कहा कि लगभग 28 लाख रुपए के कार्यों के लिए सरकार द्वारा पैसे उपलब्ध करवाया गया है लेकिन प्राचार्य इन कार्यों को लेकर चुप्पी साधे बैठे हैं। रूबल ने कहा कि अगर इसमें एफआईआर केस बनना था तो क्यों आज तक इसकी फाइल नहीं बनाई गई। रूबल ने प्राचार्य को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सरकार द्वारा दी गई राशि महाविद्यालय से वापस भेजी गई तो महाविद्यालय में एक बड़ा आंदोलन प्राचार्य के खिलाफ किया जाएगा। वीरवार को रबल ठाकुर की अगुवाई में कॉलेज के स्टूडेंट एकजुट होकर प्रिंसिपल के खिलाफ बड़ा आंदोलन करने में भी नहीं पीछे हट रहे हैं।

इनका कहना है कि कॉलेज में खेल गतिविधियां को बढ़ावा देने के लिए तथा कॉलेज कैंपस का विकास करने के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा 28 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत हुई है परंतु किसी कारणवश इस धनराशि का समय रहते उपयोग नहीं किया जा रहा है जिसके चलते एनएसयूआई प्रिंसिपल के खिलाफ लामबंद हो गई है।

# पुलिस कांस्टेबल भर्ती में बारिश न डाले खलल

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हमीरपुर जिले में पुलिस कांस्टेबल के पदों की भर्ती प्रक्रिया आज से शुरू हो रही है। यह भर्ती प्रक्रिया भारतीय खेल प्राधिकरण साई मैदान अणु में आयोजित की जाएगी। पिछले 24 घंटों से हो रही बारिश से भर्ती प्रक्रिया में कुछ मुश्किलें आ सकती हैं।

**आज से खेल मैदान अणु में सुबह 6.30 बजे होगी शुरू**

पुलिस विभाग का कहना है कि सुबह 6.30 बजे से भर्ती प्रक्रिया आरंभ की जा रही है। साई इनडोर परिसर में भर्ती प्रक्रिया पूरी की जाएगी। यदि बारिश होती है तो ग्राउंड टेस्ट नहीं लिए जा सकेंगे। पुलिस विभाग का कहना है कि जैसे हालात होंगे, उसी के अनुसार कार्य किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि भर्ती परिसर में मीडिया पर्सन को आने की अनुमति नहीं है।

# बारिश से दलदल बनी भरेड़ी-कक्कड़ सड़क

अनंत ज्ञान, भोरंज

मूसलाधार बारिश ने भरेड़ी से कक्कड़ तक करीब अढ़ाई किलोमीटर सड़क को दलदल बना दिया है। इससे वाहन चालकों को वाहन चलाना बेहद मुश्किल हो गया है। दोपहिया वाहन पूरी तरह से बंद हो गए हैं। दो विधानसभा क्षेत्रों भोरंज और सरकाघाट को जोड़ने वाली बस्सी से तताहर 11 किलोमीटर सड़क का विस्तारीकरण कार्य करीब दो माह से जारी है।



वाहन चालकों को करना पड़ रहा मुश्किलों का सामना।

लोक निर्माण विभाग ने बैलग से लेकर नगरोटा तक करीब तीन किलोमीटर सड़क को एफडीआर तकनीक से तैयार कर लिया है, लेकिन अभी तक वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बाधित है। इसी तरह भरेड़ी से तताहर की ओर सड़क उखाड़ने और चौड़ा करने का कार्य करीब अढ़ाई किलोमीटर कक्कड़ तक पहुंचा है। वीरवार सुबह से रुक-रुककर हो रही मूसलाधार बारिश की वजह से भरेड़ी से कक्कड़ तक सड़क दलदल में बदल गई है। सड़क की चौड़ाई के लिए की गई खोदाई की वजह से चिकनी मिट्टी फैलने से सड़क पर वाहनों का फंसना जारी है। इससे वाहन चालकों को बेहद मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

इस संबंधी कक्कड़ पंचायत प्रधान विनोद कुमार, पपलाह पंचायत प्रधान अंकुश सैनी, गरसाहड़ पंचायत उपप्रधान विकास शर्मा, पूर्व ब्लॉक समिति सदस्य पवन कुमार, ग्रामीण रमेश चंद, अंजू देवी, लता देवी, सुमन कुमारी व अन्य ने कहा कि सड़क पर फैले कीचड़ की वजह से पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि सड़क के निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए। लोक निर्माण विभाग भरेड़ी अनुभाग कनिष्ठ अभियंता, प्रवीण कुमार के अनुसार बारिश की वजह से सड़क का विस्तारीकरण कार्य पूर्ण रूप से बंद रहा है।

बारिश के कारण कीचड़ फैला हुआ है, लेकिन वाहनों के लिए भरेड़ी से सरकाघाट वाया जड़ोह, अमरोह सड़क की सुविधा है। बैलग से लेकर नगरोटा तक एफडीआर तकनीक से सड़क को तैयार कर लिया गया है।

# एनजीओ गलोड़ ने पीड़ित के इलाज के लिए दी 10 हजार की राशि

अनंत ज्ञान, गलोड़

गलोड़ तहसील के अंतर्गत क्षेत्र की अग्रणी सामाजिक संस्था एनजीओ गलोड़ ने नारा जियाना के कर्म चंद को 10000 रुपए की सहायता राशि प्रदान की। एनजीओ के प्रधान देशराज शर्मा ने बताया कि करमचंद की दोनों किडनियां काम नहीं कर रही हैं।

परिवार बहुत गरीब है और आय का कोई साधन न होने के कारण पीड़ित परिवार को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। एनजीओ गलोड़ के संज्ञान में जब इस मामले को लाया गया तो संस्था ने इस पीड़ित परिवार को सहायता राशि देने की अनुमती दी और आज संस्था के पदाधिकारियों ने पीड़ित परिवार को राशि का चेक सौंपा।

वहीं, खुंगन गांव की सुनीता देवी पत्नी विनोद कुमार की बेटी की पढ़ाई के लिए भी 10000 रुपए की राशि का चेक दिया गया। सुनीता देवी के पति का देहांत हो गया है और घर में आय का कोई साधन नहीं है। इस मौके पर संस्था के सदस्य विपिन शर्मा, वीरेंद्र कुमार, प्रिंसिपल सेवानिवृत तिलक राज, सहायक अभियंता सेवानिवृत रमेश कुमार शर्मा, अरविंद अमन गर्ग तथा अन्य उपस्थित रहे।

## 10 मार्च तक बंद रहेगी बणी-पलेढ़ा-सोहारी सड़क

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि बणी-पलेढ़ा-सोहारी सड़क के अपग्रेडेशन कार्य को सुचारु ढंग से पूर्ण करवाने के लिए इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही 10 मार्च तक बंद की गई है। उन्होंने बताया कि इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक सलौणी-बिझड़ी-दियोटसिद्ध सड़क या बदारन-जोल-गारली सड़क से आवाजाही कर सकते हैं। जिलाधीश ने सभी वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है।

# नप नादौन ने समस्याओं का किया निपटारा

अनंत ज्ञान, नादौन।

नगर परिषद नादौन ने लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए वार्ड नंबर 6 के लोगों के लिए रैहन बसेरा में शिविर लगाया। इसमें नगर परिषद के अध्यक्ष शम्मी सोनी ने लोगों की समस्याएं सुनीं तथा उनका मौका पर निपटारा किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद के सचिव रमन शर्मा, जेई अंशुल कुमार, सेनेटरी सुपरवाइजर अक्षित सोनी, निशांत कुमार, कुलदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।



नगर परिषद अध्यक्ष शम्मी सोनी समाधान शिविर में लोगों के साथ।

समाधान शिविर में तीन शिकायतें स्ट्रीट लाइट्स की समस्या से संबंधित आईं। लोगों ने कहा कि स्ट्रीट लाइट्स सुचारु रूप से नहीं चलती हैं, जिस वह से क्षेत्र में अंधेरा पसरा रहता है। नगर पंचायत अध्यक्ष शम्मी सोनी ने संबंधित कर्मचारियों को मौका पर ही निर्देश दिया कि इस समस्या का तुरंत समाधान किया जाए। कुछ लोगों ने शिकायत की कि कुछ लोग शहर में कई जगह खुले में पेशाब करते हैं, जिससे आने जाने वालों को जहां परेशानी होती है, वहीं वातावरण भी दूषित होता है। नगर परिषद ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए कहा कि यदि ऐसा को मामला पकड़ा गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

वार्ड नं. 6 के निवासी डाक्टर कुलदीप गढ़वाल ने नगर परिषद क्षेत्र में बुजुर्गों को बैठने के लिए कम से कम एक कमरे की व्यवस्था की जाए ताकि बुजुर्ग वहां बैठकर कर कुछ समय व्यतीत कर सकें। इस बारे नगर परिषद ने तत्काल निर्णय लेते हुए कहा कि बुजुर्ग हमारे मार्गदर्शक हैं उनके लिए वार्ड नं 6 में स्थित रैहन बसेरा का एक कमरा बुजुर्गों के लिए खोलने के मौका पर ही निर्देश जारी कर दिए। शम्मी सोनी ने लोगों को बताया कि वे शहर को स्वच्छ बनाने में सहयोग दें।

कूड़ा इकत्रित करने वाले वाहन को सूखा-गीला कूड़ा अलग अलग देने का आग्रह किया। यदि पेयजल पाइपों सीवरेज पाइपों की लीकेज आदि का कोई मामला ध्यान में आता है तो उसकी सूचना नगर परिषद को दें ताकि समाधान करवाया जा सके। उन्होंने प्रापर्टी टैक्स व मकानों के निर्माण आदि बारे भी विस्तार से जानकारी दी।

# शिक्षा बोर्ड के निर्णय से लाइसेंस पुस्तक विक्रेता खफा, पुनर्विचार का किया आग्रह

अनंत ज्ञान, नादौन

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा सरकारी व संबद्धता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों को पत्र लिखा है कि शिक्षा बोर्ड द्वारा छात्रों व अभिभावकों एवं स्कूलों की सुविधा के लिए प्रत्येक जिले में पुस्तक विक्रय केंद्र व उनके अधीन पुस्तक विक्रेताओं को पुस्तकों को विक्रय करने हेतु प्राधिकृत किया गया है।

शिक्षा बोर्ड द्वारा पुस्तक विक्रेताओं के लाइसेंस भी बनाए हैं जो कि अच्छी बात है, लेकिन खेद का विषय है कि पुस्तक विक्रय केंद्रों द्वारा निजी स्कूलों को फोन करके पढ़ रहे बच्चों का विवरण व पाठ्य पुस्तकें पुस्तक विक्रय केंद्र या पुस्तक विक्रेताओं से खरीदने व अपने स्कूल में पढ़ रहे बच्चों को आवंटित करना सुनिश्चित करने को कहा जा रहा है, जिससे स्थानीय पुस्तक विक्रेताओं को काफी नुकसान होगा। पुस्तक विक्रेताओं का कहना है कि ऐसे में पुस्तक विक्रेताओं को लाइसेंस जारी करने का भी कोई औचित्य नहीं रह जाता है। इस संदर्भ में बुक सेलर विनोद पठानिया, रोहित, सचिव आदि ने कहा कि इस संदर्भ में शिक्षा बोर्ड के पत्र लिखकर आग्रह किया है कि इस निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए क्योंकि यह निर्णय स्थानीय विक्रेताओं के व्यवसाय को गंभीर रूप से प्रभावित करेगा।

इस निर्णय से ऐसा लगता है कि स्कूल पुस्तकों और स्टेशनरी सहित सभी आवश्यक वस्तुएं प्रदान करेगा जिससे स्वतंत्र विक्रेताओं के सामान की मांग कम हो जाएगी। परिणाम स्वरूप इससे स्थानीय किताबों की दुकानों और विक्रेताओं को काफी वित्तीय नुकसान होगा। पुस्तक विक्रेता केंद्र हमीरपुर के प्रभारी विनीत कुमार का कहना है कि प्राइवेट स्कूलों से बच्चों की डिटेल मांगी जा रही है। उन्हें प्राइवेट स्कूलों से खरीद की जाने वाली पुस्तकों का बिल भी देने को कहा जा रहा है। उन्हें लाइसेंस होल्डर पुस्तक विक्रेताओं से पुस्तक खरीदने से नहीं रोका जा रहा है।

**दादागिरी** टिहरी गांव में पानी की निकासी नाली मिट्टी से हो गई बंद, वाहन चालक परेशान

# अतिक्रमण से सठवीं-दखयोड़ा सड़क बनी तालाब

एसके ठाकुर, बड़सर

पीडब्ल्यू डी विभाग के अधिकारियों की खामोशी वाहन चालकों व आम लोगों पर भारी पड़ रही है। ऐसा क्या कारण है की लोक निर्माण के आला अधिकारी सड़कों के किनारे हो रहे अतिक्रमण पर क्यों नहीं बोलते, उनकी ऐसी क्या मजबूरी है? बिझड़ी घोड़ी धवीरी, सठवीं दखयोड़ा सड़क मार्ग पर जिसका दिन कर, वहीं सड़क के किनारों को सिकोड़ने में लगा हुआ है। नतीजा कहीं लोगों को सड़क पर बने तालाब से होकर गुजरना पड़ता है तो कहीं सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण के कारण वाहन चालक हादसों का शिकार होना पड़ रहा है।



उपमंडल बड़सर की कई सड़कों का नजारा देखकर ऐसा लगता है कि वाक्य ही यहां व्यवस्था परिवर्तन हो रही है। सठवीं-दखयोड़ा सड़क पर टिहरी गांव के पास सड़क को तालाब में परिवर्तित कर दिया गया है। यह तालाब वाहन चालकों सहित राहगीरों को तो परेशान कर ही रहा है, साथ ही पक्की सड़क को भी बेहाल किए हुए है। दूसरी तरफ डुगाड शनि मंदिर के पास भी ऐसा ही हाल है। अतिक्रमण कार्यों ने सड़क के किनारे लगाएंगे पैरापिट के ऊपर अतिक्रमण कर रखा है, लेकिन मोनी बाबा बना लोक निर्माण विभाग कुछ नहीं बोलना चाहता, पता नहीं उसकी ऐसी क्या मजबूरी है।

दूसरी तरफ स्थानीय प्रधान भी यह कहते हैं अतिक्रमणकारी किसी की सुनते ही नहीं हैं। इस मामले में सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत होने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। बता दें कि बड़सर उपमंडल के सठवीं पंचायत के गांव टिहरी में एक व्यक्ति द्वारा सड़क निकासी के पानी को रोकने का मामला सामने आया है। पिछले 15 दिन से सड़क पर मिट्टी फेंकी जा रही है और पानी की निकासी बंद कर दी गई है। मिट्टी फेंकने से बारिश का सारा पानी एक जगह इकट्ठा हो गया है, जिससे पैदल चलने वाले राहगीरों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

बिडंबना देखिए की फेंकी गई मिट्टी को हटाने के लिए विभाग को पसीना आ रहा है। सड़क के किनारे पर मिट्टी डालने की शिकायत पंचायत तक पहुंची तो व्यक्ति को वहां मिट्टी फेंकने से रोकने की हिदायत भी दी, लेकिन वार्ड पंच की चेतावनी को भी हलके में लेते हुए मिट्टी फेंकने का क्रम जारी रहा। इसके बाद विभाग के अधिकारी मौके पर गए तो उखड़ी सड़क की टारिंग देख उन्होंने भी चुप्पी साध ली। गौर हो कि सरकार के फरमानों के अनुसार कोई भी व्यक्ति सड़क, पानी, और बिजली जैसी सुविधाओं को नहीं रोक सकता है, बावजूद इसके टिहरी गांव में सरेआम कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

सठवीं गांव की प्रधान बलविंदर कौर ने बताया की उक्त व्यक्ति को कई मर्तबा हिदायत दी गई है कि सड़क किनारे पर मिट्टी न फेंके, लेकिन इसके बाद भी सड़क के किनारे मिट्टी फेंक कर अतिक्रमण किया जा रहा है। इससे पानी सड़क पर ही इकट्ठा होकर सड़क तालाब बन गई है। वहीं, अधिशाषी अभियंता राजिंदर कुमार ने कहा कि मामला ध्यान में है, उचित कार्रवाई की जाएगी। वहीं, विभागीय कनिष्ठ अभियंता राकेश कुमार ने कहा कि सरकारी काम में बांधा डालने वाले को नोटिस दिया जाएगा लेकिन तालाब बनी सड़क कब ठीक होगी, यह बताने वाला कोई नहीं है। (अनंत ज्ञान)

# हमीरपुर कॉलेज के विद्यार्थियों को रोजगार की संभावनाओं पर दी जानकारी



अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में वीरवार को करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सैल के माध्यम से छात्रों के लिए रोजगार की संभावनाओं पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। बद्दी की इमर्जिंग साइंस एंड टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी के प्रबंधकीय अध्ययन विषय के डीन व प्रोफेसर डॉ. अरुण कांत ने छात्रों को भविष्य में रोजगार की संभावनाओं से अवगत करवाया।

उन्होंने बताया कि छात्रों के लिए हर क्षेत्र में रोजगार के अपार अवसर हैं। उन्हें बताया कि छात्रों को एकाग्रचित होकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। इस अवसर पर सीपीसी के समन्वयक डॉ. संजय कानूनगो, सदस्य सचिव प्रोफेसर डॉ. संजीत सिंह, प्रो. लवली राणा, प्रो. संजय कुमार, प्रो. पंकज सहित संकमण छात्र-छात्रा में उपस्थित रहे। कॉलेज के प्राचार्य प्रमोद पटियाल ने बताया कि कॉलेज के छात्रों को रोजगार के अवसरों के बारे में अवगत करवाने के लिए कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं, जिससे छात्र अपना भविष्य संवारने के लिए उस दिशा में आगे बढ़ सकें। उन्होंने बताया कि 3 मार्च को भी रोजगार की संभावनाओं पर कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

**3 मार्च को भी आयोजित की जाएगी करियर की संभावनाओं पर कार्यशाला**

## न्यूज ब्रीफ

### दो व्यक्तियों से 2 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सदर थाना हमीरपुर की टीम ने गश्त के दौरान राज कुमार पुत्र प्रेम सिंह निवासी शिव नगर हमीरपुर व सूरज निम्मा पुत्र दोरजे लामा हाल किरायेदार नजदीक मटन बाईपास पुल हमीरपुर के कब्जा से 2 ग्राम हेरोइन चिट्टा बरामद किया गया। थाना प्रभारी यादेश ने बताया कि दोनों व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### तिब्बतियों ने धूमधाम से मनाया लोसर पर्व



**सीमा शर्मा, मैक्लोडगंज।** तिब्बती नववर्ष पर तिब्बतियों द्वारा मैक्लोडगंज में तीन दिनों लोसर पर्व मनाया गया। तीन दिनों तक पर्व के दौरान निर्वासित तिब्बतियों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम किए जाते हैं। पहले दिन लामा लोसर मनाया जाता है कि जो कि धार्मिक अनुष्ठानों के लिए समर्पित है। दूसरा दिन ग्यालपो लोसर, यह दिन पारंपरिक रूप से तिब्बती सरकार और नेताओं के सम्मान से जुड़ा है। तीसरा दिन चो-क्योंग लोसर, इस दिन, तिब्बती लोग जुनिपर की शाखाओं को जलाकर और धार्मिक अनुष्ठान करके चो-क्योंग (स्थानीय रक्षक देवता) को प्रसाद चढ़ाते हैं। नववर्ष पर निर्वासित तिब्बतियों द्वारा धर्मगुरु दलाईलामा का आशीर्वाद लिया जाता है, यदि धर्मगुरु यहां न हों तो चुगलाखंग बौद्ध मठ में पूजा की जाती है। नववर्ष पर निर्वासित तिब्बती खाने की शुरूआत मीठे चावलों से करते हैं। इसके अतिरिक्त विशेष तौर पर नववर्ष पर खपसे बनाए जाते हैं। वहीं, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने निर्वासित तिब्बती समुदाय को लोसर पर्व की बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि तिब्बती समुदाय के लोग आपसी सदभाव व भाईचारे के साथ हिमाचल में रह रहे हैं। सीएम ने कामना करते हुए कहा कि लोसर हम सभी के जीवन में सुख व समृद्धि लेकर आए।

### शिमला से तारादेवी मंदिर तक सिर्फ 70 रुपए में रोपवे से कर सकेंगे सफर

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राजधानी शिमला में बनने वाले विश्व के दूसरे और भारत व एशिया का सबसे लंबा रोपवे के लिए अभी इंतजार करना पड़ेगा। हिमाचल प्रदेश रोपवे ट्रांसपोर्ट डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (आरटीडीसी) ने इसके टेंडर को खोलने की तिथि एक बार फिर बढ़ा दी है। अब 10 मार्च को यह टेंडर खोला जाएगा। कई अंतरराष्ट्रीय कंपनियां कंपटीशन के लिए आएंगी। सूत्रों की माने तो कंपनियों ने ही आरटीडीसी से इसकी तिथि को दस मार्च तक बढ़ाने की मांग की है। यह दूसरा मौका है जब टेंडर खोलने की तिथि को और आगे बढ़ाया गया है। यह प्रोजेक्ट 1734.40 करोड़ का है। इसलिए सरकार भी इसमें किसी भी तरह का रिस्क नहीं उठाना चाहती। आरटीडीसी ने इसका किराया प्रस्तावित कर दिया है। बसों का 4 किलोमीटर का जो किराया होगा वह इसमें 1 किलोमीटर का किराया होगा। करीब 70 रुपए का किराया होगा। किराये की इस दर को तभी अंतिम रूप दिया जाएगा जब यह रोपवे शुरू हो जाएगा। अभी यह प्रस्तावित किया गया है। तारादेवी से शिमला के बीच बनने वाले रोपवे की लंबाई 13.79 किलोमीटर होगी। इसके निर्माण पर 1734.40 करोड़ रुपए खर्च होंगे। रोपवे से शहर के 15 स्टेशन जोड़े जाएंगे। पहले इसका निर्माण कार्य 1 मार्च से शुरू करने की तैयारी थी।

# 4000 पटवारी-कानूनगो हड़ताल पर

## दफ्तरों में लटके ताले, बच्चों को नहीं मिल रहे सर्टिफिकेट

**अनंत ज्ञान टीम, शिमला/धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश में पटवारी-कानूनगो स्टेट कैडर बनाए जाने पर भड़क उठे हैं और इन्होंने अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान कर दिया है। प्रदेश के 4000 से ज्यादा पटवारी कानूनगो वीरवार को भी सामूहिक अवकाश पर रहे। इससे दफ्तरों में दूसरे दिन भी ताले लटके हुए हैं। इनकी हड़ताल से हजारों लोग परेशान हैं।

खासकर अलग-अलग प्रतियोगी परीक्षाएं देने वाले बच्चों को विभिन्न प्रकार से सर्टिफिकेट नहीं मिल पा रहे हैं। काउंसलिंग, एडमिशन और अलग-अलग पेपर के लिए हिमाचली बोनोफाइड, इनकम, लैंड-लेस, जाति प्रमाण पत्र, ओबीसी जैसे सर्टिफिकेट की जरूरत होती है। मगर पटवारी-कानूनगो के स्ट्राइक पर जाने से बच्चों को ये सर्टिफिकेट नहीं मिल पा रहे हैं।

हालांकि राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने दो दिन पहले इन्हें काम पर लौटने और वार्ता के लिए हर वक्त सरकार के दरवाजे खुले होने की बात कही थी। मगर अब तक सरकार ने इन्हें वार्ता के लिए नहीं बुलाया।

हिमाचल पटवारी कानूनगो संयुक्त एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश चौधरी ने बताया कि जब तक उनकी मांगे नहीं मान ली जाती, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। पटवारी-कानूनगो की भर्ती जिला कैडर में हुई है। अब स्टेट कैडर बना दिया गया। राजस्व विभाग के माध्यम से तरह तरह की ऑनलाइन सेवाएं ली जा रही है। मगर कंप्यूटर इंटरनेट जैसी सुविधाएं नहीं दी जा रही है। राजस्व विभाग के माध्यम से मिलने वाली 39 प्रकार की सेवाएं आज ठप पड़ी है। हड़ताल से लोगों को इनकी सेवाएं नहीं मिल पा रही है। राज्य सरकार ने बीते साल पटवारी-कानूनगो को स्टेट कैडर में डालने का फैसला लिया था। तब भी हिमाचल संयुक्त पटवार एवं कानूनगो संघ ने एक सप्ताह से अधिक समय तक अनिश्चितकालीन हड़ताल की थी। सरकार के आश्वासन पर इन्होंने अपनी हड़ताल को खत्म किया था।



### मंत्री नेगी बोले- जल्द निकालेंगे समाधान

**राजस्व** मंत्री जगत सिंह नेगी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जल्द कोई समाधान निकाल दिया जाएगा। बच्चों को जो सर्टिफिकेट नहीं मिल पा रहे हैं, उनका कुछ विकल्प देखा जाएगा, ताकि बच्चों को परेशानी न हो।

### स्टेट कैडर में डाले पटवारी-कानूनगो

**राज्य** सरकार ने बीते सप्ताह ही पटवारी-कानूनगो को स्टेट कैडर में तबदील करने की फाइनल नोटिफिकेशन जारी कर दी है। इस फैसले के मुताबिक पटवारी और कानून को जिला से बाहर राज्य में कहीं भी ट्रांसफर किया जा सकेगा। जिला कैडर में जिला से बाहर ट्रांसफर करने का प्रावधान नहीं था। इनके भर्ती एवं पदोन्नति नियम भी जिला कैडर के है। इसी वजह से पटवारी कानूनगो स्टेट कैडर का विरोध कर रहे हैं। इनका कहना है कि स्टैड कैडर बनने से उनकी प्रमोशन भी प्रभावित होगी।

# समस्या का समयबद्ध निवारण प्रदेश सरकार की प्राथमिकता: डॉ. शांडिल



ज़िला स्तरीय शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निवारण प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। डॉ. शांडिल वीरवार को यहां जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि जिला शिकायत निवारण समिति के गैर-सरकारी सदस्य पूरे जिला के जन-जन की समस्याओं से परिचित हैं और उनके द्वारा प्रस्तुत मदों को निश्चित समयावधि में सुलझाने का प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर समस्या का समाधान किया जा सकता है और इस दिशा में अधिकारियों, कर्मचारियों और आमजन को राजनीतिक नेतृत्व के साथ मिलकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदेश सरकार के निर्णय अनुसार जिले में चकौता धारकों को भूमि का मालिकाना हक दिए जाने के मामलों को निर्धारित समयावधि में निपटाया जाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग के फोरलेन कार्य के कारण विभिन्न स्थानों पर पारम्परिक जल स्त्रोतों इत्यादि को हुई क्षति का संज्ञान लिया जाए और यह सुनिश्चित बनाया जाए कि सभी जल स्त्रोत सुरक्षित हों। स्वास्थ्य मंत्री ने निर्देश दिए कि गोयला-नालागढ़, नालागढ़-गोयला, गोयला-परवाणू तथा परवाणू-गोयला मार्ग पर प्रदेश पथ परिवहन निगम की बसों की आवाजाही सुचारु की जाए।

उन्होंने आश्वासन दिया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धर्मपुर में मार्च माह के अंत तक अल्ट्रा साउंड मशीन स्थापित कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश एवं जिला में स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न खाली पड़े पदों को चरणबद्ध आधार पर भरा जा रहा है। यह सुनिश्चित बनाया जा रहा है कि सभी स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक पद भरे हों।

सोलन विधानसभा क्षेत्र के नौणी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण के लिए औपचारिकताएं 15 मार्च तक पूर्ण की जाएं। उन्होंने कंडाघाट उपमंडल में क्यारी-खिन्ना संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य को 15 मार्च तक आरंभ करने के निर्देश दिए।

# शिमला में पति ने पत्नी को दी मिर्च की धूनी

**अनंत ज्ञान, शिमला**



देवभूमि हिमाचल के शिमला में एक व्यक्ति ने अपनी ही पत्नी और बच्चों को मिर्च का धुंआ लगाया। इससे पत्नी और उसके दोनों बच्चों का कमरे में दम घुटने लगा और सांस लेना मुश्किल हो गया। पत्नी और बच्चों ने किसी तरह कमरे का दरवाजा तोड़ा। तब जाकर तीनों बाहर निकले। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

यह मामला शिमला जिला के सुन्नी क्षेत्र का है। सुन्नी के चनावग गांव की डिंपल ने अपने पति टेकचंद पर घरेलू हिंसा के गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि कि उसका पति टेक चंद उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है। बीते 25 फरवरी की रात करीब 9 बजे उसके पति टेक चंद ने शराब के नशे में उसके साथ झगड़ा किया।

इसके बाद टेकचंद ने एक थाली में आग जलाकर उसमें मिर्च डाल दी और पत्नी के कमरे की खिड़की पर रख दिया। फिर बाहर से कमरे का दरवाजा बंद कर दिया।

तब कमरे के भीतर महिला और उसके 7 व 12 साल के दो बेटे भी शामिल थे। मिर्च के धुंए से तीनों का दम घुटने लगा। तीनों ने कड़ी मशक्कत के बाद कमरे का दरवाजा तोड़ा और बाहर निकले। बुधवार को पीड़ित महिला ने सुन्नी पुलिस थाना में शिकायत दी। पुलिस के अनुसार, पहले भी टेकचंद कई बार अपनी पत्नी को पीटता रहा है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर टेकचंद के खिलाफ एफआईआर कर ली है। पुलिस ने जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी का दावा किया है।

# हिमाचल में कांग्रेस की हालत 'आप' जैसी: सहजल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा प्रदेश के उपाध्यक्ष एवं पूर्व सरकार में मंत्री डॉ. राजीव सहजल ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हाल ही में दिल्ली विधानसभा में सीएजी की रिपोर्ट पेश कर दी है। रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि आम आदमी पार्टी (आप) के शासनकाल के समय शराब नीति बदलने से दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान हुआ है।

राजीव ने कहा कि सीएजी रिपोर्ट सामने आने के बाद शराब नीति बदलने के कारण 2 हजार 900 करोड़ रुपए के नुकसान की बात सामने आई है। आम आदमी पार्टी की 10 साल तक दिल्ली में सरकार रही, लेकिन उन्होंने एक बार भी सीएजी की रिपोर्ट को सदन में पेश नहीं किया, यह हैरानी की बात है। सीएजी रिपोर्ट में मुख्यतौर पर 4 हजार 400 करोड़ रुपए के घोटाले का पता चला है। सीएजी ने भी माना है कि 4 हजार करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ है। केजरीवाल ने अपने दोस्तों को शराब कारोबार का काम दिया। दिल्ली में पहले 101 लोग शराब का कारोबार करते थे, लेकिन अब 12 लोगों तक ही इसे सीमित कर दिया गया, इसमें तीन लोगों के पास 71 फीसदी शराब कारोबार की जिम्मेदारी थी। बाद में वे तीनों केजरीवाल के साथ जेल भी गए। उन्होंने अपने दोस्तों को शराब का काम देने के लिए शराब नीति में बदलाव किया था।

### भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी सरकार ऑन सेल की व्यापक चर्चा



उन्होंने कहा कि हिमाचल में भी हालात कुछ दिल्ली भ्रष्टाचार मामलों जैसे है, एक के बाद एक भ्रष्टाचार के मामले हिमाचल में जनता के समक्ष आ रहे है। प्रदेश की जनता हिमाचल में कांग्रेस राज से परेशान है, हिमाचल ऑन सेल की व्यापक चर्चा प्रदेश की जनता में अभी भी बनी हुई है। हिमाचल के सरकारी होटल से लेकर सरकारी संस्थानों को लगातार बेचना का प्रयास किया जा रहा है।

# हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को 58 वर्ष आयु में सेवानिवृत्ति करने पर लगाई रोक

**विधि संवाददाता, शिमला**

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को 60 वर्ष की जगह 58 वर्ष की आयु में सेवानिवृत करने पर रोक लगाने के आदेश जारी किए है। शिक्षा विभाग की ओर से इस आधार पर याचिकाकर्ता के दावे को नकारने का प्रयास किया जा रहा था कि सर्वोच्च न्यायालय ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा बनाम भगवान सिंह मामले में दिए हाईकोर्ट के आदेश पर अंतरिम रोक लगाई है। इस मामले में हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता को 58 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त नहीं करने का निर्देश जारी किया गया था।



न्यायाधीश संदीप शर्मा ने प्रार्थी की सेवानिवृत्ति पर रोक लगाते हुए कहा कि सरकार ऐसा कोई आदेश पेश नहीं कर पाई है जिसके तहत सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाईकोर्ट की खंडपीठ द्वारा सीडब्ल्यूपी संख्या 2274/2021 में सत्या देवी बनाम हिमाचल प्रदेश राज्य एवं अन्य, के रूप में दिनांक 28 मई 2024 को पारित निर्णय पर रोक लगा दी गई हो। इस फैसले के तहत समान स्थिति वाले व्यक्तियों को 60 वर्ष की आयु तक सेवा में बने रहने का अधिकार दिया गया है।

कोर्ट ने याचिकाकर्ता रमेश चंद को 58 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त करने के शिक्षा विभाग के इरादे को गलत माना और प्रतिवादियों को निर्देश दिया कि वे याचिकाकर्ता को याचिका के निपटारे अथवा उस महीने के अंतिम दिन तक सेवा जारी रखने की अनुमति दें, जिसमें वह सेवानिवृत्ति की 60 वर्ष की आयु प्राप्त करेगा। प्रार्थी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सेरा के तहत राजकीय उच्च पाठशाला भवारन जिला हमीरपुर में चपरासी के रूप में कार्यरत है।

उल्लेखनीय है कि हाईकोर्ट की खंडपीठ ने सत्या देवी बनाम हिमाचल प्रदेश मामले में सेवानिवृत्ति आयु को लेकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने सरकार को आदेश दिए हैं कि सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीयों को 60 वर्ष की आयु पूरा करने पर ही सेवानिवृत्त किया जाए। हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण व्यवस्था देते हुए स्पष्ट किया है कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से सेवानिवृत्ति की आयु को लेकर किया जा रहा भेदभाव गैर-कानूनी है, इसलिए जो भी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी 10 मई 2001 के बाद सरकारी सेवाओं में लगे है उन्हें भी अब 60 वर्ष की आयु पूरी करने पर सेवानिवृत्त किया जाएगा।

कोर्ट ने सरकार को आदेश दिए हैं कि जिन कर्मचारियों को 60 वर्ष की आयु से पहले रिटायर कर दिया गया है उन्हें वापस नौकरी के लिए वापिस बुलाए और उन्हें 60 वर्ष की आयु पूरी करने पर ही रिटायर करे। प्रार्थी ने इन आदेशों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए उसे 60 वर्ष की आयु तक सेवा जारी रखने के आदेशों की मांग की है।

### नौकरी का झांसा देकर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी गिरफ्तार



**अनंत ज्ञान, बद्दी।** जिला बद्दी पुलिस ने नौकरी का झांसा देकर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान निखिल ठाकुर पुत्र लेख राम निवासी गांव गढ़खल, जिला सोलन से हुई। जानकारी के अनुसार सुनील कुमार निवासी सरेला, जिला सोलन ने पुलिस को दी थी कि निखिल ठाकुर ने इसकी भांजी को मिलट्री इंजनियरिंग सर्विसेज में क्लर्क व चालक की नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करके कुल 2,15,000 रुपए ठग लिए थे। जबकि कई दूसरे लोगों से लगभग 12,70,000 रुपए ठग चुका है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दभोटा चौकी के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड हासिल किया है जिससे पूछताछ की जा रही है।

# अधर में लटकी 1,423 पदों की भर्ती प्रक्रिया

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

सवाल: युवाओं की उम्मीदों को कब करेगी सरकार पूरा

अनंत ज्ञान विशेष

जब कोई सपना उम्मीदों और संघर्ष से जुड़ा होता है, तो उसका टूटना हर किसी के लिए एक गहरी निराशा और चिंता का कारण बनता है। ऐसे ही स्थिति का सामना कर रहे हैं हिमाचल प्रदेश के बेरोजगार युवा, जो सरकारी नौकरियों के लिए कई महीनों से इंतजार कर रहे हैं। 80 पोस्ट कोड के तहत 1,423 पदों की भर्ती प्रक्रिया, जो उनके जीवन की दिशा तय कर सकती थी बेरोजगारों के लिए निराशा का सबब बन गई है। ये पद विभिन्न विभागों, बोर्ड और निगमों में भरे जाने थे, लेकिन हालात ऐसे बने कि ये भर्तियां अभी भी अधर में लटकी हुई हैं।

80 पोस्ट कोड के तहत 1,423 पदों की भर्ती युवाओं के लिए एक नई उम्मीद बन सकती थी, लेकिन अब तक सिर्फ लंबा इंतजार बनकर रह गई है। इन युवाओं ने कड़ी मेहनत, संघर्ष और अपने सपनों का हर पल इस मौके पर लगा दिया था, लेकिन अब दो साल से अधिक समय हो चुका है और उनका इंतजार थमने का नाम नहीं ले रहा है। दिसंबर 2022 में पेपर लीक के बाद आयोग का निलंबन हुआ और उसके बाद से ये भर्तियां अटक गईं। सरकार ने राज्य चयन आयोग का गठन किया, लेकिन इसके बावजूद इन युवाओं को उनके हक का कोई ठोस फैसला नहीं मिला। आयोग ने अब भर्तियों के लिए कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) का प्रस्ताव रखा है और अभ्यर्थियों को आयु सीमा में दो साल की छूट देने की सिफारिश भी की है, लेकिन सवाल यह है कि क्या यह इंतजार अब भी जारी रहेगा? क्या उन सभी युवाओं की उम्मीदों को सरकार पूरा करेगी जो अपने भविष्य के लिए, अपने परिवार के लिए इस मौके का इंतजार कर रहे हैं? क्या यह सिर्फ एक और आश्वासन होगा या फिर उनकी मेहनत और संघर्ष का फल मिलेगा? राज्य चयन आयोग ने इस बार भी पत्राचार किया है, लेकिन सरकार की ओर से कोई ठोस दिशा नहीं मिली है।

यह कोई साधारण भर्ती प्रक्रिया नहीं है, यह उन युवाओं का सपना है, जो एक मौका चाहते हैं, ताकि वे अपने परिवार की उम्मीदों पर खरे उतर सकें और समाज में अपना एक स्थान बना सकें। हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग के सचिव विक्रम महाजन ने भी यह कहा है कि सरकार से पत्राचार किया गया है और सरकार के निर्देशों पर ही आगे का रास्ता तय होगा। आयोग जल्द ही सिंगल विंडो सिस्टम को लागू करेगा, जिससे प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया जाएगा, लेकिन क्या यह सिफारिशें और इंतजार इन युवाओं को वह न्याय दे पाएंगे।

**आप इस स्टोरी को हमारे फेसबुक पेज और यूट्यूब चैनल पर देख सकते हैं। देखने के लिए अनंत ज्ञान के पेज और चैनल को सब्सक्राइब करें।**

# प्रदेश को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लें मुख्यमंत्री: प्रवीण

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** रोजाना अखबारों में कहीं न कहीं चिट्टा पकड़े जाने की छपी खबरों ने तमाम बच्चों के अभिभावकों को आहत करके रख दिया है। हर मां-बाप प्रतिदिन इस प्रकार की खबरों को पढ़कर बेहद परेशान अर्थात भयभीत हैं कि कहीं उनके बच्चे भी नशे की लत में न पड़ जाएं। यह प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए समाजसेवी एवं पालमपुर के पूर्व विधायक प्रवीण कुमार ने कहा कि राजनीतिक इच्छा शक्ति के बिना जब तक कार्यपालिका के ऊपर सरकार का सख्त रुख एवं दबाव नहीं होगा तब तक इन समाज द्रोहियों के ऊपर नकेल नहीं कसी जा सकती।



उन्होंने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उदाहरण देते हुए कहा कि भगवान के बाद दूसरी ताकत सरकार होती है। ऐसे में योगी की तरह इस ताकत का इस्तेमाल करके सर्वप्रथम चिट्टा तस्करों का जड़ से सफाया किया जाए। उन्होंने हैरानगी प्रकट करते हुए कहा हिमाचल जैसे छोटे से प्रदेश में भीखारियों की भी बहुत संख्या बढ़ गई है। इनकी भी स्थानीय प्रशासन के माध्यम से गणना करवाई जाए कि यह इतनी घुसपैठ कहां से हो रही है। पूर्व विधायक ने कहा अगर वाक्य ही ये भिखारी प्रदेश से संबंधित हैं तो इन्हें गणना के आधार पर इनकी रोजी-रोटी का बंदोवस्त करके भीख मुक्त किया जाए। अगर ये बाहर के हैं तो इन्हें डोनाल्ड ट्रंप की तरह जहां से आए हैं वहां छोड़ने की व्यवस्था की जाए। अन्यथा जब किसी चौराहे, बस अड्डु, रेलवे स्टेशन, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे व चर्च के बाहर ये भिखारी भीख मांगते हैं तो बाहर से आने वाला पर्यटक इन्हें भूखे प्रदेश का भिखारी संज्ञा देता है।

# मंत्री अनिरुद्ध ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

## बोले- मोदी को खुद पता नहीं होगा कि कहां पैदा हुए, जहां इलेक्शन, वहीं के हो जाते हैं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल प्रदेश के पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। शिमला में गुरुवार उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को खुद पता नहीं होगा कि वह कहां पैदा हुए। उन्होंने कहा कि बिहार में इलेक्शन चल रहे हैं। अभी वह (प्रधानमंत्री) बोल रहे हैं कि मैं तो यहीं पैदा हुआ।

अनिरुद्ध ने कहा कि पीएम जिस स्टेट में इलेक्शन होते हैं, वहीं के सिटीजन हो जाते हैं, वहीं का खाना-पीना शुरू कर देते हैं। हिमाचल आएंगे तो वह प्रधानमंत्री मोदी का दूसरा घर हो जाता है। बिहार में शुरू कर दिया है कि मेरा तो फेवरेट खाना यही (बिहार) का है। हिमाचल आते हैं तो यहां की सेपू बड़ी की बातें करते हैं।

दरअसल, अनिरुद्ध सिंह शिमला में गुरुवार को केंद्र की ओर से मिलने वाली आर्थिक मदद को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे। इस दौरान एक पत्रकार के सवाल पर मंत्री ने यह बात कही।

उन्होंने कहा कि साल 2021-22 केंद्र से हिमाचल को रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट (आरडीजी) में 10300 करोड़ मिल रहे थे, जो कि 2025-26 में कम होकर 3257 करोड़ रह जाएंगे। संघीय ढांचे में ऐसा नहीं होना चाहिए।

अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि हिमाचल को 2017 के बाद से हर साल जीएसटी कॉम्पेनसेशन के तौर पर 3000 करोड़ रुपए से ज्यादा मिल रहे थे। मगर जुलाई 2022 में यह राशि भी बंद कर दी गई। हिमाचल की पूर्व भाजपा सरकार ने जब रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट 10 हजार करोड़ से ज्यादा और 3000 करोड़ से ज्यादा जीएसटी कॉम्पेनसेशन मिल रहा था, उस दौरान कर्मचारियों व पेंशनर का एरियर नहीं लौटाया। उल्टा चुनाव जीतने के लिए 5000 करोड़ रुपए से ज्यादा की मुफ्त रेवडियां बांटकर हिमाचल की अर्थव्यवस्था को खराब किया।

### आपदा में भी नहीं की मदद

**अनिरुद्ध** ने कहा कि 2023 में हिमाचल में सदी की सबसे भीषण आपदा आई। मगर केंद्र से राहत राशि के तौर पर एक भी पैसा नहीं मिला।

## यह कैसी व्यवस्था

## डाइट में टीचर्स की ट्रेनिंग का शेड्यूल समझ से परे

# एग्जाम सिर पर, स्टूडेंट्स का यह कैसा ट्विनिंग प्रोग्राम!

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

स्टूडेंट्स की सालाना परीक्षाओं के एग्जाम सिर पर हैं, लेकिन शिक्षा विभाग को इससे क्या लेना देना? विभाग ने ट्विनिंग प्रोग्राम के तहत स्टूडेंट्स को प्राइवेट स्कूलों में 5 दिन के लिए कुछ न कुछ लर्निंग करने के लिए भेजने का जो शेड्यूल जारी किया हुआ है, वह व्यवस्था की पोल खोल रहा है। यही नहीं, सरकारी स्कूलों के टीचर्स इन दिनों संबंधित जिलों की डाइटों में प्रशिक्षण के लिए भी बुलाए जा रहे हैं। इसके शेड्यूल भी जारी हो गए हैं।

दरअसल, शिक्षा विभाग के पास एक ऐसा बजट पहुंचता है, जो वित्तीय वर्ष के आखिरी दौर में खर्च करना अनिवार्य हो जाता है। इसका फायदा स्टूडेंट और टीचर्स को हो रहा है, या नहीं? इससे उसे कुछ भी लेना-देना नहीं होता, क्योंकि 31 मार्च से पहले उसके पास मौजूदा बजट उसे खर्च करना होता है। वह जैसे भी खर्च हो, बच्चों के चाहे एग्जाम सिर पर हों, या उनका 'पीक टाइम' हो। स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर (एसएसए) के हवाले से प्रदेश भर के सीनियर सेकेंडरी सभी स्कूलों को एक ऐसा सर्कुलर जारी हुआ है, जिसमें कहा गया है कि वे अपने स्कूल के प्लस टू स्तर के बच्चों का अपने आसपास के दूसरे स्कूलों का दौरा करवाएं। जिनमें प्राइवेट स्कूल या फिर केंद्रीय विद्यालय हों।

यह सिलसिला पिछले एक महीने से जारी है, लेकिन इस प्रयास की सबसे बड़ी दिक्कत या है कि केवल सरकारी स्कूलों के बच्चे प्राइवेट या केंद्रीय विद्यालयों में पहुंच रहे हैं। वहां के वातावरण को परख रहे हैं, लेकिन उन स्कूलों के बच्चे सरकारी स्कूल में नहीं आ रहे। यानी फिलहाल यह प्रोग्राम एक तरफा चल रहा है। मतलब साफ है कि इसका बच्चों पर गलत इंपेक्ट भी हो सकता है। प्राइवेट स्कूल में पहुंचकर बच्चे वहां के स्तर को देखकर अपने स्कूल को कोसेंगे। इससे सरकारी स्कूलों को कितना फायदा होगा? महज इनके साथ टीचर भी जा रहे हैं 4 से 6 दिन वहां रोजाना जाएंगे। पीछे से उस क्लास का भी नुकसान होगा, जिसे वे भी पढ़ाते हैं। यही नहीं हिमाचल के लगभग सभी स्कूलों में आजकल स्कूल टीचर्स के लिए एक कार्यक्रम भी चल रहा है, जहां उनकी स्पेशल ट्रेनिंग हो रही है। कोई पूछे, 5 दिन के बाद हिमाचल में बोर्ड की परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं और विशेष कार्यक्रम के तहत टीचर्स को संबंधित जिलों की डाइट्स में बुलाने का कार्यक्रम तय हो चुका है। क्या ऐसी योजनाएं केवल 31 मार्च तक पैसे को खर्च करने तक ही सीमित होकर नहीं रह गई हैं। ट्रेनिंग भी 10-10 दिन की है। जनवरी से शुरू हैं और अभी भी जारी हैं। (अनंत ज्ञान)

### सरकारी स्कूलों के बच्चे जाएं प्राइवेट स्कूलों में सीखने



अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

ही अंदाजा लगाया जा सकता है, लेकिन सरकारी स्कूलों की समस्या यह है कि बजट को 31 मार्च से पहले खर्च करना है, वह जैसे भी हो चाहे। अब साल भर तो इस तरह का प्रोग्राम सत्र शुरू होने के समय संबंधित स्कूलों को भेजा नहीं जाता जब एग्जाम का समय नजदीक आता है या फिर बच्चों की पढ़ाई का ऐन वक्त होता है। विभाग आनन-फानन में ऐसे आदेश जारी कर सवाल खुद ही खड़े कर रहा है।

कई सरकारी स्कूलों के बच्चे हमीरपुर ही नहीं, प्रदेश के लगभग सभी जिलों में प्राइवेट स्कूलों में विजट कर रहे हैं।

### क्या कहते हैं हमीरपुर के डिप्टी डायरेक्टर माही

**शिमला** में उच्च स्तर के अधिकारी फोन नहीं उठा रहे, लेकिन हमीरपुर के डिप्टी डायरेक्टर माही राम चौहान का कहना है कि स्टूडेंट को लर्निंग के उद्देश्य से भेजा जा रहा है। अभी प्राइवेट स्कूलों के बच्चे तो शुरू नहीं हुए हैं और ज्यादा डिटेल में अभी बता भी नहीं सकते। मगर ऐसा हो रहा है, क्योंकि उच्च स्तर से बच्चों को दूसरे स्कूलों में इंफ्रास्ट्रक्चर और वहां की व्यवस्थाओं को नजदीक से जानने के लिए यह प्रोग्राम बनाया गया है, जिसे इंप्लीमेंट किया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### टांडा फायरिंग रेंज में सेना आज सुबह 8 से रात 10 बजे तक करेगी फायरिंग अभ्यास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सहायक आयुक्त सुभाष गौतम ने वीरवार को धर्मशाला में जानकारी देते हुए बताया कि टांडा फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय सेना द्वारा 28 फरवरी को सुबह 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक फायरिंग का अभ्यास किया जाएगा। उन्होंने ग्राम पंचायत कोहाला, कच्छयारी, खोली, घुरकड़ी व साथ लगते क्षेत्रों के लोगों से अपील की है कि इस दौरान वे फायरिंग रेंज में न स्वयं जाएं तथा अपने पालतु पशुओं को भी न जाने दें, ताकि किसी भी प्रकार की जान-माल की हानि से बचा जा सके।

### कंदरेहड़ में की शिव मूर्ति की स्थापना

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** महाशिवरात्रि के पर्व पर ग्राम पंचायत कंदरेहड़ में माता बज्रेश्वरी युवा क्लब के साथियों ने भगवान शिव की मूर्ति की स्थापना की, जिसमें एकता हेल्पिंग ग्रुप के संयोजक सतीश चौधरी व एकता हेल्पिंग ग्रुप के अध्यक्ष सिंपल भुल्लर ने अपनी तरफ से मंदिर के निर्माण के लिए 5000 धन राशि प्रदान की और साथ में आवासन दिया कि मंदिर निर्माण के लिए जो भी सहयोग होगा, वह दूंगा। इस शुभ अवसर पर राहुल कुमार, मनोज कुमार, लक्की, बॉबी डोगरा, अर्जुन डोगरा, नरेश प्रधान, शशि अभिनव मौजूद रहे।

### फतेहपुर में आज होने वाले ड्राइविंग टेस्ट रद्द

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** वजीर राम सिंह स्टेडियम फतेहपुर में 28 फरवरी को परिवहन विभाग द्वारा ड्राइविंग टेस्ट व वाहनों की पासिंग का शेड्यूल तय किया गया था, लेकिन प्रशासनिक कारणों के चलते 27 फरवरी को आदेश पारित कर इसे स्थगित कर दिया गया है। विभाग ने अभी अगला शेड्यूल जारी नहीं किया है।

### रियाली में बताईं केसीसी बैंक की योजनाएं

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर। केसीसी बैंक की बड़ूखर शाखा की ओर से रियाली में एक** दिवसीय वितीय साक्षरता शिविर लगाया गया। शिविर में लोगों को बैंक संबंधी योजनाओं की जानकारी दी गई। सहायक प्रबंधक विनोद कुमार ने बताया कि शिविर के दौरान बैंक संबंधी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही ऑनलाइन ठगी से बचने को भी सचेत किया गया। इस मौके पर कुलवीर सिंह, सुनील कुमार, अमरीक सिंह, राज कुमारी, संगीता देवी अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### धर्मशाला में दो दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस 7 से

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला में इतिहास विभाग के सौजन्य से दो दिवसीय राष्ट्रीय परिसंवाद का आयोजन दिनांक 7-8 मार्च को होने जा रहा है। क्षेत्रीय केंद्र के निदेशक प्रोफेसर कुलदीप अत्री ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि दो दिवसीय राष्ट्रीय कॅन्फ्रेंस हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के 'रूसा हेड इक्विटी इनीशिएटिव' द्वारा वित्त प्रायोजित है, जिसका शीर्षक है 'भारत के पर्यावरण इतिहास पर पुनरावलोकनः मुख्य मुद्दे और चुनौतियां।' उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय कांफ्रेंस के सफल आयोजन के लिए क्षेत्रीय केंद्र के स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज के प्राचार्य प्रोफेसर डीपी वर्मा की अध्यक्षता में विभिन्न समितियों का गठन किया गया है।

### करियाड़ा में शिवरात्रि पर हुआ जागरण

**अनंत ज्ञान, रक्कड़।** करियाड़ा के ऐतिहासिक शक्ति पीठ नाग मंदिर परिसर में गत रात शिवरात्रि को लेकर विशाल जागरण का आयोजन हुआ। इसमे बतौर चीफ गेस्ट एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा ने शिरकत की। जिला हमीरपुर से प्रदेश मीडिया ग्रुप दिव्य हिमाचल द्वारा वर्ष 2011 में पहले सीजन की चुनी हिमाचल की आवाज वंदना धीमान ने देवी-देवताओं की भव्य झाकियों के साथ खूब समां बांधा।

### ढलियारा कॉलेज में नवरंग कार्यक्रम की धूम

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** राजकीय महाविद्यालय ढलियारा का केंद्रीय छात्र परिषद का वार्षिक नवरंग कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में छात्रों ने महाविद्यालय प्राचार्या को मुख्यातिथि के तौर पर सम्मानित किया। काटकर का संचालन केंद्रीय छात्र परिषद के सदस्यों ने किया। इसमें विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

# देहरा अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च होंगे 57.06 लाख : कमलेश

## विधायक बोलीं, रोगी कल्याण समिति के माध्यम से दी जाएं बेहतर सुविधाएं

**अनंत ज्ञान, देहरा**

अस्पताल देहरा में आज बृहस्पतिवार को स्थानीय विधायक कमलेश ठाकुर की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। कमलेश ठाकुर द्वारा बैठक की अध्यक्षता करते हुए रोगी कल्याण समिति से सम्बंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही चालू वित्त वर्ष के लिए 57 लाख 6 हजार 740 रुपए का अनुमानित बजट भी पेश किया गया।



विधायक ने अधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए कि रोगी कल्याण समिति के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त भी यदि किसी प्रकार की कमी नागरिक अस्पताल देहरा में आती है तो उनको बताएं, वह उसके निवारण के लिए प्रतिबद्ध हैं।

कमलेश ठाकुर ने अस्पताल प्रशासन को अस्पताल में साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि देहरा विधानसभा क्षेत्र में लोगों को बहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए वह हर संभव प्रयास कर रहे हैं और आने वाले समय में क्षेत्र में उत्कृष्ट स्वास्थ्य ढांचा उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को मुफ्त ईलाज और मुफ्त दवाई उपलब्ध करवाने की दिशा में गंभीर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल को सुदृढ़ कर सभी प्रकार की आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है और देहरा विधानसभा क्षेत्र में भी शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठाए जाएंगे।

### 42 लाभार्थियों को बांटे 9. 81 लाख के चेक

**विधायक** कमलेश ठाकुर ने मिनी सचिवालय देहरा में मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत 42 लाभार्थियों को 9 लाख 81 हजार रुपए के सहायता चेक वितरित किए। उन्होंने लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि देहरा विधानसभा क्षेत्र का समग्र विकास उनकी और मुख्यमंत्री की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि देहरा विधानसभा में प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे इसके लिए वे कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि उनके हलके में लोगों को कोई भी समस्या आती है तो वे सीधा उनसे संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि देहरा में आम जनमानस से संबंधित प्रमुख समस्याएं उनके ध्यान में है और उनके निवारण के लिए चरणबद्ध तरीके से कार्य किए जा रहे हैं।

# महिलाओं का आर्थिक रूप से सशक्त होना जरूरी : अनुपम

- मैक्लोडगंज में साक्षरता शिविर का आयोजन
- आरबीआई के एचपी क्षेत्रीय निदेशक ने समाज में महिला की भूमिका पर डाला प्रकाश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मैक्लोडगंज**

भारतीय रिजर्व बैंक के हिमाचल प्रदेश क्षेत्रीय निदेशक अनुपम किशोर ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक महिलाओं के लिए वित्तीय साक्षरता की महत्वाकांक्षी भूमिका को स्वीकार करता है। जब महिलाएं वित्तीय रूप से सशक्त होती हैं, तो वे अपने व्यक्तिगत वित्त के बारे में बेहतर निर्णय लेने के लिए सक्षम होती हैं और इससे उनके परिवारों का आर्थिक सशक्तिकरण भी होता है।

वीरवार को मैक्लोडगंज में भारतीय रिजर्व बैंक, शिमला द्वारा वित्तीय साक्षरता सप्ताह के एक वित्तीय साक्षरता शिविर में बतौर मुख्यातिथि क्षेत्रीय निदेशक अनुपम किशोर ने कहा कि वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2025 का थीम वित्तीय समझदारी-समृद्ध नारी है, जो महिलाओं के वित्तीय सशक्तिकरण और उनकी भूमिका को उजागर करता है। यह अभियान भारतीय रिजर्व बैंक के प्रयासों के तहत, हर वर्ष वित्तीय विषयों पर जागरूकता फैलाने के लिए आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम में शिविर में शिव कुमार यादव, बैंकिंग ऑम्बड्स्मैन, भारतीय रिजर्व बैंक, आतिश अनंत, उपमहाप्रबंधक, भारतीय रिजर्व बैंक तथा बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया। क्षेत्रीय निदेशक ने इस अवसर पर वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2025 के विषय पर आधारित पोस्टर का भी विमोचन किया। कार्यक्रम में प्रमुख बैंकों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया और महिला सशक्तिकरण के संदर्भ में वित्तीय योजनाओं पर जानकारी दी। इस शिविर में 60 से अधिक महिला गृहिणियों, महिला उद्यमियों और कामकाजी महिलाओं ने भाग लिया।

# दफ्तर में धूल फांक रहे प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के आवेदन

**अनिल छांगू, जवाली**

सुक्खू सरकार की इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत जवाली विधानसभा क्षेत्र की 60 पंचायतों सहित एक नगर पंचायत को जोड़कर हजारों महिलाओं के आवेदन फार्म अभी सरकारी दफ्तर में धूल फांक रहे हैं। कांग्रेस पार्टी द्वारा विधानसभा चुनाव से पहले 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह देने का वादा किया गया था और सत्ता में आने के बाद कांग्रेस सरकार ने महिलाओं से आवेदन भी मांगे, लेकिन आवेदन करने के बाद भी जवाली विधानसभा क्षेत्र मे हजारों महिलाएं योजना के लाभ का इंतजार कर रही हैं।



तहसील कल्याण अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि जवाली विधानसभा क्षेत्र की 60 पंचायत सहित एक नगर पंचायत के लगभग 13295 महिलाओं ने तहसील कल्याण विभाग के माध्यम से आवेदन किया था, जिसमें तहसील कल्याण विभाग ने 972 आवेदनों को जिला कल्याण विभाग के कार्यालय को भेज दिया है, जोकि अभी तक होल्ड अप हैं। उन्होंने कहा कि तहसील कल्याण विभाग ने 60 पंचायतों में योजना के तहत महिलाओं द्वारा किए गए आवेदनों को भी वापस ग्राम सभा में सत्यापन के लिए भेज दिया है। इसमें 674 आवेदन पंचायत से अनुमोदन और सत्यापन होकर तहसील कल्याण कार्यालय में पहुंच चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

## कम छात्रों वाले कॉलेजों को नहीं किया जाए बंद

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** महाविद्यालय शिवनगर के पीटीए प्रधान जरनेल सिंह एवं समस्त पीटीए कमेटी ने कहा कि शिवनगर कॉलेज एक ग्रामीण क्षेत्र में पड़ने वाला कॉलेज है, जोकि विशेष रूप से ग्रामीण परिवेश एवं गरीब घरों से आने वाली लड़कियों को शिक्षा दे रहा है। यद्यपि यह एक सहशिक्षा महाविद्यालय है, परंतु यहां लड़कियों की संख्या अधिक है। यहां लगभग 20 पंचायतों के विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। यदि सरकार इस कॉलेज को बंद करती है तो विद्यार्थियों को 30 किलोमीटर दूर शिक्षा ग्रहण करने जाना पड़ेगा, जिससे गरीब विद्यार्थियों पर आर्थिक बोझ एवं समय की बर्बादी भी होंगी। पीटीए समिति ने कहा कि यदि कॉलेज में वोकेशनल विषय शुरू किए जाएं तो संख्या बढ़ सकती है। पीटीए प्रधान जरनेल सिंह, पूजा, रेनू, सुमना देवी, शमशेर सिंह, अनीता कुमारी, करतार चंद एवं त्रिलोचन सिंह ने सरकार से अनुरोध किया है कि कॉलेज भवन का कार्य जल्दी से पूर्ण किया जाए और इसे बंद न किया जाए।

# समर्पण, स्मार्ट वर्क और सही रणनीति दिलाएगी कॉर्पोरेट वर्ल्ड में सफलता : सोनल



**अनंत ज्ञान, कथोग**

लॉरेट इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी कथोग के इंटरनल क्वालिटी असुरेन्स सेल और इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल ने विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन किया, जिसकी थीम 'लचीलापन और दृढ़ता, कॉर्पोरेट जगत में चुनौतियों का सामना कैसे करें' थी। इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता मिस सोनल जोशी एसोसिएट डायरेक्टर ग्लोबल एचआर शेयर्ड सर्विस पुणे, महाराष्ट्र रहीं। संस्थान के प्रबंधक एवं निर्देशक डॉ. रण सिंह और प्राचार्य एवं निदेशक डॉ. एमएस आशावत ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस कार्यक्रम में 300 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया।

मुख्य वक्ता सोनल जोशी ने कॉर्पोरेट वर्ल्ड में जो चुनौतियां आती हैं, उसके बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि कॉर्पोरेट जगत में चुनौतियों का सामना करने के लिए रणनीतिक सोच, समस्या-समाधान कौशल और टीमवर्क की क्षमता बहुत जरूरी होती है। समर्पण, स्मार्ट वर्क और सही रणनीति के साथ आप कॉर्पोरेट में सफलता प्राप्त करने में महारत हासिल कर सकते हैं। इस अवसर पर डॉ. अमरदीप, डॉ. परवीन, डॉ. अदिति एवं एसोसिएट प्रो. शिव कुमार खुशवा तथा स्टाफ के अन्य सदस्य मौजूद रहे।



# अनंत पर्यटन

## नैसर्गिक सौंदर्य से सराबोर है बागा सराहन

सरकार की नजर-ए-इनायत हो जाए तो पर्यटन को लगेंगे पंख



*कुल्लू के बाहरी सराज की कुर्पन घाटी में स्थित बागा सराहन अपने नैसर्गिक सौंदर्य के विख्यात है। इस क्षेत्र की धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराएं वैदिककालीन रही हैं। बागा सराहन दो शब्दों बागा व सराहन का समुच्य स्वरूप है। बागा सराहन की शांत सुरम्य वादिया प्राचीन काल से प्रकृति प्रेमियों को आकर्षित करती रही हैं। बागा अपने विशाल हरे-भरे समतल मैदान के कारण पूरे प्रदेश, देश और विश्व में प्रसिद्ध है। यह समतल मैदान लगभग डेढ़ दो सौ बीघा में फैला हुआ है। बागा चारों ओर से सुंदर खड़ी पहाड़ियों से गिरा है। बागा स्थित ब्रह्मचूडी/वर्मचूडी(ब्रह्मचारिणी)का प्राचीन मंदिर अनजान चमत्कारों का केंद्र है, तो वहीं, कुछ दूरी पर स्थित सराहन गांव में शयाणा ऋषि का मंदिर है। इस स्थल पर स्थापित शयाणा ऋषि को जलांढी महादेव और बुद्धा सरौहणी के नाम से भी जाना जाता है। बागा सराहन का वार्षिक झीरु मेला पूरे निरमंड उपमंडल मे प्रसिद्ध है। एक दूसरे मेले मे ढलैर गांव के रियासी नाग भी शामिल होते हैं। बागा सराहन भले ही आज पर्यटन के नजरिए से उपेक्षित और पिछड़ा हुआ है, लेकिन इसका अतीत गौरवपूर्ण रहा है। ब्रिटिश काल से ही यह स्थान पर्यटकों के आकर्षण का स्थान रहा है। बागा सराहन की खूबसूरती से आकर्षित होकर ब्रिटिश सरकार द्वारा बनाया गया विश्राम गृह आज भी बागा में मौजूद है। ऐतिहासिक साक्ष्य के अनुसार बागा मैदान का निर्माण भीम ने किया था।*

### 2300 के करीब है आबादी

**बागा** सराहन पंचायत में कुल लगभग 521 परिवार हैं। पंचायत की आबादी लगभग 2300 के करीब है। बागा सराहन से छह किलोमीटर पैदल चलने के बाद 3306 मीटर की ऊंचाई पर स्थित बशलेउ जोत पहुंचा जा सकता है। बागा सराहन को पर्यटन मानचित्र पर उभारने के लिए 'नई राहे-नई मंजिलें' योजना के अंतर्गत विकसित किया जा रहा है। अगर शीघ्र ही यहां पर सरकार की नजर-ए-इनायत हो जाए तो यहां के पर्यटन कारोबार को और पंख लगेंगे।

### कैसे पहुंचें बागा सराहन

**बागा** सराहन शिमला से 170 किलोमीटर, रामपुर से 47 किलोमीटर, निरमंड से 29 किलोमीटर और कल्पा से 185 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। बागा सराहन से बशलेऊ 6 किलोमीटर, बठाड़ 12 किलोमीटर, गुशैणी 18 किलोमीटर और बंजार 28 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

### यहां रुकने के लिए भी है व्यवस्था

प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण बागा सराहन में रहने के लिए लोक निर्माण विभाग का विश्राम गृह, हिमालयन कैफे और होम स्टे, होटल बागाव्यू, बरुण होम स्टे, निर्माणाधीन आधुनिक हट्स जैसे स्थान हैं।

*-प्रस्तुतिः जितेंद्र गुप्ता, आनी*

## रकछम में पर्यटन सुविधाएं बढ़ाने के लिए 5 करोड़ की विकास परियोजना

# किन्नौर की सांगला वैली में पर्यटन को लगेंगे पंख

"हिमाचल प्रदेश पर्यटन क्षेत्र की उबड़-खाबड़ पकडंडियों पर आगे बढ़ने लगा है। पर्वतारोहण, साहसिक पर्यटन, समेत धार्मिक पर्यटन पर भी अपने पैर मजबूती के साथ पसार रहा है। बाहरी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए ईको टूरिज्म का सहारा लिया जा रहा है, जो ग्रामीण दहलीज तक अपनी पकड़ मजबूत बना रहा है। हाल ही में राज्य सरकार ने किन्नौर जिले की सांगला घाटी के रकछम गांव में पर्यटन सुविधाएं बढ़ाने के लिए 5 करोड़ रुपए की विकास परियोजना लागू करने की योजना बनाई है। बता दें कि सांगला घाटी की प्राकृतिक सुंदरता का अनुभव करने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। यही वजह है कि यहां पर्यटन के बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए 5 करोड़ रुपए की विकास परियोजना तैयार की है। परियोजना के तहत रकछम के साथ-साथ बटसारी और खरोगला में रास्तों की मरम्मत की रूपरेखा बनाई जा रही है और शौचालय, चौकीदार झोपड़ी, लकड़ी की झोपड़ी और वॉच टावर जैसी सार्वजनिक सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा। क्षेत्र में साहसिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सांगला से डेबर कांडा होते हुए सांगला कांडा तक एक ट्रॉली-आधारित ट्रेल भी विकसित किया जाएगा। बता दें कि राज्य को हर साल पर्यटन से 120 करोड़ का राजस्व आता है। इस लिहाज से राज्य के राजस्व में 7.1 फीसदी का योगदान पर्यटन से मिलता है।

### इस साल पर्यटकों की आमद बढ़ने की उम्मीद

जानकारी के मुताबिक आने वाले वाले समय में विभिन्न स्थानों पर कई प्रमुख परियोजनाएं क्रियान्वित की जाएंगी, जो हिमाचल में पर्यटन उद्योग के विकास में योगदान देंगी। गौरतलब पहलू यह है कि हाल के दिनों में प्रदेश के तमाम पर्यटक स्थल सुनसान हो गए थे, लेकिन अब हालात सामान्य होते ही शिमला समेत तमाम पर्यटक स्थलों की रौनक लौट रही है। पिछले साल प्रदेश में लगभग डेढ़ करोड़ से ज्यादा सैलानी पहुंचे थे। इस साल भी सैलानियों की भारी तादाद पहुंचने की उम्मीद है। संभावना है कि पर्यटन उद्योग इस साल भी नए रिकॉर्ड बनाएगा। इतना ही नहीं पर्यटन के लिए पीक महीना माने जाने वाला अप्रैल, मई, जून माह अभी शुरू होने वाला है। इन महीनों में सैलानियों की संख्या और बढ़ने की उम्मीद है।

### अटल टनल बनी पसंदीदा जगह

*__हिमाचल__ में पीर पंजाल की पहाड़ियों पर 9.2 किमी लंबी अटल टनल सैलानियों की पहली पसंद है। 2020 में शुरू होने पर अक्तूबर से दिसंबर तक 1.4 लाख 2021 में करीब 8 लाख पर्यटक वाहन यहां पहुंचे। इस साल से अब तक 3.07 लाख पहुंच चुके हैं और पर्यटकों का आना अभी जारी है। इसके अलावा शिमला, कुल्लू-मनाली और कांगड़ा पहले से ही पसंदीदा रहे है।*

### ईको टूरिज्म नीति-2024 लागू

*__राज्य__ ने प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए संशोधित ईको-टूरिज्म नीति 2024 जारी की है। इस नीति का उद्देश्य हिमाचल प्रदेश के जंगल और अछूते पारिस्थितिकी तंत्र को आगंतुकों के करीब लाना है। राज्य पात्र पर्यटन इकाइयों को स्थायी पूंजी निवेश के 10 प्रतिशत तक की पूंजी निवेश सब्सिडी प्रदान करता है।*

### लोकप्रिय पर्यटन स्थल

- कुल्लू हिल स्टेशन
- मनाली हिल स्टेशन
- धर्मशाला हिल स्टेशन
- चंबा हिल स्टेशन
- शिमला हिल स्टेशन
- स्पीति घाटी
- लाहौल घाटी
- डलहौजी हिल स्टेशन

### पर्यटन टैगलाइन

हिमाचल प्रदेश की पर्यटन टैगलाइन अविस्मरणीय हिमाचल है। इसलिए हिमाचल प्रदेश के पर्यटन उद्योग को आर्थिक संभल मिलने की पूरी-पूरी उम्मीद जगी है।

*प्रस्तुति : सत्यदेव भारद्वाज, शिमला*



## हिमाचल में पर्यटन की संभावनाएं भरपूर

# पर्यटक फिर भी दूर

**हिमाचल** प्रदेश अपनी नदियों, पहाड़ों झरनों, घाटियों, हरियाली, सेब के बगीचों और मंदिरों-शक्तिपीठों के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है, बावजूद इसके प्रदेश में पर्यटकों की संख्या लगातार घट रही है। पिछले दो सालों से प्रदेश सरकार वर्ष भर में 5 करोड़ पर्यटकों की आमद का लक्ष्य लेकर चली हुई है, जबकि जमीनी हकीकत यह है कि सरकार के पर्यटन विकास निगम के नामी होटलों में ऑक्यूपेंसी निरंतर गिर रही है। पर्यटन विकास निगम अपने होटलों की हालत सुधारने में सफल नहीं हो पा रहा है। पर्यटन की अपार संभावनाएं होने के बावजूद हिमाचल में अभी तक एक साल में दो करोड़ पर्यटकों का लक्ष्य पूरा नहीं हो पाया है। वर्ष 2017 में सबसे अधिक 1.96 करोड़ पर्यटकों ने हिमाचल का रुख किया था।

### पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बनी कमेटी भी नाकाम

**गत** वर्ष सरकार द्वारा लगभग 4 माह पूर्व पर्यटन के हालातों को सुधारने के लिए बनाई गई कमेटी भी अभी तक कोई सुधार नहीं दिखा पाई है, जबकि कमेटी द्वारा इसके लिए लोगों से राय भी ली गई थी।

### सरकार का लक्ष्य हर साल 5 करोड़ पर्यटक लाने का, अभी तक 2 करोड़ का आंकड़ा भी दूर



### पर्यटन विकास निगम के 56 होटल, ज्यादातर घाटे में

**हिमाचल** प्रदेश पर्यटन विकास निगम की होटलों और रेस्टोरेंट की बड़ी श्रृंखला है। 56 होटलों में 1 हजार 111 कमरे हैं। हिमाचल पर्यटन विकास निगम 64 रेस्टोरेंट और कैफे भी चलता है, जहां हिमाचली व्यंजनों के साथ खाने की बेहतरीन डिश उपलब्ध होती है। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के हर होटल और रेस्टोरेंट खूबसूरत लोकेशन पर है, लेकिन निगम को हो रहा नुकसान चिंता का विषय बना हुआ हैं, निगम के 35 होटल घाटे में चल रहे हैं। पर्यटन विकास निगम के सिर्फ 20 होटल ही फायदे का सौदा कर रहे हैं। घाटे में चल रहे निगम के होटल की संख्या 63 फीसदी से ज्यादा है।

*-प्रस्तुति : संजय अग्रवाल, धर्मशाला*

## न्यूज ब्रीफ

### वाटर गार्डों को चार माह से नहीं मिला वेतन

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** पिछले चार माह से वेतन नहीं मिलने के कारण वाटर गार्ड आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। हालांकि सरकार ने एक माह का वेतन तो दे दिया है लेकिन तीन माह की तनख्वाह अभी तक नहीं दी है। इसके चलते ये कर्मचारी उधारी से अपना परिवार चलाने पर मजबूर हैं। इतना ही नहीं दैनिक वेतन भोगी कुछ कर्मचारियों ने तो 12 साल का कार्यकाल भी पूरा कर लिया है, लेकिन फिर भी सरकार ने उन्हें नियमित करने के लिए तरसा रही है। अब इन दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की हालत धोबी का कुत्ता ना घर का ना घाट वाली हो गई है। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने सरकार से तीन माह का पेंडिंग वेतन देने तथा 12 साल पूरे कर चुके कर्मचारियों को नियमित करने की गुहार लगाई है।

### केसीसीबी ने गाहलियां में लगाया साक्षरता कैंप

**अनंत ज्ञान, कोटला।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक गाहलियां के सौजन्य से पंचायत गाहलियां में वित्तीय साक्षरता कैंप लगाया गया जिसमें बैंक शाखा प्रबंधक दीनानाथ भाटिया ने लोगों को बैंक के संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होने कहा कि लोगों को मुद्रा लोन, किसान क्रेडिट कार्ड सहित अन्य योजनाओं के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जनता के हित में कई योजनाएं चलाई गई हैं, जिनका लाभ उठाकर हम अपनी आर्थिकी में सुधार ला सकते हैं। इसके साथ उन्होंने अटल पेंशन योजना व सुरक्षा और जीवन बीमा के बारे में भी लोगों को विस्तार से समझाया। इस मौके पर पंचायतवासी मौजूद रहे।

### अनुष्का कौड़ा ने पास की यूजीसी नेट परीक्षा

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** भारती विद्यापीठ स्कूल बैजनाथ से पढ़ी छात्रा अनुष्का कौड़ा



पुत्री आशीष कौड़ा ने यूजीसी द्वारा संचालित नेट की परीक्षा को उत्तीर्ण करने में सफलता हासिल की है। इसके साथ ही इस परीक्षा के आधार पर वह पत्रकारिता और जनसंचार विषय में पीएचडी में प्रवेश लेने हेतु भी पात्र बन गई है। अनुष्का की इस उपलब्धि पर भारती विद्यापीठ स्कूल बैजनाथ के निदेशक नवनीत डोगरा ने खुशी जताते हुए उसे और उसके माता-पिता को बधाई दी है।

### धीरा होली मेले के लिए बनेंगी समितियां

**अनंत ज्ञान, डरोह।** जिला स्तरीय धीरा होली मेले के आयोजन के लिए वीरवार को एक बैठक का आयोजन एसडीएम धीरा सलीम आजम की अध्यक्षता में किया गया। इसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। जिला स्तरीय धीरा होली मेले के दौरान तीन सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन 15 से 17 मार्च तक एसडीएम कार्यालय परिसर के मैदान में किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम सलीम आजम ने कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि धीरा होली मेले को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए विभिन्न खेल कूद गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में उप मंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, विद्यालयों के प्रधानाचार्य व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### शतरंज प्रतियोगिता में अंकेश नतियाल प्रथम

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राज्य स्तरीय शिवरात्रि महोत्सव बैजनाथ में शतरंज की



चैंपियनशिप का आयोजन पंडित संत राम डिग्री कॉलेज बैजनाथ में किया गया, जिसमें मुख्यातिथि अनूप कोल मंदिर ट्रस्टी ने विजेताओं को इनाम बांटे। इस मौके पर अमर सिंह राणा उपप्रधान सूनपुर पंचायत विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में अंकेश नतियाल प्रथम, विशेष वर्मा द्वितीय तथा अक्षय राणा तृतीय स्थान पर रहे। इस मौके पर राजन शर्मा, सुमित, प्रीति, पारुल, शिवानी उपस्थित रहे।

### जिला स्तरीय काठगढ़ महाशिवरात्रि महोत्सव के समापन पर कृषि मंत्री चंद्र कुमार बोले-

# काठगढ़ शिव मंदिर प्रदेश की धरोहर

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के ऐतिहासिक काठगढ़ शिव मंदिर में तीन दिवसीय जिला स्तरीय महाशिवरात्रि महोत्सव का भव्य समापन वीरवार को हुआ। इस अवसर पर मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की गई और भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और श्रद्धालुओं को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने काठगढ़ शिव मंदिर की ऐतिहासिक और धार्मिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह मंदिर न केवल श्रद्धा और आस्था का केंद्र है, बल्कि प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर भी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकारों ने प्रदेश में मंदिरों के विकास के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। ऐतिहासिक काठगढ़ मंदिर के विकास कार्यों में



भी पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों का बड़ा योगदान रहा है। वर्तमान प्रदेश सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य के प्रमुख धार्मिक स्थलों के संरक्षण, विकास और प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान दे रही है।

कृषि मंत्री ने महोत्सव के सफल आयोजन के लिए मंदिर प्रशासन, उपमंडल प्रशासन और पुलिस विभाग को धन्यवाद दिया और भविष्य में इस महोत्सव को और अधिक भव्य बनाने के लिए हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इससे पहले, उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना की और भव्य शोभायात्रा में भाग लिया। कृषि मंत्री ने मंदिर समिति द्वारा आयोजित मेधावी छात्रवृत्ति परीक्षा के विजेताओं को सम्मानित भी किया। उन्होंने बताया कि मंदिर के विकास कार्यों के लिए 2 लाख रुपए की राशि स्वीकृत कर दी गई है, जो जल्द ही मंदिर प्रशासन को प्रदान कर दी जाएगी। इस अवसर पर स्थानीय विधायक मलेंद्र राजन विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने श्रद्धालुओं को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि काठगढ़ शिव मंदिर न केवल श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र है, बल्कि यह क्षेत्र के पर्यटन विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने मंदिर के विकास कार्यों में पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। विधायक ने जानकारी दी कि श्रद्धालुओं को बेहतर आवागमन की सुविधा प्रदान करने के लिए 12 करोड़ रुपए की लागत से इंदौरा से काठगढ़ तक सड़क के नवीनीकरण का कार्य किया जा रहा है। इससे पूर्व, प्राचीन शिव मंदिर सुधार सभा के अध्यक्ष ओम प्रकाश कटोच ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और मंदिर समिति द्वारा संचालित विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों की जानकारी दी। (अनंत ज्ञान)

### कृषि की नई तकनीकों की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** राजकीय महाविद्यालय मटौर में कृषि विभाग कांगड़ा के सौजन्य से 'कृषि में वर्तमान दशा और दिशा' विषय को लेकर व्याख्यान आयोजित किया गया। अपने व्याख्यान में मुख्य वक्ता बलवीर सैनी ने विद्यार्थियों को कृषि में आ रही नई तकनीकों, बीजों, पॉली और ग्रीन हाउस से जुड़ी जानकारी व इनसे मिलने वाले आर्थिक लाभों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आधुनिक दौर में जहां युवा वर्ग अच्छी आय हेतु अपने क्षेत्र को छोड़कर बाहरी स्थानों और विदेशों की ओर रुझान कर रहे हैं वो भी कृषि के माध्यम से घर बैठे अपनी मेहनत से कृषि में आ रही नई तकनीकों व हाईब्रीड बीजों की जानकारी से लाखों रुपए कमा सकते हैं। इसके लिए उन्हें फसलों के बीजों के विभिन्न प्रकार, उनकी मिट्टी और मौसम के हिसाब से कौन सी फसल लगानी है, इसकी जागरूकता होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि जो भी विद्यार्थी कृषि से जुड़ी कोई भी जानकारी लेना चाहता है वह स्थानीय कृषि विभाग कांगड़ा से संपर्क कर सकता है।

**नई जोड़ी**



सलाह (सुंदरनगर) के दिनेश और रिवालसर की अनू को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**सालगिरह मुबारक**



राजेंद्र पालमपुरी और शारदा पालमपुरी को शादी की 47वीं सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



नैहरनपुखर के अंकुश शर्मा और शालनी शर्मा को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# भाजपा ने परमार के नेतृत्व में सरकार के खिलाफ निकाली जनाक्रोश रैली

## थुरल अस्पताल की बदतर हालत को लेकर सरकार पर किया हमला

**अनंत ज्ञान, डरोह**

सुलह विधानसभा हलके के थुरल सिविल अस्पताल की बदतर हालत और अस्पताल में डॉक्टरों एवं अन्य कर्मचारियों के खाली पड़े पदों को लेकर हिमाचल प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष व विधायक विपिन सिंह परमार के नेतृत्व में भाजपा ने विशाल जनाक्रोश रैली निकाल कर प्रदेश की सुक्खू सरकार के खिलाफ जमकर हल्ला बोला। विपिन परमार ने कहा कि जबसे कांग्रेस सरकार सत्ता में आई है प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के बूरे हाल हैं। उन्होंन कहा कि अस्पतालों में डाक्टर नही है, रोगियों को दवाईयां नही मिल रही, इलाज के लिए रोगियों को निजी अस्पतालों में पैसा खर्च करना पड़ रहा है। विपिन परमार ने कहा सुक्खू सरकार के रवैये के कारण स्वास्थ्य



सेवाएं चरमरा गई हैं और अस्पतालों में स्थिति गंभीर बनती जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार का यही रवैया जारी रहा तो गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों को समय पर इलाज और दवाइयां नहीं मिल पाएंगी जिसका परिणाम जानलेवा हो सकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा दवाओं के लिए धन उपलब्ध कराने के बावजूद सुक्खू सरकार दवा सप्लायरों को भुगतान नहीं कर रही है। दवाइयां नहीं मिलने के कारण अस्पतालों में इलाज करवाने आने वाले लोगों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के दौरान प्रदेशवासियों को महंगे से महंगे इंजेक्शनों और इलाज की मुफ्त सुविधाएं दी गई थीं लेकिन वर्तमान सरकार की उदासीनता के कारण अब लोगों का इलाज संकट में है।

### फोर्टिस कांगड़ा के स्त्री रोग विभाग की बड़ी उपलब्धि

# विशेषज्ञ डॉक्टर्स ने पेक्टोपेक्सी सर्जरी कर मरीज को दी राहत

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा में पेक्टोपेक्सी सर्जरी का एक सफल केस किया गया, जो विशेष रूप से मोटे रोगियों के लिए प्रभावी साबित हुआ है। इस सर्जरी द्वारा महिलाओं में होने वाले वॉल्ट प्रोलैप्स (योनि के आंतरिक भाग का नीचे खिसकना) का इलाज करना है। इस सर्जरी के बारे में जानकारी देते हुए फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा की वरिष्ठ गाइनोकोलॉजिस्ट डॉ. विजया भारती ने बताया कि यह सर्जरी लैप्रोस्कोपिक तकनीक के माध्यम से की जाती है, जो कम इन्वेसिव होने के कारण रोगी के लिए जल्दी रिकवरी की संभावना प्रदान करती है। पेक्टोपेक्सी सर्जरी में इलियोपेक्टिनियल लिगामेंट का इस्तेमाल किया जाता है, जो प्रोलैप्स को स्थिर करने में मदद करता है। यह सर्जरी विशेष रूप से मोटे रोगियों में अधिक प्रभावी है, जहां पारंपरिक



डॉ विजया भारती

सर्जरी में अधिक जोखिम और कठिनाई हो सकती है। डॉ. विजया भारती ने कहा कि इस सर्जरी को सफल बनाने में सर्जन डॉ. गौरव गुप्ता, यूरोलॉजिस्ट डॉ. अंकुर शर्मा, एनेस्थेटिक डॉ. किरणदीप कौर एवं नर्सिंग विभाग से सिस्टर अंजुला एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहा। मरीज के सफल इलाज पर अस्पताल प्रशासन ने संतोष जताया है और उम्मीद की जा रही है कि इस प्रकार की सर्जरी महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार लाने में सहायक साबित होगी। (अनंत ज्ञान)

# प्रत्येक सरकारी एवं निजी संस्थान के लिए आपदा प्रबंधन प्लान बनाना जरूरी : डीसी

## धर्मशाला में तीन दिवसीय भीड़ प्रबंधन कार्यशाला का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि प्रत्येक सरकारी तथा निजी संस्थान को आपदा प्रबंधन प्लान बनाना अत्यंत जरूरी है इस के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से निर्देश भी जारी किए गए हैं ताकि आपदा से होने वाले नुक्सान को कम किया जा सके। वीरवार को चेलियां के एवोड होटल में भीड़ प्रबंधन को लेकर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि वर्तमान दौर में आपदा की दृष्टि से भीड़ प्रबंधन को लेकर भी प्रशिक्षण अत्यंत जरूरी है।

लोगों की बड़ी सभाओं, मंदिरों में नवरात्रों के दौरान संगीत समारोह स्थलों, प्रदर्शनों, त्यौहारों, खेल स्टेडियमों और मनोरंजन पार्कों भीड़ प्रबंधन की अत्यंत आवश्यक है ताकि एक सुरक्षित और संरक्षित वातावरण स्थापित कर घबराहट और भीड़ की तेज़ गतिविधियों से बचने के लिए बेहतर संचालन किया जा सके। उन्होंने कहा कि भीड़ प्रबंधन योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए आयोजन स्थल के कर्मचारियों से लेकर इवेंट आयोजकों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों तक सभी शामिल पक्षों के सहयोग की आवश्यकता होती है। भीड़ प्रबंधन एक बहुआयामी क्षेत्र है जिसमें इवेंट प्लानिंग, निकासी विश्लेषण के लिए भीड़ सिमुलेशन से लेकर सुरक्षा प्रबंधन तक के कई विषय शामिल हैं। इससे पहले आपदा इंटर एजेंसी के समन्वयक एससी भुल्लर ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए कहा कि भीड़ प्रबंधन को लेकर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला में मंदिरों, एसडीआरएफ तथा अन्य महत्वपूर्व एजेंसियों के लोगों को आमंत्रित किया गया है उन्होंने कहा कि कार्यशाला में भीड़ प्रबंधन और घटना जोखिम प्रबंधन के बीच अंतर, नाबालिगों और बुजुर्गों की सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा, चिकित्सा सहायता और परिवहन जैसे जोखिमों के अतिरिक्त स्पीकर और साइनेज के माध्यम से संचार और मार्गदर्शन, लोगों की संख्या को सीमित करने को प्रवेश नियंत्रण और प्रवेश प्रबंधन, भीड़ विश्लेषण और लोगों के प्रवाह की निगरानी करने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के जिला समन्वयक राबिन सहित आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ उपस्थित थे।

# देहरा में 51 करोड़ से होगा पेयजल एवं बिजली परियोजनाओं का जीर्णोद्धार

## मुख्यमंत्री सुक्खू के निर्देश पर वित्त विभाग ने जारी की राशि

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

देहरा में बीते मॉनसून में भारी बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुई पेयजल और बिजली योजनाओं के जीर्णोद्धार पर 51 करोड़ रुपए खर्च होंगे। विधानसभा क्षेत्र के दो स्कूलों को नए सिरे से बनाने पर भी 4.95 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी, इन्हें भी बरसात से भारी नुकसान पहुंचा था। वित्त विभाग ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू जी के निर्देश पर जीर्णोद्धार कार्यों के लिए राशि जारी कर दी है। देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर ने मुख्यमंत्री से क्षतिग्रस्त पानी, बिजली योजनाओं और स्कूल भवनों के पुनरुद्धार के लिए धनराशि उपलब्ध कराने का आग्रह किया था। वित्त एवं योजना विभाग की ओर से देहरा के करला कोटला स्थित 33केवीए/11केवीए बिजली सब स्टेशन के पुनरुद्धार के लिए 8 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। जल शक्ति विभाग की विभिन्न क्षतिग्रस्त योजनाओं के पुनर्निर्माण के लिए 43 करोड़ रुपए की राशि मंजूर की गई है। इन योजनाओं के दोबारा शुरू होने पर देहरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों की पेयजल समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा।

सरकार ने राजकीय छात्र सीनियर सेकेंडरी स्कूल देहरा और राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल गर्ल्स देहरा के भवन का दोबारा निर्माण करने के लिए क्रमश: 2.50 करोड़ और 2.45 करोड़ मंजूर किए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### इन पेयजल स्कीमों का होगा कायाकल्प

**उठाऊ** पेयजलापूर्ति योजना देहरा ओल्ड, शिवनाथ खबली फेज-1 व 2, भांबल, ज्वालामुखी ओल्ड, ठाकुरद्वारा, जालंधर लाहड़, देहरियां फेज-2, हरिपुर खैरियां, बंगोली, छब्बर, गुलेर बिलासपुर, पायसा, रजियाना, त्रिपल, बड़ा गोपीपुर, हार पुखर, कस्बा भड्ड, नलेटी, सुनहेत, बस्सी घियोरी, चपलाह, धौंटा वेह फेस-1 व 2, बगली छलाई फेज-2, ढलियारा सूरजपुर और चनौर। इससे 51 पंचायतों को लाभ होगा। इन सभी योजनाओं में यूवी ट्रीटमेंट व अत्याधुनिक क्लोरीनेशन प्लांट लगेंगे। इनमें से 14 योजनाओं में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट भी लगाए जाएंगे।

### नौरा में होली मेला 13 से 15 मार्च तक

**अनंत ज्ञान, डरोह।** नौरा में इस बार होली मेले का आयोजन 13 से 15 मार्च तक किया जा रहा है, जिसमें झंडे की रस्म 9 मार्च को शाम 5 बजे की जाएगी। यह जानकारी मेला कमेटी प्रधान संदीप धीमान व उपप्रधान मदन चौधरी ने दी।

### अर्पना मिस और अंशुल मिस्टर फेयरवेल

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सीहोरपाईं में आज 10+2 कक्षा के विद्यार्थियों के लिए भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर 10+1 कक्षा के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए गए। मिस स्माइली का खिताब सेजल को मिला, जबकि मिस पर्सनैलिटी का सम्मान कशिश को दिया गया। मिस फेयरवेल का खिताब अर्पणा ने अपने नाम किया। लड़कों की श्रेणी म मिस्टर स्माइल का पुरस्कार आयान को दिया गया, मिस्टर पर्सनैलिटी का खिताब निशांत को मिला, और मिस्टर फेयरवेल अंशुल बने। विद्यालय के प्रधानाचार्य बी. आर. कमल ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### लंबित वित्तीय लाभ न मिलने से पेंशनर्स नाराज

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ जिला कांगड़ा इकाई द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता जिला अध्यक्ष मदन चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष ब्रह्मानंद एवं अतिरिक्त महासचिव सुभाष पठानिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। वार्ता में प्रदेश सरकार पर कर्मचारियों एवं पेंशनर्स के लंबित वित्तीय लाभ न देने पर आने वाले समय में गंभीर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहे। पेंशनर्स एवं कर्मचारियों के लंबित संशोधित पेंशन एरियर, गर्ज्युटि, लीवएनकैशमेंट, कम्प्यूटेशन की राशि तुरंत जारी की जाए। जनवरी-2022, से पहले सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के वित्तीय लाभ दिये जायें। वार्ता में यह बताया गया कि सरकार की विफलता है कि पिछले बजट के बिंदु संख्या 189 (1-2) अनुसार 1, मार्च 2024 से चरणबद्ध तरीके से संशोधित पेंशन वकाया एरियर, गर्ज्युटि लीवएनकैशमेंट इत्यादि दिये जाएंगे। डीए की 11 प्रतिशत पेंडिंग किश्त, करोड़ों रुपए के चिकित्सा विलों का भुगतान न होना, पंजाब और हरियाणा सरकार की तर्ज पर 10 वर्ष से अधिक कम्युटेशन डिड्क्शन पर रोक लगाने संबंधी रोके गए वित्तीय लाभ पर रोष प्रकट किया गया। इन मांगों पर भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ प्रदेश के सभी जिला उपायुक्त के माध्यम से सरकार को ज्ञापन सौंपा जा चुका है। सरकार ने कोई भी प्रति या नहीं दी, तदोपरांत महासंघ के साथ अन्य संगठनों की समन्वय समिति द्वारा महामहिम राज्यपाल को पेंशनर हितों की अनदेखी पर ज्ञापन दिया गया है। उस परभी सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

### ज्वालामुखी कॉलेज में जॉब प्लेसमेंट का आयोजन

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** पंडित सुशील रत्न राजकीय महाविद्यालय ज्वालामुखी में जॉब प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जॉब कोच प्लेसमेंट चंडीगढ़ संस्थान द्वारा किया गया, जिसमें सभी संकायों के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने जॉब के लिए साक्षात्कार में भाग लिया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार बस्सी के मार्गदर्शन में हुआ। जिसमें करियर डेवलपमेंट एंड प्लेसमेंट सेल की संयोजक डॉ. पूनम शर्मा, इतिहास विभाग से डॉ. संजय कुमार व महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# सुनील और भारद्वाज के नाम रही बैजनाथ शिवरात्रि की पहली संध्या

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

राज्य स्तरीय शिवरात्रि महोत्सव बैजनाथ की पहली संध्या की महफिल गायक सुनील राणा, गायक एसी भारद्वाज, गायक धीरज शर्मा तथा गायिका आकांक्षा शर्मा के नाम रही। सुनील राणा ने मंच पर आते ही शिव कैलाशों के बासी,नचै धूडूआ बजे तेरे बाजे हो,फॉक हार्मनी माए नि मेरिए जम्मू दी राहें चम्बा कितनी की दूर, आ सामिया, काछा चढ़या पहाड़ जो, प्यारी भोटलिए, चंबे देआ भट्ट बामणूआ आदि गाने गाकर लोगों को



झूमने के लिए मजबूर कर दिया। वहीं, गायक एसी भारद्वाज ने शिव स्तुति से शुरुआत करते हुए हिंदी और पहाड़ी गानों की प्रस्तुति देकर लोगों को खूब झुमाया। गायक धीरज शर्मा ने मंच संभालते ही भगवान भोलेनाथ की स्तुति करते हुए नए भजन शून्य हो जा, क्या हुआ तेरा वादा, बचना ए हसीनो लो मैं आ गया के बाद नॉन स्टॉप पहाड़ी नाटियां गाकर अपनी खूबसूरत गायकी से वाहवाही लूटी गायिका आकांक्षा शर्मा ने दमा दम मस्त कलंदर तेरी आखयां का काजल, सावन में लग गई आग आदि गाने गाकर लोगों को खूब नचाया।

# पवन काजल ने शिव मंदिरों में नवाया शीश

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** भारी बारिश के बीच स्थानीय विधायक पवन काजल ने महाशिवरात्रि के अवसर पर क्षेत्र के करीब एक दर्जन शिव मंदिरों में आयोजित भंडारों में शिरकत की। शिव बाड़ी मंदिर सहोड़ा में विधायक काजल ने कहा कि वर्तमान समय में धार्मिक आयोजन करना एक बड़ी चुनौती है। महंगाई और प्रतिस्पर्धा के इस दौर में आयोजकों को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि व्यस्त जीवन में समय निकालकर समाज के हर वर्ग को साथ लेकर गांव-गांव में हो रहे धार्मिक समारोह युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। शिवबाड़ी मंदिर में कथावाचक स्वामी सिद्धेश्वर महाराज ने मंदिर कमेटी की ओर से विधायक को टोपी पहनाकर सम्मानित किया। इसके बाद विधायक ने शिव मंदिर कच्छयारी में आयोजित हवन में आहुतियां दीं। विधायक ने शिव मंदिर मियालू, दौलतपुर गाहलिया, दुगियारी, समेला और अब्दुलापुर में भी भंडारों में हिस्सा लिया। उन्होंने आयोजकों और ग्रामीणों को शिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं।

### कांगड़ा एयरपोर्ट पर करवाई मॉक ड्रिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा हवाई अड्डे पर आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह अभ्यास प्रत्येक दो वर्षों में एक बार आयोजित किया जाता है, जिसका उद्देश्य कर्मचारियों एवं संबंधित एजेंसियों की तत्परता का आकलन करना तथा सुधार के संभावित क्षेत्रों की पहचान करना है। हवाई अड्डे के निदेशक धीरेंद्र कुमार ने बताया कि इस मॉक ड्रिल के तहत एयरपोर्ट पर आपातकालीन लैंडिंग और क्रैश जैसी स्थिति से निपटने के लिए सभी स्थानीय एवं सरकारी एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर अभ्यास किया गया ।

**समाजसेवा** विधायक की समाजसेवा की मुहिम लाई रंग, दुर्गेला के देवराज जम्वाल ने भेंट की इलेक्ट्रोकोटरी मशीन

# शाहपुर अस्पताल में शीघ्र स्थापित होगी अल्ट्रासाउंड मशीन: पठानिया

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

आज नागरिक हॉस्पिटल शाहपुर में स्थानीय विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया की उपस्थित में दुर्गेला के रहने वाले देवराज जम्वाल ने मरीजों की सुविधा हेतु लगभग एक लाख रुपए की इलेक्ट्रोकोटरी मशीन एवं डिजिटल वॉटर प्लांट भेंट किया। इसके अतिरिक्त अधिशासी अभियंता जलशक्ति कैप्टन अमित डोगरा ने हॉस्पिटल के लिए एक इनवर्टर भेंट किया। इस अवसर पर उपमुख्य सचेतक ने कहा कि गत दो वर्षों के दौरान इस हॉस्पिटल के लिए प्रदेश सरकार की ओर से लगभग 7 करोड़ की धनराशि जारी की गई है इसके लिए वह मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री के आभारी हैं। उन्होंने कहा कि यहां पर शीघ्र ही अल्ट्रासाउंड मशीन स्थापित की जाएगी तथा डायलिसिस की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी, ताकि लोगों को घर के नजदीक ही अच्छी स्वास्थ्य सुविधा मिल सके और टांडा का रुख न करना पड़े। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि शाहपुर हॉस्पिटल



की रोगी कल्याण समिति को आर्थिक तौर पर और अधिक सुदृढ़ किया जाए, ताकि गरीब व्यक्ति की अधिक से अधिक मदद हो सके। उन्होंने बताया कि गरीब लोगों की सहायता हेतु शाहपुर वेलफेयर सोसायटी का गठन किया गया है जोकि जरूरतमंद लोगों को समय समय पर सहायता उपलब्ध करवा रही है। उपमुख्य सचेतक ने कहा कि उन्हें बताया गया गया है कि डिजिटल वॉटर, जोकि लैब में प्रयोग में लाया जाता है को पहले चढ़ी से लाना पड़ता था । अब प्लांट स्थापित होने से हॉस्पिटल के अंदर ही सुगमता से उपलब्ध होगा। उन्होंने देवराज जम्वाल का आभार जताते हुए कहा कि इन्होंने यह भेंट अपने पोते के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर की है । उन्होंने आह्वान किया कि ऐसे पुनीत कार्य के लिए हम सब को आगे आना चाहिए। उन्होंने इनवर्टर देने के लिए कैप्टन अमित डोगरा का भी धन्यवाद किया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत क्योरी**
**विकास खंड बैजनाथ, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत क्योरी द्वारा निम्नलिखित वस्तुओं की खरीद की जानी है। जिसके लिए ग्राम पंचायत निम्न प्रकार से निविदाऐं आमंत्रित करती है। इच्छुक पंजीकृत व्यक्ति फर्मे अपनी निविदाएं बन्द लिफाफे में डाक के माध्यम व कार्यालय में दिनांक 9/03/2025 तक भेज दें। प्राप्त निविदाएं 10/03/2025 को 11 बजे पंचायत के समक्ष खोली जाएंगीं।

| क.स. | समग्री |
|---|---|
| 1. | Water cooler fully stainless steel |
| 2. | Children Park Items |
| 3. | Installation of tubewell motor Crompton or Kirloskar |

ग्राम पंचायत क्योरी
विकास खंड बैजनाथ, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

## न्यूज ब्रीफ

### 'गाथा मां हाटेश्वरी' की एलबम रिलीज



**दशमी रावत, रोहड़ू।** मां हाटेश्वरी के गुर ओम प्रकाश शर्मा द्वारा गाया भजन गाथा मां हाटेश्वरी की एलबम हाल ही में रिलीज हुई है। इस गाथा के गीत स्वयं ओम प्रकाश शर्मा ने लिखे हैं, जबकि संगीत सुरेंद्र नेगी ने दिया है। भक्तजन यह भजन म्यूजिक हंटरज यूट्यूब चैनल पर सुन सकते हैं और मां हाटेश्वरी की महिमा का गुणगान कर सकते हैं।

### फरवरी माह की बारिश बागवानों के लिए वरदान

**कोटखाई, भरत ठाकुर।** सर्दियों में पर्याप्त बारिश ना आने से बागवान कहीं ना कहीं परेशान थे मगर फरवरी माह की आखिर में अच्छी बारिश से बागवानों को एक उम्मीद जगी है वही उद्यान विकास अधिकारी कोटखाई डॉ. नवीन चिलेन ने बताया कि इस बारिश से बागवानों को बहुत फायदा मिलेगा, जमीन में अब पर्याप्त नमी होने से उर्वरक का फायदा भी पौधों को मिलेगा वहीं जिन्होंने नया पौधारोपण किया है उन्हें भी इस बारिश से अच्छे लाभ मिलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि इस बार गुठलीदार फलों में जहां फ्लोरिंग हो चुकी है वहां यह बारिश उनके लिए भी लाभकारी रहेगी। उन्होंने बताया की सूखे एवं मौसम की मार के चलते सेब में भी समय से पहले फूल आने का खतरा मंडरा रहा था वह प्रक्रिया भी अब सही समय पर आने की संभावना है।

### तीन मंजिल भवन से व्यक्ति को दिया धक्का

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** पुलिस थाना रोहड़ू के अंतर्गत आयुष देवल पुत्र धर्मराज देवल निवासी बरदाणोगिया वार्ड नंबर-2 जिला कैलानी नेपाल जो रोहड़ू में बूठ गांव के रणदीप के पास बतौर चौकीदार रहता है। उसने पुलिस को शिकायत में बताया कि नाकाब पहने दो लड़कों ने सड़क पर उसे बुलाया और उन्होंने उसे सरप्राइज देने के लिए कहा। वह उनके साथ इमारत के अंदर गया। जैसे ही उसने इमारत के अंदर इधर-उधर देखना शुरू किया तो उन दो अज्ञात लोगों ने उसे जान से मारने के लिए धक्का दे दिया। धक्का देने के बाद वह करीब दो से तीन मंजिल नीचे गिर गया। उस जगह पर वह चिल्ला रहा था, लेकिन जब वह भवन में अंदर गया तो वहां कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था। उसके बाद उसने जेब से फोन निकाला, लेकिन वह भी टूटा हुआ था। काफी देर बाद वहां पर मौजूद कुछ बच्चों ने उसे रोते-चिल्लाते हुए सुना और घटना के बारे में अन्य लोगों को बताया। वहां पर मौजूद लोगों ने एंबुलेंस को फोन किया। लोगों ने उसे एंबुलेंस में बैठाकर रोहड़ू के सरकारी अस्पताल में पहुंचाया। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में पात्र लाभार्थियों का होगा नया सर्वेक्षण

**अनंत ज्ञान, शिमला।** अतिरिक्त उपायुक्त शिमला अभिषेक वर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत आवास प्लस 2024 के सर्वे हेतु मोबाइल एप्लीकेशन को सरकार ने लांच किया है। अब इस मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से हिमाचल प्रदेश में 1 जनवरी 2025 से 31 मार्च 2025 तक पात्र लाभार्थियों का सर्वे किया जा रहा है। इसके लिए लाभार्थी स्वयं भी सर्वेक्षण कर आवेदन कर सकते हैं। सर्वे ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों स्तरों पर किया जा रहा है जिसमें पूरे परिवार का डाटा दर्ज किया जा रहा है तथा इसके साथ ही घर को जियो टैग भी किया जा रहा है। सरकार द्वारा इस सर्वेक्षण के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर पूर्व में सर्वेक्षणकर्ता नामित / पंजीकृत किए जा चुके हैं जोकि पात्र लाभार्थियों के घर जाकर इस मोबाइल एप्लीकेशन से चेहरा प्रमाणीकरण आधार ई-केवाईसी के माध्यम से सर्वे कर रहे हैं। इस सर्वे के आधार पर ही पात्र लाभार्थियों को आगामी वर्षों में आवास स्वीकृत किए जाएंगे।

### रोपवे प्रोजेक्ट को लेकर फिर टली टेंडर प्रक्रिया

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के ड्रीम प्रोजेक्ट शिमला रोपवे निर्माण को लेकर टेंडर प्रकिया एक बार फिर आगे बढ़ गई है। टेंडर के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 24 फरवरी थी और 25 फरवरी को शिमला रोपवे निर्माण को लेकर टेंडर खुलने थे, लेकिन इस तिथि तक कॉर्पोरेशन के पास एक टेंडर आया था। सिंगल टेंडर होने के चलते टेंडर की तिथि बढ़ाकर अब 10 मार्च कर दी है। 10 मार्च तक कंपनियां शिमला रोपवे निर्माण को लेकर टेंडर के लिए आवेदन कर सकेंगी। वहीं इसके बाद टेंडर खोला जाएगा। बता दें कि दिसम्बर माह से लगातार टेंडर प्रकिया आगे बढ़ रही है।

---

**नगर निगम शिमला** | महापौर सुरेंद्र चौहान और उपमहापौर उमा कौशल ने पेश किया दूसरा वार्षिक बजट

# दिव्यांग और एकल महिला को दुकानें देगा निगम

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

कांग्रेस शासित नगर निगम शिमला का दूसरा वार्षिक बजट आज पेश किया जा रहा है। महापौर सुरेंद्र चौहान और उपमहापौर उमा कौशल बजट पेश कर रहे हैं। महापौर सुरेंद्र चौहान ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 188.35 करोड़ रुपए का बजट पेश किया। खास बात यह है कि इस बार का बजट पिछले वर्ष की तुलना में 59 करोड़ रुपए कम है। बीते वित्त वर्ष 2024-25 में निगम का बजट 247.25 करोड़ रुपए था।

बजट में निगम शहरवासियों को किस तरह राहत देता है, इस पर सबकी नजरें बजट पर टिकी रही। कांग्रेस शासित नगर निगम शिमला का दूसरा वार्षिक बजट आज पेश किया है। अप्रैल से शिमला शहर में प्रॉपर्टी टैक्स चार फीसदी और कूड़ा शुल्क में दस फीसदी की बढ़ोतरी होना तय है। इसके अलावा पानी की दरें भी 10 फीसदी बढ़ जाएंगी। इन सब के बीच निगम शहरवासियों को किस तरह राहत देता है, इसके लिए सबकी नजरें बजट पर हैं।

**188.35 करोड़ रुपए का बजट पेश**



**बजट में ये हुई बड़ी घोषणाएं**

- आपदा के लिए शहर में अर्ली वार्निंग सेंटर बनेंगे।
- सीएनजी सुविधा का पेट्रोल पंप संजौली में लगेगा।
- रिवोली मार्केट के पास 60 करोड़ से बनेगा वंडर पार्क।
- 2.50 करोड़ से सुंदर बनेगा रिज पार्क।
- शहर में बनेंगे साइकिल ट्रैक।
- शहर में 1000 सोलर लाइट लगेंगी।
- दिव्यांग, एकल महिला को दुकानें देगा निगम।
- शहर में तीन और आरआरआर सेंटर खोलेंगे।
- इलेक्ट्रिक गाड़ियां खरीदेंगे।
- संजौली में 15 करोड़ से बनेगी तहबाजारी मार्केट।
- कमला नेहरू अस्पताल के पास बनेगा गेस्ट हाऊस।
- सब्जी मंडी में 500 करोड़ रुपए से बनेगा बहुउद्देश्यीय परिसर।

**ये घोषणाएं भी रही**

- शहर में हजारों रिहायशी भवनों में चल रहे
- दुकानों ढाबों से लेंगे व्यावसायिक शुल्क।
- नशे के खिलाफ शहर में चलेगा अभियान।
- शहर में 25 पिंक टॉयलेट बनेंगे।
- 5000 पौधे शहर में लगाए जाएंगे।
- स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को मिलेगा रोजगार, पौधे लगाने का देंगे पैसा।
- महिलाओं के तैयार उत्पाद बेचेने को निगम मुहैया करवाएगा बाजार।
- चलेगी ई-कार्ट, पाइप से देंगे रसोई गैस।
- 3 करोड़ से ठोस कचरा प्रबंधन होगा।
- कुत्तों की गणना होगी।
- 1.25 से रेन शेल्टर बनेंगे।
- लोगों को पाइप से रसोई गैस देंगे। दड़नी के बगीचा में गैस स्टेशन बनेगा।

**खेल सुविधाओं को बढ़ाने पर दिया जाए जोर**

**नगर** निगम के बजट से शहरवासियों को कई उम्मीदें हैं। लोगों का कहना है कि निगम ऐसी बजट घोषणाएं करें जो एक साल के भीतर पूरी भी हो सकें। न्यू शिमला निवासी प्रेमलता ने कहा कि बजट में महिलाओं के लिए नई योजनाएं लानी चाहिए। शहर की महिलाएं कैसे रोजगार हासिल करें, इस बारे में बजट में प्रावधान होना चाहिए। पंथाघाटी निवासी नितेश के अनुसार शहर में नशे के मामले बढ़ रहे हैं। निगम को खेल सुविधाओं को बढ़ाने पर जोर देना चाहिए। समरहिल निवासी सोम सिंह के अनुसार पानी, बिजली सड़कें जैसी मूलभूत सुविधाओं के अलावा नगर निगम को अब रास्ते, नालियां पक्के करने, सामुदायिक भवन बनाने जैसे काम भी करने चाहिए। रामनगर के बुजुर्ग निवासी देवदत्त के अनुसार लावारिस कुत्तों और बंदरों से राहत के प्रावधान होने चाहिए।

**बुजुर्गों के लिए खोले जाएं सिटीजन क्लब**

**कनलोग** निवासी एवं पेंशनर सुभाष वर्मा के अनुसार निगम बजट में बुजुर्गों के लिए सीनियर सिटीजन क्लब खोलने की घोषणा करें। शहर में हजारों बुजुर्गों के लिए रिज या मॉल पर कोई बैठने की जगह नहीं है। इसकी सुविधा होनी चाहिए। शिमला व्यापार मंडल के सह सचिव तरुण राणा ने कहा कि बाजारों में बिजली तार भूमिगत किए जाएं। नालियों की सफाई नियमित होनी चाहिए। निगम को पार्किंग का निर्माण होना चाहिए।

**कई सेवाएं होंगी ऑनलाइन**

**पिछले** साल पेश किया कांग्रेस शासित नगर निगम का पहला वार्षिक बजट 247.44 करोड़ रुपए का था, जो इस बार कम रहा। नगर निगम कई सेवाओं को ऑनलाइन करने की तैयारी कर रहा है। बजट में इस पर भी चर्चा की गई है।

### सीपीआईएम ने जनता विरोधी बजट दिया करार

**अनंत ज्ञान, शिमला।** सीपीआईएम लोकल कमेटी शिमला में शिमला नगर निगम द्वारा पेश किए बजट को पूरी तरह शिमला की जनता के विरोध में बताया । सीपीआईएम ने कहा कि बजट में कंपनियों को मुनाफा पहुंचने का काम किया गया है। शहर की जनता की जरूरतों को पूरी तरह अनदेखा किया गया है। नगर निगम द्वारा पानी और कूड़े के बिलों में हर साल लगातार बढ़ोतरी की जा रही है । पानी व गार्बेज के बिलों में इस बजट में 10 प्रतिशत बढ़ोतरी करना पूरी तरह गलत है इस बढ़ोतरी से शहर की जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा।

पहले ही महंगाई में जनता को अपना जीवन यापन करना मुश्किल हो रहा है नगर निगम द्वारा पानी और कूड़े के बिलों में बढ़ोतरी करना पूरी तरह शिमला शहर निवासियों के साथ अन्याय है यह बजट महंगाई को बढ़ाने का काम करेगा। पानी का वितरण शिमला जल प्रबंधन निगम को सौंप दिया अब शिमला जल प्रबंधन निगम द्वारा पानी वितरण का कार्य स्वेज कंपनी को दे दिया । एसजेपीएन और समेज कंपनी का मुनाफा बढ़ाने के लिए बजट में पानी के बिलों में बढ़ोतरी की गई है।

### हिमाचल में नशा बेकाबू : जयराम

**अनंत ज्ञान, शिमला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में नशे का कारोबार अपने चरम पर है। नशे की वजह से प्रदेश में लोग जान गवां रहे हैं। नशे का कारोबार करने वाले पूरी तरह से बेकाबू हैं। नशा माफिया पूरे प्रदेश में तांडव मचा रहे हैं। जो वर्तमान हालात हैं वह वह बहुत चिंताजनक और शर्मनाक है।

प्रदेश में पिछले एक हफ्ते में नशे के ओवरडोज की वजह से तीन युवाओं की दुखद मृत्यु का मामला सामने आ चुका है। यह आधिकारिक तौर पर समाचारों में आया है, असली संख्या और भी बड़ी है, ऐसे बहुत मामले सामने भी नहीं आ पाते हैं। यह सोचकर मन दुख से भर जाता है कि नशे की वजह से लोगों को अपनी जान गवानी पड़ रही है।

## रावीं गांव में पांच कमरों का मकान जल कर हुआ राख

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर**



सराहन उपतहसील के तहत रावीं गांव में बुधवार देर रात एक मकान में अचानक आग लग गई। इस अग्निकांड में पांच कमरों का मकान जलकर खाक हो गया। इससे मकान मालिक को लाखों का नुकसान उठाना पड़ा।

जानकारी के अनुसार बुधवार देर रात रावीं निवासी अजीत कुमार के मकान में अचानक आग भड़क उठी। आस पड़ोस के लोगों ने जब आग की लपटे देखी तो सहायता के लिए दौड़े।

ग्रामीणों ने घरेलू स्प्रे पंपों के से आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग़ पर काबू नहीं पाया जा सका, और देखते ही देखते मकान राख के ढेर में तब्दील हो गया। हालांकि अग्निकांड की सूचना पुलिस व अग्निशमन विभाग को भी दी गई, लेकिन जब तक वे पहुंचते सब कुछ खत्म हो चुका था।

प्रशासन की ओर से प्रभावित परिवार को उचित राहत राशि देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अभी तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### दिशा की बैठक अब 3 मार्च को : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने यहां जानकारी देते हुए बताया कि जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की तिथि में बदलाव हुआ है।



उन्होंने बताया कि दिशा की बैठक, जोकि 28 फरवरी को प्रात: 11 बजे बचत भवन सभागार में आयोजित होनी निश्चित हुई थी, अब 03 मार्च 2025 को उसी जगह और समय पर आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता शिमला लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप करेंगे। बैठक में केंद्र प्रायोजित परियोजनाओं की समीक्षा की जाएगी।

## सिविल अस्पताल कुमारसेन में डॉक्टरों का टोटा, लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, कुमारसेन**

सिविल अस्पताल कुमारसेन में पर्याप्त डॉक्टर न होने के कारण लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। मामूली बीमारी के उपचार के लिए भी मरीजों को रामपुर जाना पड़ता है।

इतना ही नहीं बीते 3 सालों से अस्पताल में बीएमओ का पद रिक्त पड़ा है। ऐसे में अस्पताल में प्रशासनिक कार्य प्रणाली प्रभावित होना स्वाभाविक है। जानकारी के अनुसार पांच माह पूर्व यहां के लिए एक बीएमओ के आर्डर हुए थे, लेकिन उक्त बीएमओ का डेपुटेशन सीएमओ कार्यालय में कर दिया गया है।

ज्ञात हो कि सिविल अस्पताल कुमारसेन के तहत सिविल अस्पताल कोटगढ़, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव, 8 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, और 20 उप स्वास्थ्य केंद्र आते हैं। ऐसे में बीएमओ की भूमिका और भी अहम हो जाती है। अस्पताल में अन्य स्टाफ के भी कई पद खाली पड़े हैं। मिली जानकारी के अनुसार अस्पताल में विभिन्न श्रेणी के 21 पद खाली हैं जिनमें से 4 पद चिकित्सकों के हैं।

स्थानीय लोगों और पंचायती राज प्रतिनिधियों ने सरकार व स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि शिमला डेपुटेशन पर लगाए गए बीएमओ का डेपुटेशन रद्द कर सिविल अस्पताल कुमारसेन भेजा जाए। अन्य रिक्त पड़े पदों पर भी नियुक्ति की जाए ताकि मरीजों को सहूलियत मिल सके।

## एडवोकेट एक्ट में संशोधन के खिलाफ अधिवक्ताओं ने किया विरोध-प्रदर्शन

### केंद्र सरकार से एक्ट में किए गए संशोधन को वापस लेने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



केंद्र सरकार की ओर से एडवोकेट एक्ट में किए गए संशोधन को लेकर बिलासपुर में अधिवक्ताओं ने विरोध किया है। इस दौरान अधिवक्ताओं का कहना है कि केंद्र सरकार की ओर से जो संशोधन किया गया है, उसे जल्द से जल्द वापस लिया जाए, अन्यथा यह प्रदर्शन उग्र आंदोलन का रूप धारण कर लेगा। इस दौरान विभिन्न बार संघ के अधिवक्ता मौजूद रहे। वीरवार को बिलासपुर न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं ने नारेबाजी भी की और केंद्र सरकार द्वारा किए गए संशोधन को काला कानून करार दिया। इस मौके पर घुमारवीं बार संघ के अध्यक्ष लेखराम नड्डा सहित अन्य अधिवक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से जो संशोधन किया गया है, वह अधिवक्ताओं के पक्ष में नहीं है। अधिवक्ताओं को भी परेशानी झेल नहीं पड़ेगी। उन्होंने आग्रह किया कि इस और उचित कदम उठाए जाएं अन्यथा अधिवक्ताओं का आंदोलन उगर रूप धारण कर जाएगा। उन्होंने कहा कि विधेयक में प्रस्तावित संशोधन के विरोध में देश भर में विभिन्न स्थानों पर अधिवक्ताओं आंदोलन किया जा रहा है। लेकिन फिर भी अभी तक केंद्र सरकार से इस मसले को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई है। उन्होंने कहा कि इस ओर उचित कदम उठाय जाएं। उन्होंने कहा कि इन प्रस्तावित संशोधनों को तुरंत वापस लिया जाए। इस दौरान अन्य अधिवक्ता भी मौजूद रहे। इस दौरान बिलासपुर बार संघ के अध्यक्ष विजय ठाकुर सहित अन्य अधिवक्ता भी मौजूद रहे।

### बिलासपुर और घुमारवीं में इंटरव्यू 3 व 5 मार्च को

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** जिला रोजगार अधिकारी राजेश मेहता ने जानकारी देते हुए बताया कि शिवम इंस्टीट्यूट घुमारवीं द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु 3 मार्च को जिला रोजगार कार्यालय बिलासपुर एवं 5 मार्च को उपरोजगार कार्यालय घुमारवीं में कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। यह साक्षात्कार सुबह 10:30 बजे से प्रारंभ होगा। इसमें सीनियर आईटी फैकल्टी के 10 पद, जूनियर आईटी फैकल्टी के 12 पद, टैली फैकल्टी के 4 पद, मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव के 5 पद एवं इलेक्ट्रीशियन के 3 पद भरे जाएंगे। सीनियर एवं जूनियर आईटी फैकल्टी के लिए उम्मीदवारों के पास एमसीए, बीसीए, बीएससी, एमएससी आईटी, बीटेक आईटी, कंप्यूटर साइंस अथवा पीजीडीसीए की डिग्री होना आवश्यक है। चयनित उम्मीदवारों को मासिक वेतन 11,800 रुपए से 13,800 रुपए तक प्रदान किया जाएगा, साथ ही इंसेंटिव भी दिया जाएगा। 21 से 35 वर्ष आयु वर्ग के पुरुष एवं महिला उम्मीदवार पात्र हैं।

## अब ऑनलाइन आवेदन पर ही मिलेगा पीएमएवाई का लाभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) का लाभ अब ऑनलाइन आवेदन करने वाले आवेदनकर्ता को ही मिलेगा। इसके लिए लाभार्थी के चयन को लेकर 31 मार्च अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। वहीं, ऑनलाइन आवेदन करने वाले लाभार्थियों को ही इस योजना का लाभ मिल पाएगा। केंद्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना की पारदर्शिता सुनिश्चित करने और पात्र लाभार्थियों को सशक्त बनाने के लिए एक नई पहल की है।

अब पात्र लाभार्थी स्वयं ऑनलाइन आवास प्लस पोर्टल पीएमएवाईजी.एनआईसी.इन के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए पंचायत स्तर पर चार मार्च को होने वाली ग्राम सभाओं के माध्यम से भी लाभार्थी जोड़े जाएंगे। इसके लिए पंचायतों को भी निर्देश दिए गए हैं। केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत के तक बिना घर के रह रहे लोगों को अपना घर नसीब हुआ है। केंद्र सरकार की इस योजना का लाभ लाभार्थी को मिल रहा है। लेकिन इस योजना का लाभ उठाने के लिए लाभार्थी को एक निर्धारित प्र, या के तहत आवेदन करना होगा। निर्धारित प्रक्रिया पूरी करने वाले लाभार्थी को ही इस योजना का लाभ मिल पाएगा। बताया जा रहा है कि केंद्र सरकार की ओर अब इस योजना के तहत लाभार्थियों को ऑनलाईन आवेदन करना होगा। बकायदा कल्याण विभाग से प्राप्त सूची के अनुसार संभावित घरों को भी सर्वेक्षण में शामिल किया जाएगा। केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई यह नई पहल पात्र लाभार्थियों के लिए अत्यधिक कारगर सिद्ध होगी। अब कोई भी पात्र लाभार्थी मकान निर्माण में सरकारी योजना का लाभ उठाने से वंचित नहीं रहेगा।

विभागीय अधिकारियों की मानें तो अधिकारी सर्वेक्षण रिपोर्ट का आकलन कर पात्रता सुनिश्चित करेंगे। इस पहल का उद्देश्य पात्र लाभार्थियों को आसानी और पारदर्शिता से योजना का लाभ दिलाना है। साथ ही यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में आवासीय सुविधाओं को बढ़ावा देने में मददगार साबित होगी।

### घुमारवीं में 2 मार्च को होगा कवि सम्मेलन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** संस्कार सोसायटी घुमारवीं द्वारा घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा अभियान के तहत 2 मार्च रविवार को घुमारवीं रैन बसेरा में कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है यह निर्णय संस्था की बैठक में लिया गया । कवि सम्मेलन में जिला बिलासपुर के प्रख्यात कवि लोगों को अपनी कविताओं के माध्यम से जागरूक करने और चिट्टा के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करेंगे। इस सम्मेलन की विशेषता यह है कि इसमें युवा विद्यार्थियों को भी कविता पाठन के लिए आमंत्रित किया गया है। संस्कार सोसायटी के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने जानकारी देते हुए कहा कि चिट्टा के खिलाफ चलाए जा रहे जागरूकता अभियान में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को जागृत करने का कार्य पिछले डेढ़ वर्षों से किया जा रहा है। इस अभियान के साथ समाज के बुद्धिजीवी वर्ग को जोड़ने के लिए संस्कार सोसायटी का यह प्रयास है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार सिंथेटिक ड्रग चिट्टा हमारे युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बना रहा है उसके लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को जागरूक होना तथा इस गंभीर समस्या के निराकरण के लिए सभी की सहभागिता अति आवश्यक है। महेंद्र धर्मानी ने कहा कि संस्था घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा अभियान के तहत घर- गांव जागरूकता अभियान चला रही है जिसमें हर गांव में जागरूकता कमेटियां बनाकर लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है । इन कमेटियों के माध्यम से संस्था जो चिट्टे के नशे फंस चुके युवाओ की काउंसलिंग करना और आने वाली युवा पीढ़ी इस चिट्टे के नशे में न फंसे इसके लिए निरंतर जागरूकता अभियान करती रहेगी ।

### मुख्यमंत्री को दिया नलवाड़ी मेले का न्योता



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलालपुर।** मंडी में अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ करने से पहले मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बिलासपुर जिला के नमहोल में जिला प्रशासन के अधिकारियों और स्थानीय लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह और विधायक अर्की संजय अवस्थी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने मुख्यमंत्री को 23 मार्च को नलवाड़ी मेले के समापन समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री को बिलासपुर की बंदलाधार में 23 से 27 मार्च तक प्रस्तावित इंटरनेशनल पैराग्लाइडिंग चैंपियनशिप और कोलडैम में वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों के शुभारंभ के लिए आमंत्रण दिया।

### झंडूता में विशेष ग्राम सभाएं 4 मार्च को

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** जिला स्तरीय जन शिकायत निवारण समिति की बैठक के दौरान नगर एंव ग्राम नियोजन, हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा 4 मार्च को विशेष ग्राम सभा आयोजित करने के निर्देश दिए गए है। जिसका मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायतों में नशा मुक्ति अभियान चलाना तथा उन परिवारों की पहचान करना है, जिन परिवारों के पास अभी तक रहने के लिए मकान तथा शौचालय नहीं है। यह कार्य ग्रामीण स्वच्छता सुनिश्चित करने तथा सरकार की विभिन्न योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। विकास खंड अधिकारी झंडूता संजीव पुरी ने बताया कि आबिद हुसैन सादिक, उपायुक्त जिला बिलासपुर के आदेशानुसार पूरे विकास खंड की ग्राम पंचायतों में 4 मार्च को विशेष ग्राम सभा आयोजित करने के निर्देश जारी किये है। इसमें ग्राम पंचायतों में नशा मुक्ति अभियान चलाना तथा उन परिवारों की पहचान करना है, जिन परिवारों के पास अभी तक रहने के लिए मकान तथा शौचालय नहीं है। यह कार्य ग्रामीण स्वच्छता सुनिश्चित करने तथा सरकार की विभिन्न योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। अतः सभी उपमंडल के लोगों से आग्रह है कि वह 4 मार्च को अपनी अपनी पंचायतों में आयोजित विशेष ग्राम सभा में हिस्सा लें।

## सोलन में छात्रों ने जाना, कैसे तैयार किया जाता है मशरूम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के वनस्पति विभाग के विद्यार्थियों ने 25 फरवरी को सोलन में मशरूम अनुसंधान निदेशालय का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) का हिस्सा है। डीएमआर भारत का एकमात्र संस्थान है जो विषेश रूप से मशरूम पर ध्यान केंद्रित करता हैं। इनका प्रमुख कार्य मशरूम से रिलेटिड जर्म प्लाज्म को कनसर्व करना और दूसरा प्रमुख कार्य रिसर्च कंडक्ट करना हैं और अभी मोर्चेला एस्कूलेंटा (गुच्छी मशरूम) के ऊपर रिसर्च कर रहें हैं।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर पीएस कटवाल ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और ऐसी गतिविधियों के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को अपना करियर चुनने में सहायता मिलती है । प्राचार्य ने विद्यार्थियों को बताया कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण के दौरान समूह में रहने और सीखने से विद्यार्थियों के अंदर एकता की भावना विकसित होती है और सहपाठियों के साथ विचारों का आदान-प्रदान होता है, जिससे सामूहिक ज्ञान बढ़ता है और उन्होंने कहा कि ऐसा भ्रमण जहां विद्यार्थियों को व्यवसायिक दुनिया के लिए तैयार करता है वहीं उनके समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान आईसीएआर- डीएमआर सोलन के प्रमुख विज्ञानीक डॉक्टर ब्रिज लाल अत्री ने बच्चों को अपने संस्थान और मशरूम की खेती के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। वह 2016 में स्थानांतरण पर आईसीएआर डीएमआर, सोलन में शामिल हुए और विभिन्न मशरूम के कटाई उपरांत प्रबंधन, भंडारण और मूल्य संवर्धन पर काम कर रहें हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को विस्तृत रूप से मशरूम के बारे मे जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को पांच प्रकार के मशरूम के बारे जानकारी दी, जो आमतौर पर भारत में उगाए जाते हैं।

**प्रोटेस्ट** | कानूनगो एवं पटवारियों का स्टेट कैडर के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन दूसरे चरण में प्रवेश

## स्टेट कैडर करने से प्रभावित होगी वरिष्ठता

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

राजस्व विभाग के अंतर्गत संयुक्त कानूनगो एवं पटवारी का स्टेट कैडर करने का विरोध प्रथम चरण के दूसरे दिन प्रवेश कर गया। गुरुवार को संयुक्त पटवारी एवं कानूनगो महासंघ की ओर से घुमारवीं में प्रदेश सरकार के निर्णय के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। इसकी अगुवाई महासंघ के जिला प्रधान सुनील दत्त जोशी ने की। घुमारवीं उपमंडल के अंतर्गत आने वाले घुमारवीं व भराड़ी इकाई के सदस्यों ने घुमारवीं में इक्कठे होकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि स्टेट कैडर करने से जिला के पटवारी कानूनगो की वरिष्ठता सूची प्रभावित होगी। इससे भविष्य में होने वाली पदोन्नति का विपरीत असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि महासंघ सरकार द्वारा लाई जाने वाली तबादला नीति से सहमत है परन्तु उससे पहले सरकार राज्यस्तरीय बलवान कमेटी द्वारा की गई सिफारिशों को लागू करे। सरकार यदि इस सन्दर्भ में महासंघ को वार्ता के लिए बुलाती है तो महासंघ तैयार है। महासंघ के सदस्यों कहना है कि पहले से ही उक्त वर्ग का जिला कैडर रहा है। लेकिन प्रदेश सरकार की ओर से जो निर्णय लिया है वह सरासर गलत है। महासंघ ने चेताया है कि यदि जल्द ही प्रदेश सरकार ने इसे लेकर उचित कदम नहीं उठाए तो पेनडाऊन हड़ताल शुरू की जाएगी। जिसकी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी। इस प्रदर्शन में कानूनगो व पटवारियों ने अपनी मांग को लेकर आवाज उठाई। इस मौके पर महासंघ के जिला प्रधान सुनील दत्त जोशी ने कहा कि पटवारी व कानूनगो की भर्ती डिस्ट्रिक कैडर में हुई थी। लेकिन अब सरकार ने अचानक स्टेट कैडर को लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। जिसमें उन्हें डिस्ट्रिक कैडर से स्टेट कैडर कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय बैठक में सरकार के निर्णय के खिलाफ प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया था। यदि सरकार द्वारा इस मसले को लेकर वार्ता के लिए नहीं बुलाया जाता है तो आागमी रूपरेखा तैयार की जाएगी। उन्होंने प्रदेश सरकार से आह्वान किया कि इस मसले को लेकर उचित कदम उठाए जाएं और मांगों को पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग से सेवानिवृत्त कर्मचारियों सोहन लाल सेवानिवृत्त तहसीलदार, ओमप्रकाश, प्यार सिंह व अन्य सेवानिवृत्त कानूनगो ने समर्थन दिया है

### झंडूता में बारिश के बीच दिया धरना

**अनंत ज्ञान झंडूता।** झंडूता उपमंडल के मुख्यालय झंडूता में प्रदेश सरकार की ओर से राजस्व विभाग के अंतर्गत कानूनगो, पटवारी का स्टेट कैडर करने के निर्णय को लेकर संयुक्त पटवारी एवं कानूनगो महासंघ ने विरोध जताया है और बारिश के बीच धरना प्रदर्शन किया। झंडूता महासंघ के प्रधान का कहना है कि पहले से ही उक्त वर्ग का जिला कैडर रहा है। लेकिन प्रदेश सरकार की ओर से जो निर्णय लिया है वह सरासर गलत है। महासंघ ने चेताया है कि यदि जल्द ही प्रदेश सरकार ने इसे लेकर उचित कदम नहीं उठाए तो पेनडाऊन हड़ताल शुरू की जाएगी। जिसकी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी। झंडूता कानूनगो और पटवारी संघ के प्रधान भरत भूषण ने की। इस प्रदर्शन में कानूनगो व पटवारियों ने अपनी मांग को लेकर आवाज उठाई। उन्होंने मीडिया से रू-ब-रू होते हुए कहा कि पटवारी व कानूनगो की भर्ती डिस्ट्रिक कैडर में हुई थी। लेकिन अब सरकार ने अचानक स्टेट कैडर को लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। जिसमें उन्हें डिस्ट्रिक कैडर से स्टेट कैडर कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय बैठक में सरकार के निर्णय के खिलाफ प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया था।

## न्यूज ब्रीफ

### चंबा में 3 से 7 मार्च तक होंगे कैंपस इंटरव्यू

**अनंत ज्ञान, चंबा।** निजी कंपनी द्वारा सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर के भरे जाएंगे 150 पद-अरविंद सिंह चौहान, जिला रोजगार अधिकारी चंबा अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय चंबा (बालू) द्वारा 3 से 7 मार्च तक जिला के विभिन्न स्थानों पर कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है जिसमें निजी कंपनी सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विस लिमिटेड शाहतलाई द्वारा सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर के 150 पद भरे जाएंगे तथा चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति चडीगढ़ व हिमाचल में की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 03 मार्च उप रोजगार कार्यालय चुवाड़ी, 4 मार्च को जिला रोजगार कार्यालय चंबा (बालू), 5 मार्च को उप रोजगार कार्यालय तीस्सा, 6 मार्च को पंचायत घर भरमौर व 7 मार्च को उप रोजगार कार्यालय डलहौजी में कैंपस इंटरव्यू आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए आवेदकों की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं अथवा स्नातक तथा आयु सीमा 19 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है तथा अभ्यर्थी की ऊंचाई 5 फीट 8 इंच से अधिक तथा न्यूनतम वजन 52 किलोग्राम होना चाहिए। उन्होंने बताया कि सभी पुरुष उम्मीदवारों के लिए ही हैं। उन्होंने बताया चयनित युवाओं को एक माह की प्रशिक्षण अवधि के उपरांत 15000 से 17000 रुपए वेतन व अन्य भत्ते दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस कैंपस इंटरव्यू में भाग लेने के इच्छुक उम्मीदवार शैक्षिणक योग्यता के मूल प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, रोजगार कार्यालय का प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बायोडाटा आदि दस्तावेज लेकर निर्धारित तिथि व स्थानों पर सुबह 11: 00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### बनीखेत स्कूल की बैस्ट पाठशाला प्रबंधन समिति का चयन

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बनीखेत में शिक्षा खण्ड बनीखेत के अंतर्गत आने बाले स्कूलों में से वैस्ट पाठशाला प्रबंधन समिति चुनी गई। माध्यमिक पाठशाला कैटेगरी में राजकीय माध्यमिक पाठशाला कैहल की पाठशाला प्रबंधन समिति प्रथम स्थान पर रही। राजकीय माध्यमिक पाठशाला त्रिड्डा द्वितीय जबकि राजकीय माध्यमिक पाठशाला बेडल ततीय स्थान पर रहा। वरिष्ठ माध्यमिक की कैटेगरी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नगाली की पाठशाला प्रबंधन समिति प्रथम स्थान पर रही। द्वितीय स्थान पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बगडार तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बलेरा तीसरे स्थान पर रहे। इस कार्यक्रम में शिक्षा खंड बनीखेत की लगभग सभी सभी पाठशालाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड परियोजना अधिकारी प्रीतम ठाकुर ने सभी विजेताओं को बधाई दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीआरसीसी अंतिमा शर्मा अकाउंटेंट राजेश कपूर, सुरेखा ठाकुर आदि का विशेष योगदान रहा।

### पटवारी और कानूनगो सामूहिक अवकाश पर

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पटवारी एवं कानूनगो संघ ने 25 फरवरी से आज तक जो सामूहिक अवकाश पर थे सरकार की तरफ से अभी तक उन्हें किसी तरह से भी कोई संकेत मिलते दिखाई नहीं दे रहे हैं जिसको लेकर पटवारी तथा कानूनगो संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का विचार कर रहा है। इस बारे में जिला चंबा में कुल 164 पटवारी तथा 51 कानूनगो को सामूहिक अवकाश पर थे। जिला चंबा के पटवारी संघ के अध्यक्ष जितेंद्र से ने बताया कि प्रदेश संगठन तथा सरकार से सामूहिक अवकाश तथा मांगों को लेकर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई थी। जितेंद्र ने संगठन का रुख साफ करते हुए बताया कि मांगों पर ठोस कदम न उठाया तो वह कल से हड़ताल पर जाएंगे।

### दस्तावेज न दिखाने पर मशीनरी से लदा ट्रक जब्त

**अनंत ज्ञान, चंबा।** भरमौर-पठानकोट हाईवे पर नैनीखड्ड में राज्य एवं आबकारी विभाग की टीम ने नाकेबंदी कर दस्तावेज न दिखाने पर ट्रक को अपने कब्जे में लेकर 7,59,600 रुपए जुर्माना लगाया। राज्यकर एवं आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त बिन प्रसाद थापा और राज्यकर एवं आबकारी डेविड मोहन की अगुवाई में नाका लगाया गया था। मशीनरी से भरे ट्रक को टीम ने रोक कर यह कार्रवाई की है। अब दस्तावेज कार्यालय में प्रस्तुत करने पर ट्रक को छोड़ दिया गया। जानकारी के मुताबिक नैनीखड्ड के पास राज्यकर एवं आबकारी विभाग की ओर से नाका लगाया गया था। इसी बीच चंबा के लिए मशीनरी से भरा एक ट्रक पहुंचा। तलाशी के उपरांत टीम ने सामान संबंधी मान्य दस्तावेज चालक से मांगे लेकिन नहीं दिखाए जिसके बाद कार्रवाई की गई।

### बीते 72 घंटों से लगातार हो रही बर्फबारी में बारिश के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त

# जिला मुख्यालय से कटा पांगी घाटी का संपर्क

**अनंत ज्ञान, चंबा/डलहौजी**

पांगी घाटी में आज भी निरंतर बर्फबारी जारी रही। सच-साइचू घाटी मार्ग को सुगम बनाने हेतु प्रशासन ने भारी मशीनरी तैनात कर बर्फ हटाने का कार्य तेजी से प्रारंभ कर दिया है। जनजातीय क्षेत्र पांगी घाटी का संपर्क देश दुनियां व अन्य राज्यों से पूरी तरह कट गया है। इस प्रयास का मुख्य उद्देश्य कठिन मौसमी हालात के बीच यातायात को आसान बनाना है, जिससे जरूरतमंद यात्रियों और आपातकालीन सेवाओं को सहायता मिल सके।



### पांगी घाटी के लोग कर रहे प्राकृतिक आपदा का सामना

**इस** कठिन दौर में, पांगी घाटी के निवासी और प्रशासन मिलकर प्राकृतिक आपदा का सामना कर रहे हैं, और यह संकल्प कर रहे हैं कि चाहे हालात कितने भी विपरीत क्यों न हों, राहत और सुरक्षा का मार्ग हमेशा खुला रहेगा।



### मशीनरी के प्रयास और प्राकृतिक चुनौतियां

**हालांकि** मशीनरी द्वारा बर्फ हटाने का काम जोरों पर है, परंतु प्राकृतिक आपदा की इस घड़ी में लगातार गिरती बर्फ ने न केवल सड़कों पर दुश्चारी स्थितियां पैदा कर दी हैं, बल्कि क्षेत्रीय जीवन को भी प्रभावित किया है। प्रशासन ने इस चुनौती से निपटने के लिए हर संभव प्रयास किए हैं, परंतु बर्फबारी की तीव्रता ने काम में अवरोध उत्पन्न कर दिया है।

### दूरसंचार में आई त्रुटियां

बर्फबारी के इस दौर में एक और गंभीर समस्या सामने आई है-टेलीफोन लाइन में लगातार त्रुटियां। संचार नेटवर्क में आई इस व्यवधान के कारण आपातकालीन सेवाओं और स्थानीय निवासियों के बीच संपर्क स्थापित करना कठिन हो गया है। तकनीकी विशेषज्ञों का मानना है कि अत्यधिक ठंड और भारी बर्फबारी के कारण मौसमी अस्थिरता दूरसंचार उपकरणों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है।

### समाधान के प्रयास और आशा की किरण

**स्थानीय** प्रशासन ने निवासियों से धैर्य रखने का आग्रह किया है और आपातकालीन स्थिति में सुरक्षित रहने की सलाह दी है। तकनीकी विभाग लगातार इस समस्या के समाधान हेतु कड़ी मेहनत कर रहा है ताकि जल्द से जल्द संचार व्यवस्था सामान्य हो सके। प्रशासन और तकनीकी विशेषज्ञ मिलकर इस चुनौती का सामना करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिससे ना केवल सड़क मार्ग बल्कि संचार नेटवर्क भी शीघ्र ही सुधर सके।

# चांजु पंचायत ने पावर प्रोजेक्ट के रोपवे के काम को करवाया बंद



काम बंद करवाने के दौरान मौजूद स्थानीय लोग।

**मुकेश कुमार, तीसा/चंबा**

आज विकासखंड तीसा की ग्राम पंचायत चांजू के पंचायत प्रतिनिधिमंडल ने एचपीपीसीएल निर्माणाधीन पावर प्रोजेक्ट चांजु तृतीया में जाकर आज काम को बंद करवा दिया।

बता दें कि बीते दिनों उपमंडल अधिकारी तीसरा अंकुर ठाकुर ने चांजु तृतीया पावर प्रोजेक्ट का दौरा किया था, जिसमें स्थानीय लोगों के समक्ष आ रही मांगों समस्याओं को लेकर उन्हें आश्वासन किया था कि वह जल्द इस पर कोई ठोस उचित कदम उठाएंगे।

इस पर स्थानीय ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों तथा ग्राम वासियों ने उपमंडलाधिकारी नागरिक तीसा अंकुर ठाकुर को एक विज्ञापन भी सौंपा था किंतु जब इस पर कोई कार्रवाई होती नहीं दिखाई तो आज स्थानीय ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि तथा कंपनी से निकल गए कामगारों ने रोप-वे साइट पर जाकर वहां चल रहे काम को बंद करवा दिया और उन्होंने प्रोजेक्ट प्रबंधन को चेताया है कि वह जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया तो को तो वे जल्द ही अपने प्रदर्शन को उग्र करेंगे।

#### लोगों ने कहा-मांगें पूरी हों वरना होगा उग्र प्रदर्शन

ग्राम पंचायत प्रधान टेकी देवी ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने स्थानीय कामगारों काम से निकलने तथा बाहरी कामगारों को काम पर रखने पैर उन्हें भारी रोष है इसलिए जल्द से जल्द स्थानीय कामगारों को दोबारा से काम पर रखा जाए तथा बाहर से आए कामगारों को बाहर का रास्ता दिखाया जाए।

उन्होंने यह भी चेताया कि अगर प्रोजेक्ट प्रबंधन इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाता है तो प्रदर्शन को उग्र किया जाएगा।(अनंत ज्ञान)

# विधवा और दिव्यांग महिलाओं को आवास किए जाएंगे आवंटित

**अनंत ज्ञान, चंबा**

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा विधवा, एकल व दिव्यांग महिलाओं को आवास उपलब्ध करवाने के लिए एक विशेष पहल की है जिसके अंतर्गत ऐसी विधवा, एकल व दिव्यांग महिलाएं जिनकी आयु 18 से 60 वर्ष के बीच है, पिछले 12 महीनों के दौरान भवन एवं अन्य किसी भी निर्माण कार्य में कम से कम 90 दिन काम किया हो और जिनकी सालाना आय 2,50,000 रुपए से कम है ऐसी महिलाओं को प्रदेश सरकार द्वारा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर आवास आवंटित किए जाएंगे। यह जानकारी जिला श्रम कल्याण अधिकारी श्वेता ने आज यहां दी।

#### पात्र महिलाएं करवाए पंजीकरण

उन्होंने बताया कि पात्र महिलाएं अपना पंजीकरण हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड कार्यालय हरदासपुरा जिला चंबा में आकर करवा सकती हैं तथा इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में स्वयं आकर अथवा कार्यालय के दूरभाष के माध्यम से संपर्क कर सकती हैं।

### आधार से मोबाइल नंबर लिंक करवाना अनिवार्य

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड जिला कार्यालय चंबा द्वारा ई-केवाईसी (आधार वेरीफिकेशन) की मुहिम चलाई जा रही है। इस मुहिम के तहत कामगार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत श्रमिकों को लोक मित्र केंद्र में जाकर अपना आधार नंबर अपने मोबाइल नंबर से 31 मार्च 2025 तक लिंक करवाना अनिवार्य है। पंजीकृत श्रमिकों की ई-केवाईसी आधार वेरीफिकेशन को सुनीश्चित किया जा सके अन्यथा भविष्य में कल्याणकारी योजनाओं के लाभ के लिए पंजीकृत श्रमिकों की पात्रता रद्द हो जाएगी। यह जानकारी जिला श्रम कल्याण अधिकारी चंबा श्वेता द्वारा दी गई है।

# हर व्यक्ति को अपना आभा कार्ड बनाना जरूरी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

बीते कल गुरुवार को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा की अध्यक्षता में किया गया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जालम भारद्वाज ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य जिला चंबा में मरीजों को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के द्वारा जोड़कर घर बैठे स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त करना है।

इस ट्रेनिंग के प्रशिक्षण हेतु जितेंद्री राणा जिला समन्वयक (आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन) मुख्य चिकित्सा अधिकारी



कार्यालय चंबा से उपस्थित रही। उन्होंने बताया कि सबसे पहले जिला के हर एक व्यक्ति को अपना आभा कार्ड बनाना जरूरी है, तभी वह इस डिजिटल मिशन के तहत स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिला के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नागरिक अस्पताल, क्षेत्रीय अस्पताल तथा मेडिकल कॉलेज इस मिशन के तहत पंजीकृत किया जा चुके हैं।

आज की कार्यशाला में उन्होंने हर एक खंड चिकित्सा अधिकारी और चिकित्सा अधिकारी को बताया कि दूसरे चरण में सभी डॉक्टर को अपना हेल्थ प्रोफेशनल आईडी बनाना अनिवार्य है ताकि वह इस मिशन के तहत मरीज को ऑनलाइन अपनी स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान कर सके। इस प्रशिक्षण में पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अविनाश, डिप्टी चिकित्सा अधीक्षक डीआर हर्ष महाजन आदि ने हिस्सा लिया।(अनंत ज्ञान)

# नगर परिषद के विकास को तत्पर नीलम नैय्यर

**आरके सहगल, चंबा**

हिमाचल प्रदेश की पावन धरा पर, कर्मठता और जनसेवा की प्रतीक नीलम नैयर का जीवन प्रेरणा से भरपूर है। इनका जन्म 28 फरवरी 1962 को चंबा के सप्री मोहल्ला में एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ। इनके पिता, हिमाचल प्रदेश सरकार में सरकारी कर्मचारी रहकर नायब तहसीलदार के पद से सेवानिवृत्त हुए। इनके दो बड़े भाई-भूपिंद्र सिंह मारह, जिन्होंने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में भूगोल के प्रोफेसर के रूप में सेवा की, और इनके दूसरे भाई, जिन्होंने अर्धसैनिक बल में आईजी पद से सेवानिवृत्ति प्राप्त की, परिवार की शान रहे हैं। नीलम नैयर ने अपनी



स्कूली शिक्षा गर्ल्स स्कूल, चंबा से प्राप्त की और डिग्री कॉलेज, चंबा से स्नातक की पढ़ाई पूरी की। पढ़ाई के साथ-साथ उन्होंने खेल एवं संगीत के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्कूल और कॉलेज स्तर पर राज्य स्तरीय हॉकी तथा बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में उनकी प्रतिभा चमकी। साथ ही, सितार वादन में भी उन्होंने कई अंतरविद्यालय एवं अंतरमहाविद्यालय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी कला को निखारा। स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद उनका विवाह हुआ और वे एक आदर्श गृहिणी के रूप में अपने परिवार की जिम्मेदारियां निभाने लगीं। उनके पति, पवन नैयर जी, जो 1986 से राजनीति के क्षेत्र में सक्रिय हैं, ने अपने दीर्घकालीन अनुभव से 2017 में विधायक के रूप में अपनी पहचान बनाई। नीलम ने पति की राजनीतिक सलाहकार बनकर भी भूमिका निभाई ।

नीलम नैयर जी ने 2001 में 'नगर परिषद चुनाव' में भाग लेकर राजनीति में प्रवेश किया और अपनी पहली ही जीत से यह सिद्ध कर दिया कि उनके निर्णयों में जनता के हित सर्वोपरि हैं। 2006 में उनके पति ने नगर परिषद का चुनाव जीता और 2016 में पुनः महिला सीट पर भारी मतों से विजय पाई गई। 2016-2021 के कार्यकाल में उन्होंने नगर परिषद अध्यक्ष तथा चेयरपर्सन के रूप में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए। आज भी वे नगर परिषद अध्यक्ष और चेयरपर्सन के रूप में जनता की सेवा में तत्पर हैं।


# शिक्षकों ने सिंगापुर की उत्कृष्ट शैक्षिक प्रभाव को जाना

**अनंत ज्ञान, चंबा**

शिक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा प्रायोजित शिक्षकों के अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक भ्रमण के अंतर्गत सिंगापुर देश में अंतरराष्ट्रीय शिक्षण प्रविधियों का ज्ञान हासिल कर प्रदेश के 60 से अधिक शिक्षकों का दल वापस लौट रहा है।

इन शिक्षकों में जिला चंबा से चयनित हुए चार शिक्षक अनिल शर्मा, मुकेश शर्मा, विनोद कुमार सहित राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षक युद्धवीर टंडन का नाम भी शामिल है। इस भ्रमण का उद्देश्य शिक्षकों को विश्व स्तरीय शिक्षा प्रणाली से अवगत कराना और उन्हें अपने शिक्षण कौशल में सुधार करने का अवसर प्रदान करना था।

इस अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक भ्रमण के दौरान दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय



अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक भ्रमण में शामिल शिक्षक।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सिंगापुर की प्रिंसिपल अकादमी द्वारा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम विशेष रूप से 21वीं सदी के शैक्षिक कौशलों एवं कक्षा कक्ष गतिविधियों सहित बच्चों को रचनात्मक एवं तार्किक सोच विकसित करने सहित अनुभवात्मक शिक्षण प्रदान करने पर बल दिया गया।

इस अवसर पर जिला चंबा के शिक्षकों द्वारा सिंगापुर की शिक्षा प्रणाली एवं शिक्षण विधि पर आधारित प्रश्न स्थानीय शिक्षकों प्रधानाचार्य से पूछे गए जहां एक और शिक्षकों ने सिंगापुर की उत्कृष्ट शैक्षिक प्रभाव को जाना तो वहीं दूसरी ओर हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग की बेहतरीन शिक्षण प्रथाओं को भी अध्यापकों के साथ साझा किया।

प्रशिक्षण प्राप्त करने पर जिला के चारों शिक्षकों को प्रिंसिपल अकादमी द्वारा प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए।

# शिव पार्वती मंदिर बाथरी और भूरू नाग देवता मंदिर में लगे लंगर

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

आज भुरु नाग देवता मंदिर बनीखेत तथा शिव पार्वती मंदिर बाथरी में शिवरात्रि के महापर्व के अवसर पर भव्य भंडारों का आयोजन किया गया जिसमें शिव भक्तों ने इस आयोजन में भाग लिया तथा शिव के सम्मुख शीश नवा कर प्रसाद ग्रहण किया।

बता दें कि बीते कल महाशिवरात्रि के अवसर पर जहां विधिवत पूजा अर्चना के उपरांत शाम को भव्य नवाले आयोजित किए गए तो वहीं आज हवनाआहुति के उपरांत भगवान शिव के समक्ष भोग लगाने केउपरांत भव्य भंडारे आयोजित किए गए। बनीखेत में सुबह से ही स्थानीय लोग गायको



सुनील शास्त्री लकी ठाकुर तथा पुष्प भारद्वाज ने भुरु नाग देवता मंदिर परिसर में अपनी प्रस्तुतियां देखकर आए हुए लोगों को अपने भजनों से निहाल किया। इस आयोजन में जहां छोटे-बड़े आए हुए सभी भक्तों ने शिव एंचलीयों पर नाच कर तथा माला शिव के नतमस्तक होकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

### सूडोकु नवताल- 7355

***** मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | 5 | | 2 | | 4 |
| 4 | 5 | | | | 9 | 7 | 1 | 8 |
| | | | | 7 | | | 5 | 3 |
| | 8 | 2 | 7 | | 5 | | | 6 |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| 5 | | | 1 | | 2 | 8 | 3 | |
| 8 | 4 | | | 9 | | | | |
| 3 | 6 | 1 | 2 | | | | 9 | 5 |
| 2 | | 5 | | 1 | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7354 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

28 फरवरी, 2025, शुक्रवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** माघ, **तिथि** प्रतिपदा (3:18): **नक्षत्र** शतभिषा (01:41), **पक्ष** : शुक्ल, **योग :** सिद्धि (08:07) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (12:10-12:57), **राहुकाल** (11:07-12:34)।

### विशेष दिन

- 28 फरवरी 2025 : राष्ट्रीय विज्ञान दिवस आज।
- 01 मार्च 2025 : फुलेरा दूज कल।

**मेष:** आज आप थकान महसूस करेंगे। क्रोध की अधिकता भी हो सकती है। परिणामस्वरूप आपका काम बिगड़ने की आशंका है।

**वृषभ:** खानपान में लापरवाही के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। समय से भोजन और नींद न लेने के कारण मानसिक रूप से बेचैनी का अनुभव हो सकता है।

**मिथुन:** मस्ती और मनोरंजन की प्रवृत्तियों में आपको विशेष रुचि होगी। परिवार और मित्रों के साथ कहीं घूमने-फिरने जाने का आयोजन होगा। सार्वजनिक जीवन में मान प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी।

**कर्क:** आज का दिन खुशी और सफलता का है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। नौकरीपेशा लोगों को ऑफिस में अनुकूल वातावरण मिलेगा।

**सिंह :** स्वस्थ महसूस करेंगे। सृजनात्मक प्रवृत्तियों में विशेष दिलचस्पी रहेगी। साहित्य और कला के क्षेत्र में कुछ नए सृजन करके प्रेरणा मिलेगी।

**कन्या :** आज आपको प्रतिकूलताओं का सामना करने के लिए तैयार रहना पड़ेगा। शारीरिक स्वास्थ्य के संबंध में शिकायत रहेगी।

**तुला:** भाग्यवृद्धि होने के कारण साहस भरे कार्य हाथ में लेने के लिए आज का दिन शुभ है। योग्य जगह पर पूंजी निवेश आपको लाभदायक रहेगा।

**वृश्चिक:** आज नकारात्मक मानसिकता से दूर रहें। स्वास्थ्य संबंधी शिकायत रहेगी। अनावश्यक खर्च पर अंकुश लगाना आवश्यक है।

**धनु:** आज आपके निर्धारित कार्य में सफलता और आर्थिक लाभ की संभावना देखते हैं। सपरिवार मांगलिक प्रसंग में उपस्थित होंगे।

**मकर:** आज आप धार्मिक और आध्यात्मिक प्रवृत्तियों में अत्यधिक व्यस्त रहेंगे। पूजा-पाठ या धार्मिक कार्य के पीछे आपका धन खर्च होगा।

**कुंभ :** नौकरी धंधे में लाभ के साथ अतिरिक्त आय खड़ी कर सकेंगे। मित्र वर्ग, विशेष रूप से स्त्री मित्रों से आपको लाभ होगा।

**मीन :** आपके लिए आज का दिन शुभ है। काम की सफलता और उच्च पदाधिकारियों का प्रोत्साहन आपके उत्साह को दोगुना करेंगे।

# हेलिपोर्ट निर्माण से क्षेत्र के विकास को मिलेगी नई दिशा: श्याम ठाकुर

**ओपी शर्मा, भरमौर**



जनजातीय क्षेत्र भरमौर के होली व पांगी में हेलिपोर्ट निर्माण को मंजूरी मिलने पर यहां के लोगों ने प्रदेश सरकार व प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू का आभार व्यक्त किया है। प्रदेश उपाध्यक्ष युवा नीति एवं अनुसंधान हिमाचल प्रदेश एवं पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष भरमौर पांगी श्याम ठाकुर ने इसे विधानसभा क्षेत्र भरमौर के लिए मील का पत्थर बताया है। उन्होंने कहा है कि इस महत्वपूर्ण निर्णय से क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी।

इससे लोगों को स्वास्थ्य शिक्षा और दूसरी सेवाओं तक पहुंचाने के लिए आसानी होगी। गौरतलब है प्रदेश में तीन हेलिपोर्ट निर्माण को मंजूरी मिल गई है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र भरमौर में दो हेलीपोर्ट बनने का रास्ता अब पूरी तरह से साफ हो गया है। इसके तहत भरमौर के होली और पांगी में जल्द ही नए हेलीपोर्ट का निर्माण शुरू हो जाएगा।

# नगाली स्कूल की प्रबंधन समिति विजेता

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगाली लगातार तीसरी बार सर्वश्रेष्ठ स्कूल प्रबंधन समिति खंड बनीखेत प्रतियोगिता का विजेता बना । आज 27 फरवरी को राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनीखेत में खंड स्तरीय सर्वश्रेष्ठ स्कूल प्रबंधन समिति की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें खण्ड परियोजना अधिकारी श्री प्रीतम चंद ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला और उच्च पाठशाला के आठ स्कूलों



ने भाग लिया और अपने-अपने स्कूलों की संपूर्ण गतिविधि और स्कूल प्रबंधन समिति का संपूर्ण कार्य पीपीटी के द्वारा प्रदर्शित किया जिसमें लगातार तीसरी बार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगाली प्रथम स्थान पर रह। वही दूसरे स्थान पर राजकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय बगढर और तीसरे स्थान पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलेरा रहा । कार्यवाहक प्रधानाचार्य संदीप राज राठौड़ ने इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए सभी अध्यापकों स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान और सदस्यों और स्कूल के सभी बच्चों और स्थानीय जनता को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगाली तीसरी बार लगातार खंड स्तरीय बेस्ट एमएमसी रहा है।

**जनसभा** विधानसभा अध्यक्ष ने अवांह तथा होबार में पुस्तकालयों का किया शुभारंभ

# पुस्तकें सच्ची मित्र, उन्नति और तरक्की का करती हैं मार्ग प्रशस्त

**अनंत ज्ञान, चंबा (चुवाड़ी)**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज भटियात विधानसभा क्षेत्र के तहत ग्राम पंचायत अवांह तथा होबार में पुस्तकालय का लोकार्पण किया। कुलदीप सिंह पठानिया ने ग्राम पंचायत भवन होबार के परिसर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन का आधार है। एक सुशिक्षित एवं सफल व्यक्ति ही समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सक्षम होता है।

उन्होंने कहा कि गुणवत्ता युक्त शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध करवाने तथा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारियों में जुटे विद्यार्थियों को सुविधाएँ उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से पंचायत स्तर पर पुस्तकालय खोले जा रहे हैं। इनमें प्रति पुस्तकालय 10 लाख रूपयों की राशि से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकें, हाई स्पीड इंटरनेट तथा कंप्यूटर इत्यादि सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

विधानसभा अध्यक्ष ने विशेष कर युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि पुस्तकें एक सच्चे मित्र



की भूमिका निभा कर उन्नति और तरक्की का मार्ग प्रशस्त कर सकती हैं। उन्होंने अपने संबोधन में सोशल मीडिया और इंटरनेट सेवाओं का सदुपयोग सुनिश्चित बनाने का भी आग्रह किया । उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत टुंडी, काहरी, रजैई, जीयूंता, ककीरा में भी जल्दी पुस्तकालय की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी ।

कुलदीप सिंह पठानिया ने अपने संबोधन में विकासात्मक परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कि अवांह तथा आसपास की ग्राम पंचायतों के लिए 15 करोड़ की धनराशि से 7 संपर्क मार्गों के निर्माण के प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। उन्होंने महिला मंडल भवन निर्माण के लिए भी आवश्यक धनराशि उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया।

उन्होंने इससे पहले ग्राम पंचायत अवांह में आयोजित जनसभा के दौरान रामलीला ग्राउंड तथा कला मंच निर्माण को लेकर भी संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए।

मनुष्य को सफलता का आनंद उठाने के लिए आवश्यक कठिनाइयों की जरूरत होती है। -डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम

## संपादकीय

# दागी नेताओं पर सवाल

दागी नेताओं पर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग फंस गए हैं। सुप्रीम कोर्ट में आपराधिक दोषी नेताओं के चुनाव लड़ने या न लड़ने पर एक याचिका डाली गई थी, जिसमें मांग की गई थी कि किसी भी अपराध में दोषी पाए गए नेताओं के चुनाव नहीं लड़ने के नियम में संशोधन किया जाए और इस अवधि को बढ़ाकर ताउम्र किया जाए यानी जो नेता आपराधिक केसों में दोषी माना जा चुका है उस पर पूरी जिंदगी चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी जाए। सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार ने इस याचिका का जमकर विरोध किया है। केंद्र ने यह तर्क दिया था कि आजीवन अयोग्यता वह अधिकतम सीमा है जो प्रावधानों के तहत लगाई जा सकती है और ऐसी कोई अयोग्यता लगाना उस संसद अधिकार क्षेत्र में आता है जिसे संविधान के तहत कानून बनानी की शक्ति है।

हालांकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद केंद्र सरकार फंसती नजर आ रही है। इतना ही नहीं मामला चूंकि चुनाव का है तो सुप्रीम कोर्ट में इस केस में चुनाव आयोग को भी शामिल कर लिया है। केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को इस मामले में जवाब देने के लिए काफी समय मिला, लेकिन सवाल यह है कि क्या वाकई किसी भी अपराध में सजा पा चुके नेता पर चुनाव लड़ने के लिए ताउम्र रोक लगानी चाहिए। हमारे देश से राजनीति को अपराध मुक्त करना इतना सरल नहीं है। न्यायपालिका से लेकर सरकार, राजनीतिक दलों से लेकर नेता अक्सर बड़ी-बड़ी बातें करते हैं कि राजनीति में केवल स्वच्छ छवि वाले लोग ही आने चाहिए, लेकिन हकीकत में ऐसा होता नहीं है। राजनीति में अपराधियों पर नकेल कसने के लिए कानून भी बने हैं, लेकिन उन कानूनों की कोई परवाह नहीं करता। राजनीति में प्रवेश को लेकर कोई बैरियर नहीं दिखता है।

देश की राजनीति में अपराधिक प्रवृत्ति वाले लोगों का आना आज भी अवरत जारी है। राजनीति में आने के लिए लोग पहले अपराध की दुनिया में अपना सिक्का जमाते हैं फिर राजनीति में छोटी शुरुआत कर पहले पंचायत प्रधान या फिर पार्षद बनते हैं और इसके बाद विधायक लेकर सांसद तक निर्वाचित हो जाते हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स यानी एडीआर की विभिन्न रिपोर्टें कई तरह के खुलासे करती रहती है। एडीआर के विश्लेषण में यह पता चलता है कि पूरे भारत में विभिन्न राजनीतिक दलों में आपराधिक छवि वाले नेता हैं। किसी पार्टी में कम होते हैं और किसी में ज्यादा। राज्य विधानसभाओं में तो करीब 44 प्रतिशत विधायकों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित कर रखे हैं। हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध, सहित अन्य अपराधों में नेता शामिल होते हैं। राजनीति का अपराधिकरण होने के पीछे एक नहीं, बल्कि कई कारण होते हैं। इसमें वोट बैंक की राजनीति, भ्रष्टाचार,निजी हित, बाहुबल के साथ पैसा भी प्रमुख कारण है।

इसके अलावा सरकार चलाने में असफलता भी एक बड़ी वजह माना है, जिसमें वोट स्पोर्ट के लिए ब्लैकमेलिंग तक होती है। कोई भी दल हो वे वोट बैंक की राजनीति को ही सबसे अधिक तव्वजो देता है, जैसे वोट ही उसका परम धर्म हो। भले ही वे बात विकास और साफ सुथरी राजनीति की करें, लेकिन जब बात टिकट देने की आती है तो खास वोट बैंक को ध्यान में रखते हुए ही चुनाव में अपने उम्मीदवार उतारते हैं। ऐसे में वह अपराधियों को भी टिकट देने से गुरेज नहीं करते हैं। राजनीतिक अपराध की यह संस्कृति अक्सर राजनेताओं और उनके निर्वाचन क्षेत्रों के बीच घनिष्ठ संबंधों के कारण बनी रहती है। राजनेता अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए सत्ता और संसाधनों के दुरुपयोग का वातावरण भी तैयार करते हैं। इससे भ्रष्टाचार और आपराधिक गतिविधियां बढ़ रही हैं।

चुनाव लड़ने वाले अधिकांश उम्मीदवारों को पैसा, फंड और डोनेशन की आवश्यकता होती है। ऐसे में उनकी मदद करने वाले फिर चाहे वह बिजनेसमैन हो, मदद के बदले अपना हित भी साधता है। लोग भी लालच में आकर गैरजरूरी लोगों को वोट देकर सत्ता तक पहुंचा देते हैं। ऐसे में मतदाताओं को वोट देते वक्त सही चयन करना बहुत जरूरी है। इसके लिए उन्हें अपने उम्मीदवारों के बारे में अच्छी तरह से जानना चाहिए और उनके पिछले रिकॉर्ड, विजन और पॉलिसी को समझना चाहिए। मतदाताओं को अपने वोट की कीमत समझनी चाहिए और उसे सही तरीके से इस्तेमाल करना चाहिए। मतदाताओं को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि वे अपने वोट को बेचें नहीं और न ही किसी के दबाव में आकर वोट दें। उन्हें अपने वोट की गरिमा को बनाए रखना चाहिए और उसे सही तरीके से इस्तेमाल करना चाहिए, क्योंकि उनका एक वोट देश के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। ■

# भारत में बढ़ती भगदड़ जैसी आपदा का प्रबंध करना समय की मांग

जैसा की भारतवर्ष की धरती पर 12 साल बाद उत्तर प्रदेश के त्रिवेणी संगम, प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से अद्भुत घटना है।

इसका अंतिम पवित्र स्नान 26 फरवरी महाशिवरात्रि के उपलक्ष में होगा। अब तक लगभग 65 करोड़ लोगों ने इस आस्था की पवित्र डुबकी में भाग लिया है, परंतु इसके साथ ही महाकुंभ में भगदड़ जैसी आपदा घटित होने पर लगभग 30 लोगों की मृत्यु और 60 लोगों के घायल होना अत्यंत दुखद एवं अविस्मरणीय है, इसके साथ ही दिल्ली रेलवे स्टेशन में अफवाह और भगदड़ में लगभग 18 लोगों की मृत्यु भी शामिल है जिसमें कि श्रद्धालु महाकुंभ में पवित्र स्नान करने के लिए दिल्ली से प्रयागराज जा रहे थे। आइए इस आपदा के संबंध में विस्तृत रूप से समझते हैं।



लेखक : राजन कुमार शर्मा
भोरंज, जिला हमीरपुर

**भगदड़ क्या है? :** इसके बारे में भगदड़ भीड़ का एक आवेगपूर्ण सामूहिक आंदोलन है जिसके परिणामस्वरूप अक्सर चोटें और मौतें होती हैं। यह अक्सर किसी कथित खतरे, भौतिक स्थान की हानि और संतुष्टिदायक कुछ पाने की सामूहिक इच्छा की प्रतिक्रिया से शुरू होता है।

**प्रकार:** भगदड़ के दो मुख्य प्रकार हैं। एकतरफा भगदड़ तब होती है जब एक ही दिशा में आगे बढ़ रही भीड़ अचानक बल में बदलाव का सामना करती है, जो अचानक रुकने या टूटे हुए अवरोधों जैसी नकारात्मक शक्तियों से शुरू होती है। अशांत भगदड़ अनियंत्रित भीड़, प्रेरित घबराहट या कई दिशाओं से भीड़ के विलय की स्थिति में होती है।

**भगदड़ में मौतें:** भगदड़ के कारण मौतें हो सकती हैं। दर्दनाक श्वासावरोध-यह सबसे आम कारण है जो वक्ष या ऊपरी पेट के बाहरी संपीड़न के कारण होता है। एक दिशा



में धक्का देने वाले 6-7 लोगों की मध्यम भीड़ में भी हो सकता है। अन्य कारण- मायोकार्डियल इंफार्क्शन (दिल का दौरा), आंतरिक अंगों को सीधे कुचलने वाली चोटें, सिर में चोट और गर्दन का दबाव। भगदड़ में योगदान देने वाले कारक-

**मनोवैज्ञानिक कारक:** भगदड़ का प्राथमिक ट्रिगर या प्रवर्धक घबराहट है। आपात स्थितियों में सहयोगात्मक व्यवहार का नुकसान। घबराहट पैदा करने वाली स्थितियों में, सहयोग शुरू में फायदेमंद होता है। एक बार जब सहयोगात्मक व्यवहार में गड़बड़ी होती है, तो व्यक्तिगत जीवित रहने की प्रवृत्ति हावी हो जाती है और भगदड़ मच जाती है। पर्यावरण और डिजाइन तत्व उचित प्रकाश व्यवस्था का अभाव। भीड़ के प्रवाह का खराब प्रबंधन (विभिन्न समूहों के लिए भीड़ के प्रवाह को विभाजित करने में विफलता)। बाधाओं या इमारतों का ढहना। अवरुद्ध निकास या निकासी मार्ग। आग का खतरा। उच्च भीड़ घनत्व, जब घनत्व प्रति वर्ग मीटर 3-4 व्यक्ति तक पहुंच जाता है। इस घनत्व पर, निकासी का समय नाटकीय रूप से बढ़ जाता है, जिससे घबराहट और भगदड़ का खतरा बढ़ जाता है।

**भगदड़ का प्रभाव:** मनोवैज्ञानिक आघात जीवित बचे लोगों और गवाहों को दीर्घकालिक मनोवैज्ञानिक आघात का अनुभव हो सकता है, जिसमें पोस्ट-ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर (PTSD) शामिल है। आर्थिक परिणाम भगदड़ मुख्य रूप से आर्थिक रूप से वंचित व्यक्तियों को प्रभावित करती है, जिससे परिवार बिना कमाने वाले के रह जाते हैं और समुदाय में महत्वपूर्ण आर्थिक कठिनाई पैदा होती है। चिकित्सा व्यय, मुआवजा, कानूनी लागत और चोटों के कारण आर्थिक उत्पादकता में कमी। **सामाजिक प्रभाव:** इसमें इवेंट आयोजकों और अधिकारियों में विश्वास की कमी, सामाजिक अशांति और दोष, और समुदाय के मनोबल और सामंजस्य पर नकारात्मक प्रभाव शामिल हैं। इसके परिणाम दूरगामी परिणाम हो सकते हैं, जिसके लिए अंतर्निहित मुद्दों को संबोधित करने और इसी तरह की घटनाओं को रोकने के प्रयासों की आवश्यकता होती है।

**बुनियादी ढांचे पर प्रभाव:** यह भौतिक बुनियादी ढांचे, जैसे कि बाधाओं और इमारतों को नुकसान पहुंचा सकता है। बुनियादी ढांचे की मरम्मत और उन्नयन से जुड़ी लागतें महत्वपूर्ण हो सकती हैं। भगदड़ को नियंत्रित करने के लिए भारत सरकार की पहल क्या हैं? राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) त्योहारों के मौसम में भीड़ के सुरक्षित प्रबंधन और सावधानियों के लिए दिशा-निर्देश प्रदान करता है।

**यातायात और भीड़ प्रबंधन:** NDMA ने यातायात को नियंत्रित करने, मार्ग मानचित्र प्रदर्शित करने और उत्सव स्थलों के आसपास पैदल यात्रियों के प्रवाह को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेड्स का उपयोग करने की सलाह दी है।

**सुरक्षा उपाय:** अपराधों को रोकने के लिए CCTV निगरानी और पुलिस की मौजूदगी बढ़ाने पर जोर देते हुए, NDMA ने आयोजकों से अनधिकृत पार्किंग और स्टॉल को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने का आग्रह किया है।

**चिकित्सा संबंधी तैयारी:** NDMA ने एंबुलेंस को स्टैंडबाय पर रखने और चिकित्सा कर्मचारियों को तैयार रखने की सिफारिश की है, साथ ही पास के अस्पतालों की ओर स्पष्ट संकेत भी लगाए हैं।

किसी भी आपातकालीन या आकस्मिक स्थिति में आम जनता पूरे भारत में सार्वभौमिक आपातकालीन संपर्क नंबर यानी 1077, 1070 और 112 पर संपर्क किया जा सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# वैज्ञानिक रमन को एक खोज ने दिलाई ख्याति

तथ्य आधारित ज्ञान या क्रमबद्ध ज्ञान ही विज्ञान कहलाता है,क्योंकि इसमें तथ्यों ,सिद्धांतों और नियमों का ही सारा जोड़ तोड़ रहता है, जिससे हमें अपने प्रश्नों के उत्तर सबूतों के साथ मिल जाते हैं और समस्त शंकाएं भी मिट जाती हैं। इतना ही नहीं विज्ञान ही, समस्त अंधविश्वासों व रूढ़ियों को अपने सिद्धांतों व नियमों के बल से स्पष्ट कर देता है।



लेखक : डॉ. कमल के प्यासा
लोअर समखेतर, मंडी

आज हम जितना भी विकास व सुविधाएं देख रहे हैं, सभी विज्ञान ही की तो देन हैं। विज्ञान ने जहां एक दूसरे के निकट ला दिया है, वहीं दैनिक जीवन के खान पान व रहन सहन में भी भारी फेर बदल किया है। कई प्रकार के रोगों से मुक्ति मिल गई है और भविष्य में क्या क्या होने जा रहा है उससे भी परिचित हो रहे हैं। सच में विज्ञान आज वरदान साबित हो रहा है, क्योंकि इससे लोगों में जागरूकता आती है, वैज्ञानिक सोच पैदा होती है और हम बेकार के टूने टोटकों व भ्रांतियों आदि से बच जाते हैं। अब बात आती है राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की, जिसके लिए अपने महान वैज्ञानिक सी वी रमन को याद किया जाता है। वैसे सीवी रमन का पूरा नाम चंद्र शेखर वेंकट रमन के नाम से जाना जाता है।

इनका जन्म तमिलनाडु के त्रिचनापल्ली में 07 नवंबर ,1888 को माता श्रीमती पार्वती अम्मल व पिता चंद्र शेखर राम नाथ अय्यर के यहां हुआ था। पिता रामनाथ अय्यर उस समय एसपीजी कॉलेज में भौतिकी के प्रध्यापक थे। जिनका स्थानांतरण वर्ष 1892 में श्रीमती एवीएन कॉलेज विशाखापटनम में गणित व भौतिकी के प्रध्यापक के स्थान पर हो गया था। उस समय बालक रमन की आयु केवल 4 वर्ष की ही थी। इसीलिए इनकी प्रारंभिक शिक्षा विशाखापटनम में ही हुई थी। 12 वर्ष की आयु में रमन मैट्रिक की



राष्ट्रीय विज्ञान दिवस विशेष

परीक्षा अच्छे अंकों में पास कर चुके थे। वैसे तो इनके पिता उच्च शिक्षा के लिए इन्हें विदेश भेजना चाहते थे,लेकिन इनके स्वास्थ्य को देखते हुए ऐसा नहीं कर पाए।

वर्ष 1902 में इन्हें मद्रास प्रेसिडेंसी कॉलेज में प्रवेश मिल गया और बीए में प्रथम स्थान के साथ ही साथ गोल्ड मेडल प्राप्त करने में भी आगे रहे। इसी के साथ वर्ष 1906 में सी वी रमन द्वारा अपना पहला शोध पत्र ,जो कि प्रकाश के विवर्तन से संबंधित था, लंदन की एक प्रसिद्ध पत्रिका फिलासोफिकल में प्रकाशित हो गया था। जिसमें रमन ने स्पष्ट किया था कि जब प्रकाश की किरणें किसी छिद्र में से हो कर निकलती हैं या फिर किसी अपारदर्शी वस्तु के किनारे से निकलती हैं और किसी पर्दे पर पड़ने पर मंद व तीव्र होने से रंगीन पाठिकाओं में दिखाई देती हैं, इस घटना को विवर्तन कहा जाता है।

यह गति का एक सामान्य लक्षण होता है। जिससे यह भी पता चलता है कि प्रकाश तरंगों में निर्मित होता है। सीवी रमन ने अपने स्पेक्ट्रोसकॉपी प्रयोग के संबंध में बताया था कि जब प्रकाश की किरण अणुओं द्वारा विक्षेपित होती है तो उसकी तरंग दैर्ध्य में परिवर्तन हो जाता है और जब किसी पारदर्शी पदार्थ से निकलती है तो उसका कुछ हिस्सा दूसरी ओर निकल जाता है। कुछ एक प्रकाश के अणु अपने कंपन के कारण, अपनी ऊर्जा के स्तर को बदल लेते हैं और फिर दूर बिखर जातें हैं। इसी प्रभाव (इफेक्ट) का कई जगह प्रयोग करके लाभ उठाया जाता है।

वर्ष 1907 में सीवी रमन द्वारा मद्रास विश्वविद्यालय से गणित में प्रथम श्रेणी में एमए कर ली थी। इतना सब कुछ कर लेने के साथ ही रमन ने वित्त विभाग की प्रतियोगी परीक्षा को भी प्रथम श्रेणी में पास कर लिया था और फिर वर्ष 1907 में ही अकाउंटेंट जनरल बन कर कलकत्ता चले गए और वहीं पर प्रयोगशाला में अपने प्रयोग भी कर रहे। बाद में पहले रंगून और फिर नागपुर स्थानांतरण हो गया तो तब वे अपने प्रयोग घर पर ही करने लगे थे। वर्ष 1986 में राष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी संचार परिषद द्वारा भारत सरकार से 28 फरवरी (रमन प्रभाव के घोषणा के दिवस)को विज्ञान दिवस घोषित करने की मांग रखी थी, जिसे मान लिया गया और तभी से सीवी रमन की 'रमन प्रभाव' वाले खोज दिवस (28/02/1928) को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में ,याद करते हुए मनाया जाने लगा है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के इस पावन अवसर पर महान वैज्ञानिक को शत शत नमन।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात


**सभी** स्कूली शिक्षण संस्थानों में मोबाइल आने से छात्रों को नुकसान हो रहा है। एजुकेशन मॉनिटरिंग रिपोर्ट के अनुसार छात्रों के निजी मोबाइल पर आने वाला एक छोटा सा भी नोटिफिकेशन उनके ध्यान में व्यवधान उत्पन्न कर सकता है। एक अन्य प्रसिद्ध शोध श्रमिकों पर हुआ, जिसमें शोधकर्ताओं ने निष्कर्ष दिया कि एक बार ध्यान भटकने पर, अपने मूल कार्य पर दोवारा ध्यान केंद्रित करने में औसतन 24 मिनट का समय लगता है। ऐसी ही स्थिति एक छोटे से नोटिफिकेशन के आने से विद्यार्थियों की होती है जिनके पास स्मार्टफोन हैं। कई यूरोपीय देशों जैसे स्पेन और ब्रिटेन के स्कूलों में स्मार्टफोन के इस्तेमाल पर रोक से छात्रों द्वारा सीखने के परिणामों में सुधार हुआ। हमारे देश भारत में मोबाइल और डिजिटल गैजेट्स के स्कूली शिक्षा में आने से बच्चों की स्मरण शक्ति क्षीण हो रही है जो भारतीय शिक्षा प्रणाली के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती है।

**कमल सिंह,भड़वाल**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के भूतपूर्व उपराष्ट्रपति

**कृष्णकांत** भारत के भूतपूर्व उपराष्ट्रपति थे। वह 21 अगस्त, 1997 से 27 जुलाई, 2002 तक राज्य सभा के सभापति रहे। पिता का नाम लाला अचिंत राम था। कृष्णकांत की पत्नी का नाम था सुमन कृष्णकांत । अपनी शैक्षिक योग्यता के अंतर्गत कृष्णकांत ने एमएससी की डिग्री बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से प्राप्त की थी। उन्होंने वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली के साथ वैज्ञानिक के रूप में भी कार्य किया। कृष्णकांत भारतीय संसदीय और वैज्ञानिक समिति के सचिव थे, जिसके अध्यक्ष पंडित जवाहरलाल नेहरू तथा चेयरमैन लालबहादुर शास्त्री थे। कृष्णकांत 'साइंस इन पार्लियामेंट' नामक त्रैमासिक पत्रिका के संपादक भी थे। रेल आरक्षण एवं बुकिंग संबंधी समिति, 1972-1976, निर्णायक मंडल, जवाहरलाल नेहरू अंतरराष्ट्रीय सद्भावना पुरस्कार, अंतरराष्ट्रीय निर्णायक मंडल, इंदिरा गांधी शांति, निरस्त्रीकरण और विकास पुरस्कार, सलाहकार समिति, राजीव गांधी सद्भावना पुरस्कार, राज्यपाल कृष्णकांत 7 फरवरी, 1990 से 21 अगस्त, 1997 तक आंध्र प्रदेश के राज्यपाल रहे। वह 22 दिसंबर, 1996 से 25 जनवरी, 1997 तक तमिलनाडु के राज्यपाल (अतिरिक्त प्रभार) रहे। ■



कृष्णकांत
जन्म : 28 फरवरी, 1927
मृत्यु : 27 जुलाई, 2002

## कविता



### क्या है मेरे पास, कुछ भी तो नहीं

तंजिन टोपेन, गांव मेह ( लाहौल स्पीति )

*क्या है मेरे पास, कुछ भी तो नहीं,*
*सांचे में ढला हुआ मिट्टी का जिस्म हूं।*
*कब तपती धूप में कड़क कर टूट जाए,*
*कब बारिश में बह जाए किसी को मालूम नहीं।*
*फिर क्यों यह मोह माया सबके सर पर चढ़ी है,*
*क्या है मेरे पास कुछ भी तो नहीं।*
*उधार का सांस लेता हूं,*
*मालिक कब वापस मांग ले मालूम नहीं।*
*बस दो कदम चल लेता हूं,*
*धरती कब अपने में समा ले मालूम नहीं।*
*क्या है मेरे पास, कुछ भी तो नहीं,*
*एक नाम रखा है मेरा जिसे बस पहचान के लिए रखा है।*
*गली-गली जाकर समेट लेता हूं,*
*अपने कर्म पर इतवार कर लेता हूं,*
*समंदर किनारे अपना नाम लिख लेता हूं।*
*फिर लहरों में कब सिमट जाए मालूम नहीं,*
*क्या है मेरे पास, कुछ भी तो नहीं।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# रिश्तों की माला जब टूट जाती है तो दोबारा जोड़ने पर बहुत छोटी हो जाती है

रिश्तों की माला जब टूट जाती है तो दोबारा जोड़ने पर बहुत छोटी हो जाती है। रिश्तों की माला को टूटने मत दीजिये। रिश्तों का व्याकरण बदल चुका है। रिश्तों का व्याकरण बदल चुका है। प्रस्तावना से सारांश तक रिश्ते बदलते जा रहे हैं।



लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

बिखर चुके खून के रिश्तों का विश्लेषण करना होगा, रिश्तों की इस तबाही को रोकना होगा। नैतिक मूल्यों का क्षरण रोकना होगा। भटक चुके मानव को नैतिक मूल्यों का पाठ पढ़ाना चाहिए, ताकि एक स्वस्थ समाज बन सके खूनी रिश्तों में बढ़ता संक्रमण और नैतिक मूल्यों में गिरावट एक त्रासदी। नैतिक मूल्यों का व खूनी रिश्तों का आस्तित्व खत्म होता जा रहा है, नैतिक मूल्यों में गिरावट एक त्रासदी है समय रहते इस त्रासदी को रोकना होगा, समाज को मंथन करना होगा तभी नैतिक मूल्यों की गिरावट रुक सकती है। अक्सर देखा गया है कि नई पीढ़ी नैतिक मूल्यों को भूलती जा रही है। नैतिक मूल्यों का ह्रास बहुत ही चिंतनीय है बुद्धिजीवी वर्ग को समय रहते मनन करना होगा, वरना बहुत देर हो जाएगी। आधुनिक मानव स्वार्थी होता जा रहा है खून के रिश्तों को तोड़ रहा है और गैरों को अपना बना रहा है। रिश्तों की बुनियाद हिलती जा रही है और जर्जर हो चुकी है दीवार का एक पत्थर भी निकल जाए, तो दीवार कभी भी ढह सकती है और रिश्ते दफन हो सकते हैं। रिश्तों की दशा अब दुर्दशा में बदलती जा रही है।

मानव निजी हितों के लिए अनैतिक आचरण कर रहा है। यह बहुत ही घातक है। जर, जोरू, जमीन के लिए रिश्तों का खून बहाया जा रहा है परिवार के परिवार खत्म हो रहे हैं। जमीन के टुकड़े के लिए एक दूसरे के प्यासे हो चुके हैं। भाईचारा खत्म होता जा रहा नफरत के बीज बोये जा रहे हैं रिश्तों की दीवारें दरक रही हैं और नफरत की दीवारें खड़ी होती जा रही हैं। रिश्तों में असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है। असंतोष पनपता जा रहा है, रिश्तों में गहरी खाइयां होती जा



रही हैं। विश्वास टूट रहे हैं अविश्वास बढ़ता जा रहा है। रिश्तों की मिठास खत्म हो रही है रिश्तों में कड़वाहट बढ़ती जा रही है। रिश्तों के बंधन टूट रहे हैं खून के रिश्तों में गांठे पड़ती जा रही हैं। नैतिक मूल्य नष्ट होते जा रहे हैं। रिश्तों की माला बिखर रही है माला के मनके इधर-उधर बिखर रहे हैं। खूनी रिश्ते गुमशुदा व गुमनाम होने लगे हैं, कुछ रिश्ते लापता हो चुके हैं लापता होचुके रिश्तों को ढूंढना होगा। रिश्तों की वर्णमाला के अक्षर भी आगे पीछे हो चुके हैं। रिश्तों की इबारतें भी बदल चुकी हैं। गलतफहमी ने भी रिश्तों को तोड़ा हैं टूट चुके रिश्तों को जोड़ना चाहिए, ताकि रिश्तों की जड़े सदैव हरी रहे अहंकार के कारण रिश्ते बिखर रहे हैं। माया के मोहजाल में फंस चुका मानव आज भटक चुका है माया में अंधा हो चुका है संवेदना, करुणा, मानवता नाम की कोई चीज नहीं है एक दूसरे को नीचे गिराने के लिए अनैतिक कार्य कर रहे हैं।

रिश्ते असुरक्षित होते जा रहे हैं डरावने होते जा रहे हैं भय का वातावरण बन चुका है। रिश्तों के सिद्धांत बदलते जा रहे हैं परिभाषा बदल चुकी है रिश्ते मतलब परस्त होते जा रहे हैं। नेकी व भलाई व अच्छाई खत्म होती जा रही है और बुराई का बोलबाला बढ़ता जा रहा है। रिश्तों में ग्रहण लग गया है एक दूसरे का अच्छा नहीं देख सकते। ईर्ष्या पनप रही है नतीजतन सगे रिश्तों के सुख दु:ख में शामिल नहीं होते केवल मात्र औपचारिकता निभाई जा रही है। चंद स्वार्थ के लिए रिश्ते टूट रहे हैं। रिश्तों की मशाल बुझती जा रही है। रिश्तों में बिखराव बड़े पैमाने पर बढ़ता जा रहा है। रिश्ते अर्थहीन होते जा रहे हैं । रिश्तों का स्वरूप बिगड़ चुका है। समाज को इस पर समीक्षा करनी होगी। रिश्तों में बढ़ती दूरियों को पाटना होगा एक सेतु बनाना होगा बिखर चुके रिश्तों को समेटना होगा, ताकि रिश्तों की मशाल निर्बाध रूप से जलती रहे। बिखर चुके रिश्तों को संग्रहीत करना होगा नफरत के बीजों को नष्ट करना होगा। अपवित्र हो चुके रिश्तों को गंगाजल से पवित्र करना होगा। खानाबदोशों की तरह बिखर चुके व भटक चुके रिश्तों को इकठा करना होगा। रिश्तों में विश्वास लाना होगा, ताकि विश्वास बरकरार रहे।

रिश्तों भटक चुके मानव को नैतिक मूल्यों का पाठ पढ़ाना चाहिए, ताकि एक स्वस्थ समाज बन सके। मानवीय मूल्यों को बचाना होगा। आधुनिक मानव माया के लालच में रिश्ते नाते भूलता जा रहा है। मोबाइल पर व्यस्तता बहुत बढ़ गई है, किसी से कोई मतलब नहीं है मोबाइल ही सच्चा साथी बन गया है मोबाइल ने रिश्तों में दूरियां पैदा कर दी हैं। अहंकार ने पता नहीं कितने ही सच्चे रिश्तों का वजूद खत्म कर दिया है। रिश्तों को दीमक लग चुकी है तथा रिश्ते टूट रहे हैं। नैतिक मूल्यों का पालन करना होगा। रिश्तों को बचाना समाज हित में है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# प्रसव पीड़ा तो कुछ भी नहीं मेरे दर्द के आगे, काश ! उस दिन अपने बच्चे का गला दबा दिया होता

निर्मला के मोबाइल की घंटी बजती है ट्रिन...ट्रिन ...ट्रिन ... हेलो-कौन बोल रहा है? निर्मला ने पूछा? मैं सदर पुलिस थाना से कश्मीर सिंह, थाना प्रभारी बोल रहा हूं। नमस्ते सर ...निर्मला ने कांपती हुई आवाज में कहा। अभी के अभी पुलिस थाने आइए, दूसरी तरफ से आवाज आई। पुलिस थाने? और मैं? मैं क्यों आऊंगी पुलिस थाने? आप जल्दी से पुलिस थाने पहुंचों।



लेखक : जीवन ( जे के )
डीएवी विद्यालय, बिलासपुर ( हि प्र )

एक लगभग बीस-बाइस साल का नौजवान नशे की हालत में नहर के किनारे पड़ा हुआ मिला है। उसके बटुए में आपका मोबाइल नंबर मिला है। तो सोचा आपको इत्तलाह कर देते हैं। बीस बाइस साल का नौजवान? हमारा तो कोई नहीं है इस उम्र का-निर्मला ने सोचा। रमणीक है वो तो अभी अठारह का भी नहीं हुआ। मैडम मैं फोन काट रहा हूं जल्दी थाने आइए।

दूसरी तरफ से ठक-फोन रखने की आवाज आई। निर्मला ने भी तवे पर रोटी वैसे ही छोड़ी और नंगे पांव ही भाग पड़ी थाने की तरफ। हांफती हुई थाने में पहुंची। आइए आइए सिपाही ने स्टूल आगे करते हुए कहा। ले जाओ इनको जेल कक्ष में और पहचान करवाओ उस लड़के की थाना प्रभारी ने कहा। जैसे ही निर्मला



वहां पहुंची तो हक्की वक्की रह गई-यह क्या? यह तो अपना रमणीक ही है।

इसने किया क्या है कुछ तो बताओ-निर्मला ने पूछा? आप खुद ही पूछ लीजिये, अपने लाल से-सिपाही ने गुस्सैली आवाज में कहा। रम्मू ...रम्मू ...बेटे रम्मू ...जब उसने कुछ नहीं सुना तो निर्मला ने झिंझोड़ा-पर रमणीक ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। आप ही कुछ बता दो थानेदार साहब मेरे रम्मू ने किया क्या है और यह कुछ बोल क्यों नहीं रहा? इसने चिट्टे का नशा किया है सिपाही ने धीमी आवाज में कहा। चिट्टा? वो क्या होता है? आपको नहीं पता चिट्टा क्या होता है? अखबार नहीं पढ़ते आप? साहब कहां अखबार पढ़नी मैंने? इसके पापा तीन साल से बिस्तर पर पड़े हैं। सुबह शाम घर के कामों में व्यस्त रहती हूं।

दिन में नरेगा में काम करती हूं, कि कहीं हमारा रम्मू पढ़ लिख जाएगा, तो हमारे सारे दु:ख दूर हो जाएंगे। इनको यहां भेजो मेरे पास थाना प्रभारी ने आवाज दी। साहब मेरा बेटा तो बहुत सीधा है यह क्या जाने चिट्टा काला? थाना प्रभारी ने कुछ नहीं कहा बस चिट्टे की तीन पुड़ियां सामने टेबल पर रख दीं और कहा ये आपके लाडले की जेब से मिली हैं और इसके मेडिकल टेस्ट में भी चिट्टा ही आया है। निर्मला ने कांपते हाथों से एक पुड़िया खोली, अरे साहब कमाल करते हैं आप, ये तो मेरे घुटनों के दर्द की दवा है। पिछले तीन महीने से ले रही हूं और अब दर्द नहीं होता। यह दवाई तो मेरा बेटा ही लाया था पहली बार और तब से इससे ही मंगवाती हूं। क्या? क्या बकवास कर रही हैं आप यह कोई दवाई नहीं है।

यह चिट्टा है एक जानलेवा नशा और यही आपके बेटे की मेडिकल रिपोर्ट में आया है। निर्मला ने अपने कलेजे को कस कर पकड़ लिया और उसके माथे से होते हुए पसीना उसके गले तक बह गया ...धड़ाम ...निर्मला फर्श पर गिर पड़ी। होश आने पर निर्मला ने अपने आप को अस्पताल के बेड पर पाया। उसके ह्रदय में बहुत दर्द हो रहा था। दूसरे कमरे से एक महिला के चीखने और दर्द से कराहने की आवाजे आ रही थी। पूछने पर पता चला कि वो महिला बच्चे को जन्म दे रही है। प्रसव पीड़ा तो कुछ भी नहीं मेरे दर्द के आगे। काश उस दिन अपने बच्चे का गला दवा दिया होता, तो आज इस पीड़ा से नहीं गुजरना पड़ता। निर्मला सोच रही थी और उसकी आंखों से आंसू झरने की तरह बह रहे थे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# बारिश के बीच निकली श्रीराज माधव राय की शाही जलेब

## दर्जनों देवी-देवताओं ने की शिरकत



**अनिल शर्मा, मंडी**

बारिश के बीच अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव में श्रीराज माधव राय की शाही जलेब राजसी ठाट बाट के साथ निकली। जलेब की अगुवाई देव शेषनाग और देव घटोत्कच ने की।

गौर हो कि देव शेषनाग (छमाह) और देव घटोत्कच (छांजण) शक्तिशाली देवताओं में से एक हैं, जो जलेब के आगे चलकर आने वाली दुष्ट शक्तियों का संहार करते हुए चलते हैं और दोनों की देवता सत्य का साथ देने वालों की रक्षा करते हैं। श्रीराज माधव राय की पहली जलेब इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गई। सिर से लेकर पांव तक भीगे देवलुओं के उत्साह को बारिश भी ठंडा नहीं कर पाई। इंद्रदेव सहित वरुण देवता ने खूब जल बरसाया, जिससे सबकी काया और मन पवित्र हो गया।

शैटीनाग, विष्णु मतलोड़ा, शुकदेव ऋषि, मार्कंडेय ऋषि, देव मगरू महादेव, देव चपलांदू नाग, बायला नारायण, बिट्टू नारायण, देव हुरंग नारायण, देव घड़ौणी नारायण, देव पशाकोट, देव पेखरू गहरी, देव चुंजवाला शिव, नाऊ माता ने जलेब के आगे चलकर श्रद्धालुओं को भक्तिरस का पान करवाया।

इसके पश्चात श्रीराज माधवराय की कुर्सी और तत्पश्चात पालकी में श्रीराज माधवराय ने जलेब में भाग लेते हुए पड्डल मैदान की ओर रुख किया। (अनंत ज्ञान)

## 46.82 करोड़ लागत की परियोजनाओं की सौगात

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज जिला मंडी के द्रंग और सदर विधानसभा क्षेत्रों के लिए 46.82 करोड़ रुपये लागत की 9 विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास किए। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा शुरू किए गए 'अपना पुस्तकालय' कार्यक्रम के तहत नेरचौक और पधर में एक-एक पुस्तकालय का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने द्रंग विधानसभा क्षेत्र में 5.28 करोड़ रुपये की लागत से सब्ज़ी मार्केट यार्ड, टकोली के उन्नयन और सुदृढ़ीकरण कार्य, मंडी-कमांद-कटौला-बजौरा सड़क पर कमांद में उहल नदी पर 12.44 करोड़ रुपये लागत से निर्मित पुल का उद्घाटन किया। उन्होंने क्षेत्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला मंडी में 1.33 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित डीएनए ब्लॉक का लोकार्पण किया। उन्होंने गणपति मार्ग में गणपति नाले पर 2.08 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित पुल तथा रेथाडू से अलाथु वाया चचोला सड़क पर 3.15 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित पुल और मंडी में 3.82 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित खंड विकास कार्यालय भवन का उद्घाटन भी किया। ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विश्वकर्मा मंदिर मंडी के पास 1.55 करोड़ रुपए की लागत से भू-स्खलन शमन कार्यों, वल्लभ राजकीय डिग्री कॉलेज मंडी के विभिन्न खंडों में 12 करोड़ रुपये की लागत से भूकंप रेट्रोफिटिंग के कार्य तथा 5.18 करोड़ रुपये की लागत से सिक्कन मठ से कसान वाया मोरेगालू सड़क का शिलान्यास किया।



## 'दिव्यम' ऐप लॉन्च

**मुख्यमंत्री** ने विभिन्न सरकारी योजनाओं की निगरानी के उद्देश्य से 'दिव्यम' ऐप लॉन्च किया। इस ऐप से सरकारी कार्यों के कार्यान्वयन में तेजी आएगी और यह सुनिश्चित होगा कि विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पारदर्शी तरीके से पहुंचे। उन्होंने अतिरिक्त उपायुक्त मंडी रोहित राठौर, उप-मण्डलाधिकारी बल्ह स्मृतिका नेगी और जिला कल्याण अधिकारी मंडी समीर को उनके अनुकरणीय कार्यों के लिए सम्मानित किया। इन अधिकारियों ने कर्नाटक की सकमा और पश्चिम बंगाल की पद्मा मुर्मु को उनके परिवारों से मिलाने में सराहनीय भूमिका निभाई।



## जलेब में अपने-अपने आराध्य देवी देवताओं के दर्शन नहीं कर पाए लोग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव के शुभारंभ पर लगी बारिश ने श्रद्धालुओं को अपने अपने आराध्य देवों के दर्शन से भी वंचित कर दिया। लोग दूर दूर से इस आस में आते हैं कि जलेब में एक साथ दर्जनों देवी देवताओं के दर्शन होते हैं, लेकिन इस बार इंद्र देव सहित वरुण देव ने ऐसी बारिश लगाई कि अधिकतर देवी देवताओं को वाटरप्रूफ कवर लगा दिए जिससे अधिकतर देवी देवताओं के स्पष्ट दर्शन नहीं हो पाए हैं।

पंक्तिबद्ध चले देवी देवताओं के साथ देवलू भी भीगते रहे। कुछ देवी देवताओं को पारदर्शी तिरपाल लगाए गए थे तो कुछ को रंगदार तिरपाल लगाए गए थे, जिस कारण लोग अपने आराध्यों के दर्शन नहीं कर पाए।




# मंडी में एक दिन में बिके 5 लाख रुपए के छाते

**अनिल शर्मा, मंडी**

अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव के शुभारंभ पर लगी बारिश ने मंडी के दुकानदारों की बल्ले बल्ले कर दी। मौका था राजसी ठाट बाट से निकलने वाली श्रीराज माधव राय की शाही जलेब, जो बारिश के कारण इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गई। श्रीराज माधव राय के मंदिर से लेकर पड्डल मैदान तक लगभग 4000 से अधिक छाते ही छाते दिख रहे थे। इस दौरान मंडी शहर में 1800 से 2200 छाते बिक गए।

वहीं स्थानीय लोग अपने अपने घरों से छाते लाकर जलेब में शामिल होकर परंपरा का निर्वहन किया। बता दें कि श्रद्धालु और लोग अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव के शुभारंभ पर निकलने वाली श्रीराज माधव राय की शाही जलेब में शामिल होने के लिए दूर दूर से आते हैं और इस ऐतिहासिक क्षण को गंवाना नहीं चाहते हैं। अधिकतर लोगों ने बारिश की परवाह किए बिना शाही जलेब में खूब नाटी डाली। इस दौरान जलेब में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू गाड़ी में चले और जगह-जगह लोगों का अभिवादन स्वीकार करते रहे। उनके साथ धर्मपुर विधायक चंद्रशेखर, भोरंज के विधायक सुरेश ठाकुर व पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर, सीपीएस सुंदर सिंह, पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर, पवन ठाकुर, चंपा ठाकुर गाड़ी में उनके साथ रहे। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया।



अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

## स्थानीय विधायक जलेब में चले पैदल

अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के शुभारंभ पर राज देवता श्री माधव राय के प्रांगण से ऐतिहासिक पड्डल मैदान के लिए निकाली गई जलेब (शोभायात्रा) में स्थानीय विधायक अनिल शर्मा व उनके सुपुत्र आश्रय शर्मा अपने सहयोगियों के साथ पैदल ही चलते रहे। अनिल शर्मा ने वीआईपी प्रतीक पगड़ी नहीं लगाई थी, जबकि उनके बेटे ने पगड़ी पहनी हुई थी। अनिल शर्मा आमतौर पर शोभायात्रा में बिना पगड़ी ही शामिल होते हैं। उनके समर्थक उनका बारिश से बचने के लिए छाता पकड़े हुए थे।

## न्यूज ब्रीफ

### श्रमिक कल्याण बोर्ड ने मजदूरों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड के सरकाघाट उप कार्यालय द्वारा आज संधोल में मनरेगा व भवन निर्माण मजदूरों को जागरूक करने के उद्देश्य से मजदूर यूनियन के सहयोग से जागरूकता शिविर आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता बोर्ड के सदस्य भूपेंद्र सिंह ने की और बोर्ड ऑफिस सरकाघाट के प्रभारी सुरेश कुमार ने मजदूरों को पंजीकरण, नवीनीकरण और अन्य लाभ करने बारे बोर्ड की नवीनतम स्कीमों व शर्तों बारे जानकारी प्रदान की। शिविर में यूनियन की ओर से मॉन सिंह, लुदर सिंह, तारा चंद, हरिनन्द, ऋतु देवी, रोहणी देवी, निशा, सपना के अलावा छः दर्जन मजदूरों ने भाग लिया। भूपेंद्र सिंह ने प्रवासी मजदूरों ठेकेदारों व किसी निर्माण कंपनी में काम करने वाले मजदूरों को भी बोर्ड में पंजीकृत होकर लाभ लेने की अपील की।

### महाशिवरात्रि पर लगाया विशाल भंडारा

**कविता, पधर।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्राचीन शिव मंदिर पधर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे की तैयारियों में शिव भक्त रात भर व्यस्त रहे और भक्तों के लिए विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए गए। वीरवार सुबह कन्या पूजन के बाद भंडारे का कार्यक्रम विधिवत रूप से आरंभ हुआ। भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर शिव कृपा प्राप्त की और भक्ति भावना से ओतप्रोत वातावरण बना रहा। शिव भक्त दूनी चंद ने बताया कि हर वर्ष महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में बाबा देवदास निर्वाण के सान्निध्य में आयोजन किया जाता था। इस पावन अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। जिनमें पूर्व जीप सदस्य के. हेम सिंह, पंचायत समिति सदस्य कविता चौहान, पंचायत प्रधान नागेश महंत, दूनी चंद, टेक सिंह चौहान, रणजीत सिंह, मोहन सिंह, राहुल उर्फ अनु, युवराज, संतोष कुमार, कमलेश कुमार, विनय शर्मा, राजेंद्र शर्मा, नरेश मियां, नरेंद्र कुमार, कृपा राम धरवाल, रमेश कुमार, नरेश कुमार और मुनीश मेहता शामिल रहे।

### छात्राओं ने किया स्कूल का भ्रमण




**अनंत ज्ञान, मंडी।** स्कूल ट्रेनिंग प्रोग्राम के अन्तर्गत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंडी की दस छात्राओं ने रिवालसर के यूनिटी पब्लिक स्कूल भ्रमण किया। इस अवसर पर उनके साथ पाठशाला के अध्यापक व अध्यापिकाएं भी मौजूद रहे। इस अभियान की पाठशाला संयोजक मित्र देव ने बताया कि विभिन्न पाठशालाओं की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्यों से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इससे पहले प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने इन छात्राओं को रवाना किया।

### अंतर्राष्ट्रीय कल्चरल परेड की तिथियों में परिवर्तन

**अनंत ज्ञान, मंडी।** अतिरिक्त उपायुक्त एवं छोटी काशी अंतर्राष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम उप समिति के अध्यक्ष रोहित राठौर ने बताया कि महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली अंतर्राष्ट्रीय कल्चरल परेड की तिथियों में आंशिक परिवर्तन किया गया है। उन्होंने कहा कि विपरीत मौसम के दृष्टिगत यह परेड 28 फरवरी के स्थान पर अब एक मार्च को आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक परेड पांच देशों से आए कलाकार और देश के विभिन्न राज्यों से आए हुए सांस्कृतिक दल अपनी-अपनी संस्कृति का प्रदर्शन करेंगे। इसके साथ ही इसमें हिमाचल के विभिन्न जिलों से आए सांस्कृतिक दल भी शामिल रहेंगे। उन्होंने बताया कि यह परेड सेरी मंच से होते हुए इंदिरा मार्केट परिसर का एक चक्कर लगाकर संपन्न होगी। इस दौरान लोगों के इंदिरा मार्केट की छत पर तथा आसपास खड़े होकर परेड का अवलोकन करने की व्यवस्था की गई है। अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी लोगों से आग्रह किया है कि प्रथम बार आयोजित की जा रही इस कल्चरल परेड में अपनी सहभागिता अवश्य जताएं।

### कोर्ट द्वारा दिए लाभ को विधेयक से छीनना तानाशाही

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा बनाया गया सरकारी कर्मचारी अधिनियम 2025 लागू होने पर कर्मचारियों को अब रिकवरी की चिंता सताने लगी है। प्रारंभिक शिक्षा विभाग ने पत्र जारी करके वेतन वृद्धि, वरिष्ठता तथा अन्य सेवा लाभ को तत्काल प्रभाव से रोकने के आदेश एक तानाशाही है। हिमाचल प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेश ठाकुर ने इसका कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले के विरोध में हाई कोर्ट में पीटीशन दायर की जाएगी। इसके बारे मार्च में राज्य स्तरीय बैठक में निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि अगर सरकार इसी प्रकार से कोर्ट के निर्णयों की बिल के माध्यम से बदलती रही तो कर्मचारी किसके पास फरियाद करेंगे। कर्मचारियों को हाईकोर्ट से लाभ भी मिल जाता है तो इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है। सरकार उनसे फिर भी कोई और नया बिल ला बना दे ताकि कर्मचारियों को उनके लाभ न मिल सकें। लाभों से कर्मचारियों को वंचित करना न्यायसंगत नहीं है।

### चौंतड़ा में नशे के खिलाफ महिलाओं ने खोला मोर्चा

**अनंत ज्ञान, मंडी।** चौंतड़ा में नशे की बढ़ती समस्या के खिलाफ महिलाओं ने सड़क पर उतरकर विरोध जताया। मुख्य बाजार में रोष रैली निकालते हुए महिलाओं ने पुलिस और स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील की, ताकि नशा तस्करों को कानून के शिकंजे में लाया जा सके। स्थानीय महिलाओं लीला, रजनी, गीतांजलि और दीपा ने कहा कि पुलिस सख्ती के बावजूद नशे का प्रचलन बढ़ रहा है, जिसे रोकने के लिए हर घर से लोगों को आगे आना होगा। उन्होंने नशा माफियाओं के सामाजिक बहिष्कार के लिए पंचायतों में प्रस्ताव पारित करने की भी बात कही। उपमंडल की विभिन्न पंचायतों की महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक मंडी से विशेष टास्क फोर्स को पंचायतों में तैनात करने की मांग की है। प्रदेशभर में बढ़ते नशे की लत को देखते हुए मंडी जिला समेत जोगिंदरनगर उपमंडल में भी विशेष बैठकें हो रही हैं। डीएसपी पधर देवराज ने कहा कि पुलिस और समाज के जिम्मेदार नागरिकों के सहयोग से ही इस बुराई को खत्म किया जा सकता है।

### भूख हड़ताल पर बैठेगा गोरक्षा दल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर उपमंडल के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत भैर के हलेल गांव में गत 4 फरवरी को गाय की हत्या और अमानवीय कृत्य मामले को लेकर गोरक्षा दल ने पुलिस को जांच के लिए 28 फरवरी को 11 बजे तक का समय दिया है। यदि इस अंतराल तक पुलिस की ओर से जांच रिपोर्ट या कार्रवाई नहीं की जाती है तो गौ रक्षा दल डीएसपी कार्यालय के बाहर भूख हड़ताल पर बैठेगा। डीएसपी भारत भूषण को गोरक्षा दल की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र गुप्ता और जिलाध्यक्ष राजू गुप्ता और लवनिश राजेरिया, महिला जिला अध्यक्ष मंडी दीक्षा, उपाध्यक्ष आयुषी ने कहा कि गौ हत्या और दुष्कर्म मामले को लेकर अभी तक प्रशासन की ओर से कोई भी रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई है। गौ रक्षा दल ने ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि यदि 28 फरवरी को 11 बजे तक इस मामले को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है तो गौ रक्षा दल डीएसपी कार्यालय के बाहर भूख हड़ताल पर बैठेगा और इसकी सारी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## महाशिवरात्रि महोत्सव की दूसरी संध्या में आएंगे विक्रमादित्य

**अनंत ज्ञान, मंडी।** छोटी काशी मंडी अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

लोक निर्माण मंत्री 28 फरवरी को शिमला से 3.30 बजे रवाना होंगे और 6.30 बजे मंडी पहुंचेंगे। उनका रात्रि ठहराव परिधि गृह मंडी में होगा। 1 मार्च को विक्रमादित्य सिंह प्रातः 8.30 बजे सुन्नी शिमला के लिए रवाना हो जाएंगे।

## बरसात ने धोया शिवरात्रि मेले की पहली जलेब का मजा

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

वर्षभर इंतजार करने के बाद आज ऐतिहासिक पड्डल मैदान में अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि मेला के शुभारंभ को भारी वर्षा ने धो डाला।

यहीं नहीं गत दिवस महाशिवरात्रि की शाम को व्यास आरती के अंतिम पड़ाव में भी बारिश ने व्यवधान डाला। महाशिवरात्रि के अगले दिन यानी 27 फरवरी से 5 मार्च तक सप्ताह भर चलने वाले मेले की शुभारंभ के मौके पर भव्य जलेब (शोभायात्रा) भी बारिश की भेंट चढ़ गई। हालांकि प्रशासन व आयोजन कमेटी द्वारा शोभायात्रा तो निकाली गई लेकिन साफ मौसम में इसमें भाग लेने वालों और तमाशबीनों को जो मजा आता था वह किरकिरा हो गया। शोभायात्रा शुरू होने से पहले ही बारिश शुरू हो गई थी और सारी तैयारियां बारिश के बीच में करते हुए निर्धारित समय के बाद आरंभ कर दी गई। देवताओं को बारिश से बचाने के लिए पॉलिथीन की तिरपालों का सहारा लिया गया तो जलेब में शामिल कुछ लोगों ने छतरियों का सहारा लिया। लगभग सभी तमाशबीनों ने छातों का सहारा लिया। सड़कों पर कीचड़ और पड्डल मैदान में भारी कीचड़ का बोलबाला रहा। इस शोभायात्रा में शामिल वर्दी धारियों को सर्वाधिक परेशानी का सामना करना पड़ा, वहीं डिजिटल मीडिया कर्मियों को भी भी बारिश में कवरेज में भारी परेशानी हुई।



बारिश के चलते तमाशा बिन की जगह छठे ही छाते दिख रहे थे। जिस प्रकार से 28 फरवरी को भी वर्षा होने की भविष्यवाणी की गई है इसके चलते सप्ताह भर चलने वाले इस महोत्सव के पहले दो दिन वर्षा की भेंट चढ़ जाएंगे और उसके कुछ दिनों तक कीचड़ सूखने में समय लगेगा। (अनंत ज्ञान)

## पंडोह की सुष्मिता ठाकुर बनी असिस्टेंट प्रोफेसर

**अनंत ज्ञान, पंडोह**

विधानसभा क्षेत्र सराज की ग्राम पंचायत तांदी की सुष्मिता ठाकुर ने यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन के तहत नीट की परीक्षा पास की है। यह परीक्षा उन्होंने सोशियोलॉजी में पास की है।



उनके असिस्टेंट प्रोफेसर बनने पर पूरे पंडोह क्षेत्र में खुशी की लहर चली है। उनके अभिभावकों को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। सुष्मिता ठाकुर चार-भाई बहनों में सबसे छोटी हैं। प्रारंभिक शिक्षा राजकीय प्राथमिक पाठशाला तावरफी पंडोह में हुई जबकि प्लस टू तक की शिक्षा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पंडोह में पुरी की। साइंस नॉन मेडिकल में अच्छे नंबरों से पास की। बीएससी नॉन मेडिकल उन्होंने राजकीय डिग्री कॉलेज मंडी से और उसके बाद एम ए सोशियोलॉजी पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ से हासिल की। उनकी मां धूमा देवी एक ग्रहणी है और पिता हिमाचल प्रदेश विद्युत प्राइवेट लिमिटेड में बतौर कनिष्ठ इंजीनियर है।

# छोटा भंगाल व चौहार घाटी में हुआ हिमपात

**रूपी ठाकुर, बरोट**

छोटा भंगाल व चौहार घाटी में गत तीन दिन से दोनों घाटियों के निचले भाग में लगातार बारिश तथा घाटियों के समूचे दुर्गम गांवों में मात्र बारिश के का क्रम जारी रहा मगर वीरवार को दोपहर बाद से दुर्गम गांवों तथा घाटियों की ऊंची-ऊंची पर्वतमालाओं में बारिश के साथ हल्की-हल्की बर्फबारी का सिलसिला जारी रहा है।



घाटियों के दुर्गम गांवों राजगुंधा, कुड़धार, शपौहता, कुक्कड़ गुंधा, बड़ा ग्रां, नलहौता, कोली रूलिंग, कोठी कोहड़, चेलरा दी मलाह, धरमाण, सरमान नेर, जुधार, भुजलिंग, मंडी रूलिंग, मियोट, बड़ी व छोटी झरवाड़, ग्रामण, मढ़, पंजींड आदि दुर्गम गांवों में एक इंच से चार इंच का ताजा हिमपात हो गया है। जिस कारण दोनों घाटियों में गत कई दिनों से ही प्रचंड ठंड का प्रकोप भी जारी चला हुआ है। घाटियों के वजिन्द्र सिंह, कर्म चंद, जसवंत सिंह, सरिया राम, रवि कुमार, डागी रामबलवीर सिंह हरिगोपाल आदि लोगों का कहना है कि घाटियों में हो रही बारिश से किसानों की जौ, लुहसन, गेंहू, सरसों की फसलों के लिए संजीवनी मिल रही है मगर यहां पर पर्याप्त मात्रा में बर्फबारी का न होना सही संकेत नहीं है।

उनका कहना है कि घाटियों सहित ऊंची - ऊंची पर्वतमालाओं में सर्दी के मौसम के दौरान अगर पर्याप्त मात्रा में बर्फबारी होती है तो गर्मी के मौसम में प्राकृतिक जलस्रोत पूरी तरह लबालब होने से कहीं भी किसी भी प्रकार की पानी की कमी नहीं सताती है। इस कारण यहां पर सर्दी के मौसम में पर्याप्त मात्रा में बर्फबारी का होना बेहद आवश्यक है। (अनंत ज्ञान)

# परिवहन कर्मचारियों ने की टोकन स्ट्राइक

**अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर**

पिछले 65 महीने से ओवरटाइम व रात्रि सेवा शुल्क के भुगतान न दिए जाने पर परिवहन निगम के कर्मचारियों का सरकार व विभाग के प्रति गहरा जाहिर किया है। दोपहर बाद जोगिंदरनगर बस स्टैंड पर कर्मचारियों ने कहां मुख्यमंत्री सुखविंद्र ने निगम के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष पर पीटरहाफ में अपने संबोधन में परिवार निगम के कर्मचारियों को आश्वासन दिया था कि उन्हें शीघ्र ही उनके पैंडिंग भुगतानों की अदायगी कर दी जाएगी, लेकिन आज दिन तक कोई वित्तीय लाभ नहीं मिला। कर्मचारियों का कहना है कि 2006 के पे स्केल का भुगतान 2012 में किया गया लेकिन इस भुगतान की एक किस्त का भुगतान किया जाना बाकी है।



कर्मचारी मांगों को लेकर रोष जताते हुए।

### चालकों व परिचालकों के रिक्त पद भरने की मांग

कर्मचारियों ने सरकार से मांग की विभाग में चालकों व परिचालकों के रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए।

# भावना राष्ट्रीय कबड्डी टीम में चयनित

**अनंत ज्ञान, पंडोह**

मंडी जिला के गोहर उपमंडल की ग्राम पंचायत लोट से संबंध रखने वाली भावना ठाकुर का चयन इंडिया की कबड्डी में हुआ है। यह सुखद जानकारी जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव नेत्र सिंह ठाकुर ने पंडोह में एक पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि भावना ठाकुर इंडिया कैंप के लिए सिलेक्ट हुई थी जिसका प्रशिक्षण शिविर सोनीपत साइ में चल रहा है।



4 मार्च से 9 मार्च 2025 को छठी सीनियर एशियाई महिला कबड्डी चैंपियनशिप ईरान में आयोजित हो रही है। जिसमें हमारे पंडोह क्षेत्र की भावना ठाकुर भी अपनी शानदार कबड्डी का प्रदर्शन करेगी। भारतीय टीम में भावना ठाकुर का नाम अंकित होने से ना केवल भावना ठाकुर का नाम चमका है अपितु भावना ठाकुर ने समूचे हिमाचल प्रदेश का नाम रौशन किया है।

मंडी जिला में खुशी की लहर है। भावना ठाकुर पंडोह के नजदीक पीपला गलू को रहने वाली है। भावना के पिता प्रेम सिंह खेतीबाड़ी करते हैं। मगर बेटी को कबड्डी खेलने के लिए हर वक्त प्रेरित करते रहते हैं। भावना ठाकुर धर्मशाला साइ में कोच पंकज ठाकुर की देखरेख में प्रशिक्षण ले रही है। इस बार हिमाचल प्रदेश की चार लड़कियां इंडिया टीम के लिए चयन हुआ है।

**सफलता**

## युवक की मेडिकल कॉलेज नेरचौक में हुई जटिल सर्जरी

# पेट से सर्जरी कर निकाले पेन, चाकू, चम्मच, पलकर और सुई

**आदर्श यादव, नेरचौक**

श्री लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज नेरचौक के सर्जरी विभाग द्वारा एक युवक के पेट की सर्जरी कर उसके पेट से 12 हार्ड आइटम निकालकर सफल सर्जरी की है।

जानकारी के अनुसार युवक वीरवार सुबह पेट में दर्द होने के चलते दाखिल हुआ जिस पर चिकित्सकों ने उसके टेस्ट लिए और पाया कि युवक के पेट में कुछ हार्ड आइटम है जिसके चलते उन्होंने आपात स्थिति को ध्यान में रखते हुए उसकी सर्जरी की और लगभग 3 घंटे तक जारी रही इस सर्जरी में युवक के पेट से पेन चम्मच पलकर सुई चाकू सहित कुल 12 आइटम चिकित्सकों ने निकाले। युवक की सर्जरी सफल रही है। बताया जाता है कि युवक मानसिक रोग से ग्रस्त है और पिछले कुछ वर्षों से घर पर ही रह रहा था।



27 वर्षीय कौशित कटलग का रहने वाला है उसके पिता का देहांत वर्ष 2006 में हो गया था अब वह अपने माता और अपने भाई के साथ घर पर रहता था। परिवार वालों का कहना है कि उसे 10 + 2 की पढ़ाई करने के बाद कोचिंग के लिए चंडीगढ़ भेजा था लेकिन कोचिंग में करीब एक साल लगाने के बाद उसकी मानसिक स्थिति कुछ खराब हो गई जिसके चलते उसे घर वापस ले आए तब से वह घर पर ही रहता था मगर गुमसुम सा रहता था लेकिन जब पिछली रात्रि उसके पेट में तेज दर्द शुरू हुआ तो परिवार वालों ने उसे मेडिकल कॉलेज नेरचौक में पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसकी पूरी जांच करने में पाया कि उसकी सर्जरी करनी पड़ेगी। लगभग 3 घंटे की सफल सर्जरी के दौरान उसके पेट से 12 आइटम निकाले जिनमें पेन चाकू चम्मच पलकर आदि शामिल है।

डॉ. राहुल मृगपुरी ने बताया कि युवक को पेट दर्द के चलते सुबह 5:00 बजे अस्पताल लाया गया। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसके टेस्ट लिए तो पाया कि उसके पेट में कई आइटम्स है जिसके चलते उन्होंने तुरंत सर्जरी करने का निर्णय लिया और 3 घंटे चली इस सर्जरी में वह सफल हुए। युवक के पेट से सभी आइटम्स निकाल दिए गए हैं। युवक अभी ऑब्जर्वेशन में है।

# मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना से पांच छात्रों का भविष्य होगा उज्ज्वल : आरके

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत मंडी जिले के पांच छात्रों को अभिलाषी विश्वविद्यालय, चैलचौक में निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिला है।



आरके अभिलाषी।

इस योजना के तहत पांच छात्रों का संपूर्ण खर्चा जैसे कि ट्यूशन फीस, खाना, रहना व किताबें इत्यादि भी निःशुल्क रहेगा, वहीं इस संदर्भ में उपायुक्त मंडी द्वारा अभिलाषी शिक्षण समूह के चेयरमैन को आबंटन पत्र जारी किया गया है जिसके अंतर्गत निशांत ठाकुर बी.टेक (कंप्यूटर इंजीनियरिंग), पियूष बीबीए, युवराज बीसीए, कुंवर सिंह बीसीए, सुदेश कुमार बीए-बीएड विषय में निःशुल्क शिक्षा ग्रहण करेंगे।

वहीं एक और छात्र करण पहले से ही इस योजना के तहत बी.टेक में नामांकित है। अभिलाषी ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आरके अभिलाषी व सेक्रेटरी नरेंद्र कुमार ने मुख्यमंत्री सुक्खू से मिलकर इस योजना को अपने ग्रुप में लागू करने हेतु पत्र सौंपा था। उपायुक्त मंडी ने अभिलाषी विश्वविद्यालय प्रशासन से इन पांच छात्रों के प्रवेश की पुष्टि करने का अनुरोध किया है। इस दौरान चांसलर डॉ. आरके अभिलाषी, प्रो. चांसलर डॉ. एलके अभिलाषी आदि ने आभार व्यक्त किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### ऊना जिले में वार्षिक टोल टैक्स की नीलामी आज

**अनंत ज्ञान, ऊना।** आबकारी विभाग ऊना के उपायुक्त टिक्कम राम ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए ऊना जिला के वार्षिक टोल टैक्स नीलामी-कम-निविदा प्रक्रिया 28 फरवरी को सुबह 11 बजे बचत भवन ऊना में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए उपायुक्त आबकारी कार्यालय ऊना में सम्पर्क किया जा सकता है।

### व्हीकल पॉसिंग और ड्राइविंग टेस्ट स्थगित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पंजीकरण और लाइसेंसिंग प्राधिकारी ऊना ने जानकारी दी है कि 28 फरवरी को निर्धारित व्हीकल पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट को प्रशासनिक कारणों से स्थगित किया गया है। उन्होंने कहा कि शीघ्र इसके लिए अगली तिथि निर्धारित कर सूचित कर दिया जाएगा।

### स्कूल प्रिंसिपल्स की पदोन्नति सूची शीघ्र जारी करें : शर्मा

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के प्रांतीय संगठन एवं प्रेस सचिव राजन शर्मा ने सरकार से आग्रह किया है कि स्कूल प्रिंसिपल की पदोन्नति सूची शीघ्र जारी की जाए, उन्होंने कहा कि स्कूलों में वरिष्ठ लेक्चररों के पास डीडी ओ पावर दी गई है और काफी समय से वह स्कूलों के मुखिया के रूप में कार्यभार संभाल रहे हैं राजन शर्मा ने बताया कि वरिष्ठ लेक्चरर होने के कारण उनको डीडी ओ पावर तो दे दी जाती है लेकिन वित्तीय मामलों के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं होती, राजन शर्मा ने सरकार से मांग की है कि जहां पर वरिष्ठ लेक्चरर को डीडी ओ पावर दी जाती है वहां पर उनके लिए कोई वित्तीय ट्रेनिंग का भी प्रावधान होना चाहिए ताकि स्कूल प्रशासन का संचालन सही ढंग से कर सके और वित्तीय अनियमितताएं न हो।

### चिल्ली गांव में साक्षरता शिविर लगाया

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा में कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक सीमित शाखा बंगाणा ने चिल्ली गांव में वित्तीय साक्षरता शिविर लगाया। बैंक की ओर से शाखा प्रबंधक विनोद पाल सिंह ने बैंक की विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने घर द्वार किसान क्रेडिट कार्ड, महिला समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना व डिजिटल बैंकिंग के बारे में विस्तार से समझाया। विनोद पॉल सिंह ने आजकल ऑनलाइन किए जा रहे फ्रॉड की जानकारी साझा की और समझाया कि किसी भी तरह का ओटीपी किसी के साथ भी सांझा ना करें, कोई भी बैंक अथवा अधिकारी आपसे ओटीपी की जानकारी नहीं मांगता है क्योंकि यह सिर्फ आपकी गोपनीयता रखने के लिए आपको भेजा जाता है। किसी भी तरह अंजान कॉल से सावधान रहें और सतर्क रहें क्योंकि साइबर ठग्गी करने वाले आपकी जानकारी रखते हैं और मौका लगने पर फ्रॉड कर देते हैं जिससे आपको अपनी मेहनत की कमाई गंवानी पड़ जाती है। इस शिविर में बैंक की ओर से सुनील कुमार, सुरजीत सिंह आदि भी मौजूद रहे।

### शहीद चंद्रशेखर को दी श्रद्धांजलि



**अनंत ज्ञान, घनारी।** शहीद भगत सिंह क्लब गगरेट के सदस्यों और गांववासियों ने गगरेट स्मारक पर महान क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद की पुण्य तिथि पर फूल-मालाएं अर्पित कीं। क्लब के प्रधान मनीष ठाकुर और समाजसेवी जीवन महंत ने कहा कि हमें इनकी कुर्बानियों को हमेशा याद रखना चाहिए और स्कूलों में इनकी जीवनी पर देशभक्ति के कार्यक्रम करवाने चाहिए। 1921 में मात्र 13 साल की उम्र में उन्हें संस्कृत कॉलेज के बाहर धरना देते हुए पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने उन्हें ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया। जब मजिस्ट्रेट ने उनका नाम पूछा, तो उन्होंने जवाब दिया 'आजाद'। मजिस्ट्रेट ने पिता का नाम पूछा, तो उन्होंने जवाब दिया 'स्वाधीनता'। यह एक ऐसे युवा क्रांतिकारी थे, जिन्होंने अपने देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते अपनी जान दे दी। उन्होंने ठान लिया था कि वे कभी भी अंग्रेजों के हाथ नहीं आएंगे और अंग्रेजों की गुलामी की हुकूमत से खुद को आखिरी सांस तक आजाद रखा।

### उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के निर्देश पर ऊना में अनूठी पहल, जिले में होगी तालाबों की गणना, डिजिटल रिकॉर्ड तैयार होगा

# तैराकी खेल को विकसित करने के लिए गांवों में बनाए जाएं स्विमिंग पूल : मुकेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

ऊना जिले में जल संरचनाओं के संरक्षण और विकास के लिए एक अनूठी पहल करते हुए जिले में तालाबों की गणना करके उनका डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने इसे लेकर जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं। इस पहल के तहत जिले में मौजूद सभी तालाबों के साथ साथ नए-पुराने डैम, कुएं, बावड़ियां, जलाशय और झीलों की विस्तृत गणना कर उनका डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। इस कार्य की नोडल एजेंसी जिला ग्रामीण विकास प्राधिकरण होगी।

उपमुख्यमंत्री ने वीरवार को ऊना के डीआरडीए बैठक कक्ष में जिले में जल संरक्षण और जल संरचनाओं के निर्माण को लेकर किए प्रयासों की समीक्षा और भविष्य की रणनीति पर चर्चा को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते हुए यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तालाबों को उनके आकार, जलभराव क्षमता और प्राकृतिक या मानव निर्मित होने के आधार पर वर्गीकृत किया जाएगा। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में उनकी क्रम संख्या तय होगी और मानकों के निर्धारण के



लिए विषय विशेषज्ञों की सहायता ली जाएगी। उन्होंने कहा कि यह पहल आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संरक्षण को सुनिश्चित करने और जिले में जल संसाधनों के सतत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण होगी। उपमुख्यमंत्री ने जिले के गांवों में स्विमिंग पूल बनाने की संभावनाओं पर काम करने को कहा। उन्होंने कहा कि स्विमिंग पूल को तैराकी की खेलों के नजरिए से विकसित करने पर भी ध्यान दें ताकि ग्रामीण युवाओं के लिए सुविधा हो।

बैठक में उपायुक्त जतिन लाल ने उपमुख्यमंत्री के दिशा निर्देशों का पूरा पालन तय बनाने की प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर, जल शक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता नरेश धीमान, डीएफओ सुशील राणा, डीआरडीए के परियोजना अधिकारी केएल वर्मा, मत्स्य विभाग के उपनिदेशक विवेक शर्मा सहित सभी बीडीओ और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**वन्य जीवों और प्रवासी पक्षियों के लिए जल संरचनाओं का विस्तार :** अग्निहोत्री ने जिला प्रशासन को यह सुनिश्चित बनाने को कहा कि जिले में वन्य प्राणियों और पक्षियों के लिए भी जल संरचनाओं के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके अलावा, जिले में प्रवासी पक्षियों को रोकने और उनके ठहराव के लिए जल संरचनाओं में आवश्यक सुविधाएं विकसित करने की संभावनाएं तलाशने को कहा।

**तालाबों के स्वरूप से न हो छेड़छाड़ :** उन्होंने प्रशासन को निर्देश कि जिन तालाबों का ऐतिहासिक, सांस्कृतिक या पारिस्थितिक महत्व है, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और उन पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण या छेड़छाड़ न हो। तालाबों के समतलीकरण की किसी भी स्थिति में अनुमति न दी जाए।

**स्वां नदी पर सुंदर घाट विकसित करने की संभावनाएं तलाशें :** इसके अलावा उपमुख्यमंत्री ने स्वां नदी के किनारे सुंदर घाट विकसित करने की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वां नदी सोमभद्रा के नाम से भी विख्यात है, पर अब तक इसपर कोई घाट विकसित नहीं हुआ है। इसे अन्य प्रमुख नदियों की तरह पर्यटन और धार्मिक केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए।

**हर ब्लॉक में विकसित करें 5 ए-श्रेणी तालाब :** उपमुख्यमंत्री ने जिले के प्रत्येक ब्लॉक में कम से कम पांच ए-श्रेणी के तालाब विकसित करने का लक्ष्य दिया। संबंधित बीडीओ को निर्देश दिए कि इन तालाबों को इस तरह विकसित करें कि वे पर्यटन के आकर्षण केंद्र बन सकें। इनमें सौंदर्यीकरण, लाइटिंग, फेंसिंग, टहलने के ट्रैक और अन्य सुविधाएं विकसित की जाएं। इसके अलावा कम से कम हर ब्लॉक में 10-10 तालाब बी-श्रेणी के विकसित करें।

### उपमुख्यमंत्री ने संत सम्मेलन में की शिरकत

**ऊना।** उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने वीरवार को डेरा बाबा गरीब दास जी महाराज कांगड़ में शिवरात्रि के वार्षिक संत सम्मेलन में शिरकत की। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री को शिव मंदिर कमेटी सिंगा द्वारा सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के धार्मिक स्थलों में लोगों को बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि हरोली में मंदिरों को भव्य रूप देने के लिए उनका सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार किया जा रहा है ताकि स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ-साथ बाहर से आने वाले पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन सके। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने डेरा बाबा गरीब दास जी महाराज के नवनिर्मित प्रवेशद्वार का लोकार्पण भी किया। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र में मंदिरों के निर्माण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने इस दौरान कई घोषणाएं भी कीं। इस मौके पर जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणजीत राणा, विनोद बिट्टू, प्रमोद कुमार, संत श्री राकेश दास जी महाराज, संत बाबा संतोष दास बिट्टू, शिव मंदिर सिंगा के कमेटी के प्रधान जगदीश राणा, पंचायत प्रधान गुरुदेव सिंह, उपप्रधान भारत भूषण सहित अन्य उपस्थित रहे।

### पटवारी एवं कानूनगो संघ ने लगाई गुहार

**हरोली।** पटवारी एवं कानूनगो संघ जिला ऊना का प्रतिनिधिमंडल वीरवार को प्रधान रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में उपमुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश मुकेश अग्निहोत्री से गांव कांगड़ में मिला। हिमाचल प्रदेश सरकार के दिनांक 22 फरवरी को पटवारी एवं कानूनगो कर्मचारियों के सेवा संवर्ग को जिला स्तरीय से राज्य स्तरीय करने बारे जो अधिसूचना जारी हुई है उसके विरोध में उपमुख्यमंत्री महोदय को संघ द्वारा एक ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर पटवारी एवं कानूनगो संघ हरोली इकाई के प्रधान कमल देव, महासचिव पंकज कुमार, उपप्रधान युद्धवीर सिंह, कोषाध्यक्ष नीलम कुमारी, जिला कोषाध्यक्ष विपिन कुमार, कानूनगो सुनील कुमार, कुलदीप कुमार, राकेश कौशल, सुनीता देवी व पटवारी मनजोत सिंह, विनोद कुमार, अरविंद कुमार, मोहित सैणी, सुनील कुमार, सौरव, पवन कुमार, विजय कुमार, शुभम, प्रिया, शिवानी, मनीषा, रजनी, राजविंदर कौर आदि हाजिर रहे।

# युवक के किडनैपिंग मामले में आया नया मोड़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

**फिल्मी स्टाइल में हुई थी किडनैपिंग, एक युवती समेत पांच नामजद**

ऊना जिला मुख्यालय के समीपवर्ती गांव अप्पर अरनियाला से अगवा किए गए 19 वर्षीय युवक के मामले में एक नया मोड़ सामने आया है। इस किडनैपिंग केस में अब एक 19 वर्षीय युवती की भूमिका भी उजागर हुई है। पुलिस ने युवती समेत पांच अन्य युवकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करके मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

पुलिस की आरंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि किडनैपिंग से पहले लापता युवक को कई बार इसी युवती के साथ देखा गया था। बताया जा रहा है कि रविवार को लापता होने से ठीक पहले भी युवक, युवती के साथ ही देखा गया था। मंगलवार देर रात युवक के परिजनों को एक वायरल वीडियो के माध्यम से उसके किडनैप होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद परिवार ने तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवक की तलाश शुरू कर दी। पुलिस की विभिन्न टीमें संभावित स्थानों और चंडीगढ़ समेत पड़ोसी राज्यों में दबिश देने के लिए रवाना हो चुकी हैं। इसके साथ ही, पुलिस ने मामले की जांच के लिए शक के दायरे में आए तीन युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। सोशल मीडिया में वायरल वीडियो के बाद पुलिस ने संदिग्ध लोगों की तलाश के लिए अभियान तेज कर दिया था। इस वायरल वीडियो में दो युवक उस तीसरे युवक से अमानवीय व्यवहार कर रहे थे। उस युवक द्वारा चोट का निशान जिसमें वह लहूलुहान नजर आ रहा था। दो युवक उसके साथ मारपीट भी कर रहे थे। यह वीडियो एक गाड़ी के बीच बनाया गया है।

बताया जा रहा है कि आरोपी भाड़े की गाड़ी लेकर उस युवक को बंधक बनाए हुए दिखाई दिए हैं। किडनैपिंग के बाद वायरल हुए वीडियो में दो युवक मारपीट करते नजर आए थे, जो अब भूमिगत हो चुके हैं। वहीं, जिस युवती पर किडनैपिंग में भूमिका का संदेह है, वह भी लापता बताई जा रही है। पुलिस ने इन सभी की तलाश संभावित ठिकानों पर शुरू कर दी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार भाटिया ने कहा कि किडनैपिंग केस में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मामले की तहकीकात जारी है।

पुलिस की टीमें अगवा किए गए युवक की तलाश में पड़ोसी राज्यों में भेजी गई हैं। उन्होंने बताया कि युवक 23 फरवरी को लापता हुआ था, जबकि 25 फरवरी की रात उसके परिजनों को उसके किडनैपिंग की जानकारी वायरल वीडियो के माध्यम से मिली। पुलिस हर संभावित एंगल से इस मामले की जांच कर रही है और अगवा किए गए युवक के साथ-साथ वीडियो में दिख रहे दोनों युवकों और युवती की तलाश में जुटी हुई है। इस बीच एक संगठन ने उस युवक के गांव के लोगों के साथ पुलिस स्टेशन पहुंचकर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग भी की है।

# ऊना नगर निगम में गृहकर को लेकर उठने लगा बवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

**नगर निगम आयुक्त ने की स्थिति स्पष्ट**

नए बने ऊना नगर निगम में अब गृहकर अथवा संपत्ति कर को लेकर बवाल उठने लगा है। स्थानीय व्यापारी और निवासी दबी जुबान में इस कर का विरोध करने लगे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि उनका गृहकर दो से तीन गुना बढ़ा दिया गया है। इन दिनों गृह अथवा संपत्ति कर जमा कराने के लिए नगर निगम की ओर से नोटिस जारी किए जा रहे हैं। अधिकांश नोटिस लोगों तक पहुंच चुके हैं।

उधर, नगर निगम आयुक्त ने प्रशासन की स्थिति स्पष्ट की है। नगर निगम आयुक्त एवं एडीसी ऊना महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि नगर निगम ऊना का गठन होने के उपरांत गृहकर को लेकर कुछ भ्रांतियां देखने को मिल रही हैं, जो कि पूर्णतः तथ्यहीन हैं। शहरी निकायों में गृहकर का प्रावधान सरकार के नियमों में पहले से मौजूद है, न की नगर निगम बनने पर संपत्ति/गृहकर कर लगाया गया है। ऊना शहरी क्षेत्र में संपत्ति कर के लिए सर्वेक्षण हेतु 30 जुलाई, 2022 आर्यभट जियो इन्फोर्मेटिक्स एंड स्पेस एप्लीकेशन सेंटर (एजिसाक) एजेंसी को सर्वेक्षण के लिए नियुक्त किया गया और एजेंसी ने फरवरी, 2024 को सर्वेक्षण कार्य पूर्ण किया। उन्होंने बताया कि यह संपत्ति कर केवल पूर्व में नगर परिषद ऊना में शामिल क्षेत्रों पर ही लागू है। शहरी स्थानीय निकायों में वार्षिक संपत्ति कर को प्रति वर्ग मीटर क्षेत्र की दर से निर्धारित किया गया है और यह शहरी क्षेत्र में स्थित सभी सरकारी और गैर सरकारी भवनों पर लागू होता है। उन्होंने बताया कि वार्षिक संपत्ति कर को बिल जारी होने के बाद 15 दिनों के भीतर भुगतान करने पर 10 प्रतिशत की छूट का भी प्रावधान है। यदि किसी व्यक्ति को गृहकर से संबंधित कोई आपत्ति है तो नगर निगम कार्यालय ऊना से संपर्क किया जा सकता है।

### ट्रक और कार की टक्कर में पांच घायल

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला मुख्यालय ऊना के समीप बसाल गांव में ट्रक से एक कार टकरा गई। हादसे में कार सवार दो बच्चों समेत कुल पांच लोग जख्मी हुए हैं। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना लाया गया, जहां पर उनका उपचार जारी है।

वहीं, पुलिस ने मामले को लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक वीरवार दोपहर अंब से ऊना की ओर आ रही एक पंजाब नंबर की कार बसाल पहुंची, तो सामने से आ रहे एक ट्रक के साथ टक्कर हो गई। बारिश के बीच हुए हादसा इतना जोरदार था कि ट्रक व कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत यह रही ट्रक सड़क किनारे दुकान में नहीं घुसा, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं, कार में सवार लुधियाना निवासी गगनदीप, नीतू, सर्वजीत, परी व वीर जख्मी हुए हैं। पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी गई है।

# द्रोण महादेव शिव मंदिर नवोदित कलाकारों के लिए साबित हुआ बड़ा मंच

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

**महाशिवरात्रि मेला शांतिपूर्ण ढंग से हुआ संपन्न : एसडीएम**

महाशिवरात्रि पर्व पर द्रोण महादेव शिव मंदिर शिवबाड़ी अंबोटा नवोदित कलाकारों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने में सहायक सिद्ध हुआ है। मंदिर प्रशासन द्वारा पहली बार यहां शिवरात्रि के उपलक्ष्य पर उपलब्ध करवाए गए मंच पर प्रदेश के कई नवोदित भजन गायकों ने अपनी प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह को प्रभावित किया है। महाशिवरात्रि पर जिस प्रकार मंदिर प्रशासन ने यहां व्यवस्थाओं को संभाला उससे इस बार आशा से कहीं अधिक श्रद्धालु तो नतमस्तक होने आए ही बल्कि आम जनमानस में भी मंदिर प्रशासन की भूरि भूरि प्रशंसा हो रही है।

यूं तो द्रोण महादेव मंदिर शिवबाड़ी सैकड़ों वर्ष पुराना है, लेकिन जिन्हें अभी तक यह पता नहीं था कि मंदिर मुख्य द्वार मेला ग्राउंड में स्थित है, वे भी यह जान सके कि इस सैकड़ों वर्ष पुराने मंदिर को जाने वाला मुख्य मार्ग मेला ग्राउंड से ही होकर गुजरता है। यही नहीं बल्कि मंदिर के साथ बनाई गई शिव वाटिका व मंदिर परिसर के साथ सटे भू-भाग में मन मोह लेने वाली वाटिका ने भी श्रद्धालुओं को खूब मंत्रमुग्ध किया।

यह पहला मौका था जब महाशिवरात्रि पर्व पर भी यहां दो दिवसीय मेले का आयोजन किया गया और मेला ग्राउंड में लगे झूलों का शिवभक्तों ने भी खूब आनंद लिया। यहां अस्थाई दुकानें लगाने आए कई व्यापारियों ने भी माना कि महाशिवरात्रि पर न सिर्फ बेहतर व्यवस्थाएं देखने को मिली, बल्कि पहली बार यहां इतना जनसमूह उमड़ा है। महाशिवरात्रि पर्व के दौरान मंदिर प्रशासन द्वारा बनाई गई वनवे व्यवस्था भी कानून व्यवस्था को चाक चौबंद रखने में कामयाब रही। जिस प्रकार महाशिवरात्रि मेले का बेहतर आयोजन हुआ, उसके चलते अब बैसाखी के बाद आने वाले शिवबाड़ी मेले के भी बेहतर संचालन की उम्मीद से क्षेत्रवासी उत्साहित हैं। मंदिर प्रशासन की बेहतर व्यवस्थाओं का ही परिणाम है कि मंदिर की आए दिन प्रतिदिन मंदिर की सुंदरता बढ़ रही है और मंदिर को और भी सुंदर बनाने में प्रशासन को सहयोग मिल रहा है।

उधर, एसडीएम सौमिल गौतम का कहना है कि महाशिवरात्रि मेला शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। उन्होंने कहा कि व्यवस्थाएं बनाने के लिए कई कदम उठाने पड़े, जिन्हें श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा को देखकर उठाया जाता है। उन्होंने बताया कि शिवरात्रि मेले में पैरा ओलंपियन निषाद सहित कई हस्तियों ने द्रोण महादेव पहुंच कर महादेव का आशीर्वाद हासिल किया है।

# बनगढ़ स्कूल के छात्रों ने सीखे आग व आपदा से लड़ने के गुर

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना खंड के राजकीय उच्च विद्यालय बनगढ़ के छात्रों व स्टाफ ने अग्निशमन केंद्र ऊना का भ्रमण करके आग व आपदा से लड़ने के गुर सीखे।

अग्निशमन उपाधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि मॉकड्रिल में अग्निशमन विभाग के फायरमैन मुकेश कुमार व अमित कुमार ने स्टूडेंट्स को आग व आपदा के समय आगे आकर अपना बचाव करते हुए अनमोल जानों को बचाने में भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मानवीय सेवा के लिय हम सब को हर वक्त तैयार रहना चाहिए।

उन्होंने आग के वर्गीकरण के अनुसार आग को बुझाने के तरीके विस्तार से बताएं ।प्रेक्टिकल करके दिखाए गए। और स्टूडेंट्स से अभ्यास करवाया गया ।उन्होंने स्टूडेंट्स से आग के प्रति जागरूकता को जन जन तक पहुंचाने का आवाहन किया । इस मौके पर स्कूल स्टाफ में नीरू वर्मा, अनुराधा कुमारी व विमल चंदेल उपस्थित रहे।




अग्निशमन विभाग के जागरूकता शिविर में शामिल प्रतिभागी।

### खनन से हो रहा देवभूमि का नाश : नवदीप महे

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** महर्षि वाल्मीकि गुरु रविदास यूथ एकता महासभा बंगाणा ब्लॉक अध्यक्ष नवदीप महे जारी ब्यान में कहा कि लीज धारकों/क्रशर इकाइयों द्वारा खनन सामग्री को चौबीसों घंटे टिप्परों में ले जाया जा रहा है, जिससे आम जनता को अनावश्यक परेशानी हो रही है। प्रशासन द्वारा समय सारणी बनाई कई थी जो सुबह 7 बजे से 10 बजे तक शाम 5 बजे से 8 बजे तक है । इसके अंतराल भी खनन सामग्री को चौबीसों घंटे टिप्परों में ले जाया जा रहा है। आखिरकार प्रशासन चुप क्यों है । किसकी आड में खनन माफिया हो रहा है। हिमाचल देवभूमि को नष्ट कर दूसरे शहरों में बेचा जा रहा है यदि सरकार ओर प्रशाशन कोई उचित करवाई नहीं करता तो हम सोशल मीडिया के माध्यम से लाइव होकर प्रशासन ,सरकार का विरोध करेंगे और सड़कों पर उतरकर खनन सामग्री को बेचने वाले के साधनों को रोकेंगे।



### दर्शन न करने देने को लेकर सौंपा ज्ञापन



**अनंत ज्ञान, गगरेट।** शिवबाड़ी मंदिर गगरेट में स्थानीय लोगों को शिवरात्रि मेले के दौरान दर्शन करने से वंचित करने के संदर्भ में अंबोटा निवासियों ने ज्ञापन ऊना के उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा है।

### स्वच्छ शहर, समृद्ध शहर अभियान के तहत किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** नगर पंचायत गगरेट में स्वच्छ शहर, समृद्ध शहर अभियान के तहत स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए एक जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान में नगर पंचायत गगरेट के अध्यक्ष अनिल कुमार, सचिव सुषमा रानी, सामुदायिक प्रबंधक एवं स्वयं सहायता समूह के सदस्य उपस्थित रहे। स्वयं सहायता समूह के सदस्यों ने वार्ड नंबर 3 और 4 में घर-घर जाकर गीले, सूखे और हानिकारक कचरे के उचित प्रबंधन को लेकर नागरिकों को जागरूक किया। नागरिकों को बताया गया कि गीला और सूखा कचरा अलग-अलग रखना आवश्यक है, जिससे कचरा प्रबंधन को प्रभावी बनाया जा सके। साथ ही, हानिकारक कचरे के सुरक्षित निस्तारण की भी जानकारी दी गई। नगर पंचायत की सचिव सुषमा रानी ने नागरिकों से अपील की कि वे सिंगल-यूज प्लास्टिक और हानिकारक कचरे के अनावश्यक उपयोग से बचें तथा नगर को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने में योगदान दें।

**आयोजन** रेड रिबन क्लब ने एड्स के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतियोगिता का करवाया आयोजन

# निबंध लेखन में बीबीए की अंकिता रही अव्वल

**अनंत ज्ञान, अंब**

महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब में रेड रिबन क्लब ने वीरवार को एचआईवी/एड्स के बारे जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के 20 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया तथा इस महत्वपूर्ण विषय पर अपने विचारों और ज्ञान को लिखित रूप में साझा किया।

यह प्रतियोगिता रेड रिबन क्लब के प्रभारी प्रो. आशीष और सदस्य डॉ. आशुतोष के निर्देशन में संचालित हुई। इस प्रतियोगिता में बीबीए के छठे समेस्टर की अंकिता ने प्रथम स्थान, बीबीए के दूसरे समेस्टर की शगुन ने दूसरा स्थान तथा बीए द्वितीय वर्ष के उमेश कुमार ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं को एचआईवी/एड्स के प्रति संवेदनशील बनाना, इसके प्रसार को रोकने के उपायों के बारे में जागरूक करना और इस बीमारी से पीड़ित लोगों के प्रति सहानुभूति और समर्थन की भावना को बढ़ावा देना रहा।



रेड रिबन क्लब द्वारा करवाई गई प्रतियोगिता में विजेता छात्रा को सम्मानित करते गणमान्य।

क्लब के प्रभारी प्रो. आशीष ने कहा कि हिमाचल सरकार द्वारा स्कूल और कॉलेजों में युवाओं को इस बीमारी के बारे में जागरूक करने के लिए इस क्लब को शुरू किया गया है और यह एक ऐसा अभियान है, जिसके माध्यम से एड्स जैसी गंभीर बीमारी के बारे में जानकारी प्रदान करना है जिसका अभी भी कोई इलाज नहीं है। इसे केवल रोका जा सकता है, ठीक नहीं किया जा सकता क्योंकि रोकथाम इलाज से बेहतर है और रोकथाम केवल इस बीमारी के बारे में समाज में जागरूकता पैदा करके ही की जा सकती है।

रेड रिबन क्लब नियमित अंतराल पर एचआईवी-एड्स से पीड़ित व्यक्तियों की सहायता करने और छात्रों को जागरूक करने के लिए जागरूकता शिविरों का आयोजन करता है, ताकि युवा एड्स के बारे में सही जानकारी फैलाकर खुद को, अपने आस-पड़ोस को, दोस्तों को और समाज को इससे बचा सकें। लाल रंग का चिह्न समाज में फैली सबसे बड़ी बीमारी के बारे में चेतावनी का प्रतीक है।

प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के सदस्यों की भूमिका डॉ. कृष्णा शर्मा और डॉ. कुमारी सुजाता ने निभाई, जिन्होंने छात्रों के निबंधों का मूल्यांकन उनके विषय ज्ञान, लेखन कौशल और प्रस्तुति के आधार पर किया। प्रतियोगिता के अंत में, विजेताओं प्रतिभागियों को प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । रेड रिबन क्लब के प्रभारी प्रोफेसर आशीष कुमार ने कार्यक्रम के अंत में छात्रों के उत्साह और भागीदारी की सराहना की और उन्हें भविष्य में भी इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता एचआईवी/एड्स के बारे में लोगों को शिक्षित करने और उन्हें इस बीमारी के खिलाफ लड़ाई में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने यह भी कहा कि क्लब भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा ताकि समाज में एचआईवी/एड्स के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके।

यह प्रतियोगिता न केवल छात्रों के लिए एक ज्ञानवर्धक अनुभव रहा बल्कि इसमें उन्हें एक महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दे पर अपने विचारों को व्यक्त करने और दूसरों को प्रेरित करने का अवसर भी प्रदान किया। इस प्रकार के आयोजन समाज में एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने और एक स्वस्थ और समावेशी समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इस अवसर पर स्टाफ के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों को औषधीय पौधों के बताए गुण

**विनोद शर्मा, लठियाणी**

उपमंडल बंगाणा के राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थानाकलां में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने प्रधानाचार्य संजीव पराशर की देखरेख में औषधीय पौधे लगाए। औषधीय पौधों में लौंग, तेल पत्ता, दालचीनी, लौंग, इंसलिन, पत्थरचट, स्ताबरी, कपूर, लाजवंती, लेमनग्रास, नींबू , पलम, पलास, चीकू इत्यादि आयुष विभाग के सौजन्य से हर्बल गार्डन में कई औषधियों के पौधे लगाए गए।




थानाकलां स्कूल में औषधीय पौधों के साथ स्कूली छात्र।

स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव पराशर ने बताया कि यह औषधिय पौधे आयुर्वेदिक की दृष्टि से बहुत ही गुणकारी होते हैं, आयुर्वेद में इन औषधीय पौधों का बहुत ही महत्व है, जैसे दालचीनी बहुत ही गुणकारी होती है, जिसका सेवन करने से कैस्ट्रॉल, पेट की गैस, कब्ज, अपच से आराम मिलता है। इसमें कैल्शियम भी काफी मात्रा में होता है जो कि हड्डियों को मजबूत करता है। यह हृदय रोगों का बचाव एवं सांस से संबंधी रोगों के लिए भी बहुत ही उपयोगी होती है। बलविंदर शर्मा ने बताया कि लौंग बहुत ही गुणकारी होता है, जिसका प्रयोग करने से दांतों के मसूड़े , सर्दी-जुकाम, स्मरण शक्ति, रक्त संचार को सही करने में लाभकारी होता है। नंदलाल ने बताया कि पत्थरचट आयुर्वेदिक की जड़ी बूटी है, जिसके कई लाभ हैं।

इसके सेवन करने से घाव भरने, ब्लड शुगर, किडनी स्टोन, जोड़ों में दर्द, बवासीर इत्यादि को ठीक करता है। संयोगिता शर्मा ने बताया कि चीकू में विटामिन ए भरपूर मात्रा में होता है। यह आंखों को सही रखने में बहुत ही लाभकारी होता है और इसके सेवन से पाचन क्रिया भी सही रहती है। हंसराज ने बताया कि नींबू के पानी का सेवन से कई लाभ हैं। यह पाचन क्रिया में सुधार लाता है। किडनी स्टोन के लिए भी बहुत ही उपयोगी है। नींबू का पानी सुबह खाली पेट गुनगुना पीना चाहिए।

राष्ट्रीय सेवा योजना की सोनाली, समीक्षा, अंकिता, दीपाली, भावना, साक्षी, राहुल, धीरज, दिशांत, तनु, अक्षदीप, रोहित, अरुण, अमित, अंकित, भूपेंद्र , ललित, रमन सभी स्वयंसेवियों ने इन औषधीय पौधों का पौधरोपण किया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक नंदलाल, पवन शर्मा , संदेश, संयोगिता शर्मा, कांता, राधिका, प्रवेश राणा, दविंदर सिंह, विनय, कमल चौधरी, सुमन लता, रेखा, नीता देवी, रजनी शर्मा और नीलम इत्यादि उपस्थित थे।

# बर्फ के लिहाफ में लिपटा लाहौल-स्पीति, बढ़ी दुश्वारियां

## कुल्लू जिले में भी बारिश व बर्फबारी लगातार जारी, लाहौल-स्पीति का शेष दुनिया से कटा संपर्क




**अनंत ज्ञान, केलांग/मनाली**

शीतमरुस्थल जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति व कुल्लू जिले में लगातार तीन दिनों से हो रही बारिश व बर्फबारी से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है।

बर्फबारी ने लोगों की दुश्वारियां बढ़ा दी हैं। बर्फबारी अधिक होने से हिमस्खलन की आशंका बढ़ गई है। लाहौल के जनजातीय इलाकों में ऑरेंज अलर्ट के बीच वीरवार को भी भारी बर्फबारी का दौर जारी है। बर्फबारी से अटल टनल सहित दो नेशनल हाईवे और करीब 160 से अधिक सड़कों पर यातायात बाधित है। लाहौल में दो फुट से अधिक बर्फबारी से जिले के 90 फीसदी गांवों में बिजली ठप है। अटल टनल रोहतांग दूसरे दिन भी यातायात के लिए बंद रही।

उधर, कुल्लू के निचले क्षेत्रों में लगातार बारिश हो रही है, जिससे कई जगह भूस्खलन की घटनाएं भी पेश आई हैं। वहीं, ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होने से मुश्किलें बढ़ गई हैं। एनएच-305 सहित जिले की कई अन्य सड़कें बाधित हुई हैं। वहीं, धुंधी के समीप हिमस्खलन से मनाली-केलांग मार्ग बंद हो गया है। हालांकि, कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। केलांग मार्ग पर वाहनों की आवाजाही गत बुधवार शाम से बंद है। अटल टनल के नॉर्थ छोर में तीन फुट बर्फबारी, जबकि साउथ पोर्टल में दो फुट बर्फबारी हुई है। मंगलवार और बुधवार के बाद वीरवार को भी लाहौल-स्पीति में बर्फबारी का दौर जारी है। भारी बर्फबारी से लाहौल-स्पीति का देश और दुनिया से संपर्क कट गया है।

उधर, लाहौल घाटी के उंचाई वाले ग्रामीण क्षेत्रों में तीन फुट तक बर्फबारी हो चुकी है। प्रशासन की ओर से लोगों को घरों में रहने की सलाह दी गई है। डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने कहा कि जिले में भारी बर्फबारी का क्रम जारी है। उन्होंने बताया कि भारी बर्फबारी होने से हिमस्खलन की भी आशंका बढ़ी है। उन्होंने कहा कि हालात पर नजर रखी जा रही है। लोगों को मौसम साफ होने तक घरों से बाहर न निकलने की सलाह दी गई है। हालात सामान्य होते ही बीआरओ सड़क बहाली में जुट जाएगा।

### आज भी बंद रहेंगे शैक्षणिक संस्थान

**लगातार** हो रही भारी बर्फबारी के बीच हिमखंड गिरने की संभावना के बीच लाहौल-स्पीति प्रशासन ने वीरवार के बाद अब शुक्रवार को सभी शैक्षणिक संस्थानों में अवकाश घोषित कर दिया है।

### बर्फबारी के बीच धुंधी में गिरा हिमखंड

**अटल टनल** रोहतांग, धुंधी, सोलंगनाला में बर्फबारी हो रही है। धुंधी में वीरवार को हिमस्खलन गिरा, जिससे मनाली-लेह मार्ग यातायात के लिए बंद हो गया। उधर, दूसरे दिन भी अटल टनल पर्यटकों के लिए बंद रही। पर्यटकों के सामान्य वाहन नेहरूकुंड तक भेजे गए, जबकि फोर बाई फोर वाहन सोलंगनाला तक गए। धुंधी पुल के समीप पहाड़ी से बर्फ सड़क पर आ गई। कई फुट बर्फ सड़क पर आने से मनाली-लेह मार्ग सभी प्रकार के वाहनों के लिए बंद हो गया है। गनीमत यह रही कि उस दौरान सड़क पर कोई नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा भी हो सकता था।

### नदी में पानी की जगह बहने लगी बर्फ

**लाहौल** में भारी बर्फबारी के बाद अब हिमखंड गिरने का सिलसिला शुरू हो गया है। लाहौल की तिंदी पंचायत के कैन गांव के समीप वीरवार को हिमखंड गिरा। हिमखंड गिरने के बाद नदी में पानी की जगह बर्फ बहने लगी है। सोशल मीडिया पर यह वीडियो खूब वायरल हो रही है।

# मणिकर्ण घाटी के तोष में भू-स्खलन, जीरा नाले का प्रवाह रुका, खतरे की जद में क्षेत्र

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**



कुल्लू जिले की मणिकर्ण घाटी में तोष गांव के पीछे भू-स्खलन से जीरा नाले का प्रवाह रुक गया है, जिससे तोष गांव और एक निजी कपिल हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट सहित पार्वती नदी किनारे के क्षेत्र खतरे की जद में हैं।

उधर, जिला प्रशासन ने खतरे को भांपते हुए साथ लगते क्षेत्रों के घरों को खाली करने के निर्देश देते हुए उन्हें खाली करवाकर लोगों को सुरक्षित स्थानों में भेज दिया है। गत बुधवार रात करीब दो बजे भू-स्खलन के कारण जीरा नाले का प्रवाह रुक जाने से वहां पर कृत्रिम झील बन गई थी, जिसकी सूचना स्थानीय लोगों द्वारा प्रशासन को दी गई, जिसके बाद एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। प्रशासन ने संभावित खतरे को देखते हुए जिला आपदा प्रबंधन की ओर से नाले के किनारे संवेदनशील क्षेत्रों के लोगों को सुरक्षित स्थानों की ओर ले जाने का काम शुरू कर दिया और एहतियात के तौर पर नाले के किनारे आने वाले सभी घरों को खाली करवा दिया है। हालांकि, अभी तक किसी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन खतरा अभी तक बरकरार है। वहीं, प्रशासन की ओर से पर्यटकों से नदी किनारे नहीं जाने की अपील की है। (अनंत ज्ञान)

### खतरे के मद्देनजर कमेटी का किया गठन

**डीसी** कुल्लू तोरुल रवीश ने कहा कि मणिकर्ण घाटी के तोष गांव से 2 किलोमीटर ऊपर की तरफ स्थित जीरा नाले के ब्लॉक होने के कारण स्थानीय लोगों विशेष कर तोष एवं कपिल मोहन हाइड्रो प्रोजेक्ट के आसपास की आबादी को भू-स्खलन द्वारा खतरे को देखते हुए, खतरे वाले स्थान को खाली करने तथा पुनर्वास की आवश्यकताओं के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए एक कमेटी का गठन किया है। जारी आदेश में उन्होंने कहा कि एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला के नेतृत्व में गठित इस कमेटी में अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण, डीएसपी कुल्लू, कमांडेंट होमगार्ड, तहसीलदार भुंतर, स्थानीय वन परिक्षेत्र अधिकारी तथा कपिल मोहन हाइड्रो प्रोजेक्ट के जनरल मैनेजर सदस्य के रूप में कार्य करेंगे तथा सभी विभाग उक्त आदेश में उल्लिखित उद्देश्य के लिए समन्वय से कार्य करेंगे। उन्होंने पर्यटकों व स्थानीय लोगों से नदी, नालों से दूर रहने की हिदायत दी है।

# मृत्यु और अपंगता की स्थिति में मुआवजे के लिए 31 तक आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

केंद्र सरकार श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा आसंगठित क्षेत्र में कार्यरत कामगारों के पंजीकरण के लिए एक ई-थम पोर्टल तैयार किया गया है।

सचिव धम एवं रोजगार भारत सरकार व सचिव थम एवं रोजगार, हिमाचल प्रदेश सरकार के पत्रों क्रमश: 30-12-2024 व 02-01-2025 के तहत नए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जिसके अनुसार उक्त पोर्टल में पंजीकृत सभी आवेदकों, को जिनका पंजीकरण 31-03-2022 तक या इसने पहले हुआ हो तथा जो पंजीकृत आवेदक किसी दुर्घटना में 31-03-2022 को या इससे पहले मृत्यु या अपंगता का शिकार हुए हैं, उन आवेदकों के मृत्यु होने की स्थिति में उसके नामांकित व्यक्ति को 2 लाख रुपए व स्वयं आवेदक की पूर्णत: दोनों टोंगे व एक हाथ व एक बाजू के अक्षम होने पर भी 2 लाख रुपए व शरीर के किसी एक अंग के पूर्णत: अक्षम होने की स्थिति में 1 लाख रुपए तक का दुर्घटना मुआवजा प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत देने का प्रावधान है।

उपरोक्त दिशा निर्देशों के अंतर्गत पात्र आवेदक 31 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। अत: जो पात्र आवेदक पूर्व में समय पर आवेदन करने में किसी कारणवश चूक गए हों, वे अब आवेदन कर सकते हैं, लेकिन पंजीकरण करने व दुर्घटना होने की तिथि में कोई बदलाव नहीं किया गया है, वह पहले की भांति दिनांक 31-03-2022 ही रहेगी।

## पटवारी व कानूनगो ने कहा, राज्य संवर्ग की अधिसूचना को वापस लिया जाए

# आज से करेंगे अनिश्चितकालीन कलम छोड़ो आंदोलन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



पटवारी एवं कानूनगो महासंघ हिमाचल प्रदेश के आह्वान पर वीरवार को जिला कुल्लू पटवारी एवं कानूनगो महासंघ की विशेष बैठक जिला प्रधान ऋषभ डोगरा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में जिले की सभी तहसीलों से प्रतिनिधि व अन्य सदस्य मौजूद रहे। बाह्य सराज के सदस्य वर्चुअल माध्यम से जुड़े। बैठक में जिले के सभी मौजूद सदस्यों की उपस्थिति में निर्णय लिया गया कि सरकार द्वारा पटवारी व कानूनगो को जिला संवर्ग से राज्य संवर्ग में बदलने पर व हमारी मांगों को अनदेखा करने पर पटवारी व कानूनगो राज्य महासंघ व जिला महासंघ सरकार के इस रवैये का कड़ा विरोध करते हैं। महासंघ सरकार से दोबारा अनुरोध करता है कि राज्य संवर्ग की अधिसूचना को वापस लिया जाए व बलवान कमेटी द्वारा जो सिफारिशें सरकार को भेजी गई हैं, उन्हें जल्द प्रभाव से लागू किया जाए।

जिला महासंघ सरकार के संज्ञान में लाना चाहता है कि गत 20 सितंबर को राज्य महासंघ ने अपनी सभी जायज मांगें सरकार के समक्ष रखी हैं और उस पत्र में यह भी चेताया गया कि सरकार यदि महासंघ की मांगों को अनदेखा कर राज्य संवर्ग या राज्य स्तरीय तबादला नीति बारे अधिसूचना जारी करती है, तो महासंघ तत्काल प्रभाव से अनिश्चितकालीन कलम छोड़ो आंदोलन करने पर विवश होगा, जिसका पूर्ण रूप से दायित्व प्रदेश सरकार का होगा। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कुल्लू जिले के समस्त पटवारी व कानूनगो शुक्रवार से (आपदा का कार्य छोड़कर) पूर्ण रूप से अनिश्चितकालीन कलम छोड़ो आंदोलन करने जा रहे हैं, जिसका पूर्ण दायित्व प्रदेश सरकार का होगा।

# पुलिस जवान का स्थानीय चालक की पिटाई करना निंदनीय: गोविंद ठाकुर

**अनंत ज्ञान, मनाली**



अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल के समीप सिस्सू में एक पुलिस जवान द्वारा बुरुआ गांव के टैक्सी चालक की बेरहमी से पिटाई करना अत्यंत निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है।

यह घटना न केवल सुक्खू सरकार की प्रशासनिक विफलता को उजागर करती है, बल्कि पुलिस तंत्र के बढ़ते दमनकारी रवैये को भी दर्शाती है। यह बात भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने मीडिया को जारी बयान में कही। गोविंद सिंह ठाकुर पीड़ित चालक नीतिन के घर बुरुआ पहुंचे और उनका कुशलक्षेम जाना। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करना पुलिस प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है, लेकिन वर्तमान सुक्खू सरकार के कुशासन के कारण जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन को इस घटना को गंभीरता से लेते हुए दोषी पुलिसकर्मी पर तत्काल कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और आम जनता में पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास बना रहे। पूर्व मंत्री ने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा यदि जल्द न्याय नहीं मिलता है, तो इस मामले को लेकर स्थानीय जनता के साथ प्रदर्शन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

# वकील अदालत में नहीं हुए पेश

**अनंत ज्ञान, मनाली।** बार एसोसिएशन मनाली ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया के आह्वान पर एडवोकेट्स एक्ट में किए जा रहे प्रस्तावित संशोधन के खिलाफ रोष स्वरूप एकदिन की हड़ताल की। इस अवसर पर वकील अदालत में पेश नहीं हुए। बार एसोसिएशन अध्यक्ष इंद्र जीत ठाकुर की अध्यक्षता में हुई बैठक में सभी सदस्यों ने कहा कि प्रस्तावित संशोधन वकीलों के हितों के विरुद्ध है। अधिवक्ताओं ने बताया कि प्रस्ताव स्थानीय उपमंडलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा जाएगा। वीरवार को हड़ताल के कारण अदालती काम काज काफी प्रभावित हुआ। इसके अलावा, एसोसिएशन ने प्रस्तावित संशोधन के खिलाफ उचित कार्रवाई करने के लिए बार काउंसिल ऑफ इंडिया, बार काउंसिल ऑफ हिमाचल प्रदेश और देश भर के अन्य बार एसोसिएशनों के साथ समन्वय करने का संकल्प लिया।

# एंटी ड्रग्स टास्क फोर्स का गठन

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली शहर से चिट्टा खत्म करने के लिए एंटी ड्रग्स टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा। इस फोर्स में मनाली के जागरूक युवा शामिल होंगे, जो पुलिस और मनाली वासियों के सहयोग से चिट्टे पर बार करेगी। नगर परिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर कड़े निर्णय लिए गए। चिट्टे सहित नशाखोरी में संलिप्त व्यक्ति की सही जानकारी को नगर परिषद मनाली 15 हजार का ईनाम देगी। मनाली के मकान मालिकों को अपने किरायेदारों का पंजीकरण करना अनिवार्य होगा। नगर परिषद मनाली के अध्यक्ष मनोज लारजे ने बताया कि बैठक में बढ़ते चिट्टे व नशाखोरी को लेकर चिंता व्यक्त की गई। उन्होंने बताया कि नगर परिषद भी इस मामले को लेकर गंभीर है। उन्होंने बताया कि बैठक में मनाली के बहुत से महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि चिट्टे को जड़ से उखाड़ने के हर संभव प्रयास किए जाएंगे।




# कनौन के लोगों को ऑनलाइन ठगी के बारे में किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सैंज**

कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक सैंज ने कनौन पंचायत में वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता शिविर का आयोजन किया।

नाबार्ड द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से मंगलवार को कनौन पंचायत के शलवाड़ गांव में पंचायत के ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं व ऑनलाइन ठगी के बारे में जागरूक किया। बैंक के सहायक प्रबंधक जगदीश कुमार व दया राम ने ग्रामीणों को जानकारी साझा करते हुए कहा कि आजकल घर का प्रत्येक सदस्य बैंकिंग से जुड़ा हुआ है और इन सभी का जागरूक होना आवश्यक है। जागरूकता कार्यक्रम में बैंक प्रबंधन ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, नाबार्ड तथा भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत करवाया। वहीं, डिजिटल बैंकिंग तथा डिजिटल ठगी को लेकर भी लोगों को जागरूक किया।

शिविर में अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना तथा स्वयं सहायता समूह आदि विभिन्न योजनाओं के बारे जानकारी दी। शिविर में पंचायत प्रधान हीरा मेहता, सचिव किशन चंद सहित पंचायत के विभिन्न पदाधिकारी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# श्रीलंका और भारत के कलाकार अपने भावों को चित्रों पर उतार रहे

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

चाहे कोई रंग हो या कलात्मक वस्तु अथवा कोई स्वर हो या कोई नाद हमारे अपने मन की उत्सुकता हमारी रुचि के विकास की प्रथम गुरु है, जो हमारे अंतर्मन की भावनाओं, कामनाओं और संवेदनाओं को सृजन के रस में भिगोकर हमारे अंतर्मन के स्थायी भावों को आनंदित करती है।

ऐसे ही भावों को श्रीलंका और भारत के कलाकार हिमाचल की तलहटी में बिखरी लोक संस्कृति और कला को जगह-जगह जाकर वहां के लोक कलाकारों से सीधा संवाद कर रहे हैं, जिससे भारतीय लोक कला सृजन को देश की सीमा से परे जाकर एक नई ऊंचाई और दिशा मिलेगी। समिट के रवि कांत शर्मा ने बताया कि वह स्थानीय संस्कृति से जुड़े कलाकारों की कार्यशालाओं और गतिविधियों में हिस्सा लेते हैं, ताकि पर्यटक कलाकार उस जगह की संस्कृति और वहां रहने वाले लोगों के साथ भावनात्मक, शैक्षिक, सामाजिक और कलात्मक सहभागितापूर्ण संपर्क करने के कारण स्वयं को उस जगह के सृजनात्मक नागरिक की तरह महसूस करते हैं। इसी के तहत भारत और श्रीलंका के कलाकारों की एकदिवसीय वर्कशॉप आयोजन अंतरराष्ट्रीय रौरिक मैमोरियल ट्रस्ट नग्गर में की गई, जिसमें कलाकारों ने आपस में कला की वैचारिक संस्कृति का आदान प्रदान करते हुए यहां की प्रकृति व लोक संस्कृति का चित्रण इस वर्कशॉप में किया।

### भाग ले रहे कलाकार

**श्रीलंका** से मनुशिखा पथिराना, विदूषिका हेरात, रविंद्री करियप्पेरूमा, उपुल चमीला, दिलरुक्षी नवरत्ने, अनुरुद्धिका हेमामली, सुधार्षि रानाबाहु, तिलिनि दे सिमोन, विकुम बंदरा। जयपुर आर्ट समिट से कलाविद आरबी गौतम, अमित कल्ला, रवि माईकल, विजय कुमावत, सुरेश कुमार, बीनू गुप्ता, वेंडी जेस, कृष्णा टशी पालमो, हर्षित परिहार आदि भाग ले रहे हैं।

# महाशिवरात्रि पर किया भजन-कीर्तन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** आर्ट ऑफ लिविंग संस्था कुल्लू चैप्टर द्वारा हर वर्ष की भांति शिवरात्रि महोत्सव पर्व कुल्लू जिले में विभिन्न जगहों में धूमधाम से मनाया गया। प्रशिक्षक सरिता शर्मा ने बताया कि इस उपलक्ष्य में कुल्लू के रामशिला में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के स्वयंसेवियों द्वारा गुरु-पूजा से शुरुआत की गई। वहीं, भजन-कीर्तन गणेश वंदना से की गई। भजन- कीर्तन के साथ -साथ ध्यान करवाया गया। वहीं, कुल्लू यूथ लीडर ट्रेनिंग प्रोग्राम विंग में भुंतर के समीप खोखन में भी महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया। आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक बलदेव ठाकुर ने बताया कि युवाओं ने दिन भर सेवा के साथ साथ आस-पास की सफाई की व शाम को योग साधना से शुरूआत कर आर्ट ऑफ लिविंग बंगलौर आश्रम से ऑनलाइन जुड़कर गहरा ध्यान किया फिर भजन-कीर्तन से चारों और के वातावरण में दिव्यता का संचार किया।

# सार्वजनिक वितरण प्रणाली के राशन के फोर्टिफाइड चावलों में कोई मिलावट नहीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

**99 किलो में ऐसा एक किलो प्रिमिक्स मिलाया जाता है**

जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, कुल्लू अरविंद शर्मा ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत उपभोक्ताओं को उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से फोर्टिफाईड राशन (चावल, आटा, तेल व नमक) का वितरण किया जा रहा है।

महिलाओं व युवतियों में विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में कुपोषण की समस्या को देखते हुए आटा व चावल आवरण, फोलिक एसिड व विटामिन बी-12 से फोर्टिफाइड कर वितरित किया जा रहा है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों (विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों) से चावल की गुणवत्ता बारे शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी राशन के चावलों में आयरन, फोलिक एसिड विटामिन बी-12 के प्रिभिक्स को मिलाकर फोर्टिफाइड किया जा रहा है। 99 किलोग्राम चावलों में ऐसा एक किलो प्रिमिक्स मिलाया जाता है। चावलों की तरह दिखने वाला यह प्रिभिक्स वास्तव में चावल नहीं है, बल्कि आयरन, फोलिक एसिड व विटामिन बी12 जैसे फोर्टिफिकेंटस का प्रिमियस, जो कि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद है इसलिए उपभोक्ताओं को फोर्टिफाइड चाटामा का प्रयोग निसंकोच करना चाहिए। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के राशन के फोर्टिफाइड चावलों की कोई मिलावट नहीं है, जैसे कि आम तौर पर भ्रांतियां है। उन्होंने कहा विभाग द्वारा इस बारे समय-समय पर उपभोक्ताओं को प्रिंट एवं सोशल मीडिया तथा उपभोक्ता सेमिनारों में जागरूक किया जाता रहा है। वर्तमान में हर माह सार्वजनक वितरण प्रणाली के अतयंत जिला कुल्लू के 416370 लाभार्थियों को 455 उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से 880 किंवटल फोर्टिफाइड चावलों का वितरण किया जा रहा है।

# फुटबॉल प्रतियोगिता में ब्रह्मा क्लब ने झटका प्रथम स्थान




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला युवा सेवा एवं खेल विभाग के दिशा निर्देशानुसार नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत तेगुबेहड़ युवक मंडल व ब्रहमा फुटबॉल क्लब के द्वारा खेल मैदान कुल्लू में तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस खेल प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना व युवाओं का खेल के प्रति रुझान को बढ़ाना रहा। इस कार्यक्रम का शुभारंभ जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी कुल्लू कविता ठाकुर द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में 16 टीमों ने भाग लिया, जिसमें प्रथम स्थान पर ब्रह्मा फुटबॉल क्लब व दूसरे स्थान पर दलीप फुटबॉल क्लब की टीम रही। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता का समापन प्रसिद्ध समाजसेवी सुभाष शर्मा द्वारा किया गया। मुख्यातिथि ने विजेता टीमों को नकद पुरस्कार व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। उन्होंने अपने संबोधन में युवाओं से नशे से दूर रहने और खेलकूद व अन्य विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने प्रदेश सहित कुल्लू जिले में बढ़ रहे नशे के जाल को लेकर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि अगर युवा पीढ़ी ठान ले कि नशे और नशा माफिया को जड़ से उखाड़ना है, तो हमारा प्रदेश व जिला हमेशा के लिए नशामुक्त हो जाएगा।

**कार्यक्रम** हरिपुर कॉलेज में कॉमर्स वार्षिक समारोह का आयोजन

# पोस्टर मेकिंग में ज्योति चौहान प्रथम

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**



जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय हरिपुर मनाली में कॉमर्स सोसायटी द्वारा कॉमर्स वार्षिक समारोह आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि कॉलेज प्राचार्या डॉ. शेफाली ने सरस्वती दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की।

कॉमर्स सोसायटी के अध्यक्ष अंशुल ने प्राचार्या डॉ. शेफाली को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इसके पश्चात प्रो. शिवम ने वर्षभर कॉमर्स सोसायटी द्वारा आयोजित की गई गतिविधियों को रील्स के माध्यम से दर्शाया। वाणिज्य के विद्यार्थियों ने जागरूक उपभोक्ता नाटक के माध्यम से उपभोक्ता के नियम बताए। नेहा, रोहन, साक्षी, अंशुल, सचिन नेहा कुमारी, अभिनव, सेरेना, शोर्य ने पॉवर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपने अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें पीपीटी में अंशुल प्रथम और नेहा द्वितीय स्थान पर रही। पोस्टर मेकिंग में ज्योति चौहान प्रथम व राहुल द्वितीय स्थान पर रहे। क्विज प्रतियोगिता में अभिनव और आदित्य की टीम प्रथम रही व शौर्य और कपिल द्वितीय स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता में नेहा और सेरेना विजयी रहे। सभी विजयी प्रतिभागियों को कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक (हरिपुर) के मैनेजर विवेक क्रोफा विशेषातिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने बैंक की विभिन्न स्कीम्स, सब्सिडी, सोशल सिक्योरिटी स्कीम (प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना) जो केवल 20 रुपए से शुरू होती है, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना तथा बैंक कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला।

# पेंशनर्स की हितैषी सरकार मेडिकल बिल का भुगतान करने में फेल: आदित्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

**कांग्रेस ने मेडिकल बिल को लंबे समय से रोककर उनके ऊपर अन्याय किया है**

हिमाचल प्रदेश के जल शक्ति विभाग, लोक निर्माण विभाग सहित कई अन्य विभागों के पेंशनर्स जिन्होंने कई वर्षों पूर्व सरकारी अस्पतालों में अपना ईलाज करवाया है, अब उन्हें अपने मेडिकल बिल के भुगतान के लिए दर-दर की ठोकरें खानी पड़ रही हैं।

उनके बिल का भुगतान करने में प्रदेश सरकार असफल साबित हुई है। यह बात भाजपा के प्रवक्ता आदित्य गौतम ने कही। गौतम ने सरकार को चेताया कि सरकार इस मामले को गंभीरता से ले क्योंकि पेंशनर्स को अपने मेडिकल बिल का भुगतान करने के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनकी सेहत पर असर पड़ रहा है। सरकार को इस मामले में जल्द कदम उठाने की जरूरत है। आदित्य ने कहा कि प्रदेश के पेंशनर्स इस बात को समझ गए हैं कि वर्तमान की कांग्रेस सरकार ने ये मेडिकल बिल को लंबे समय से रोककर उनके उपर अन्याय किया है और यह सरकार उनकी सेहत के लिए बिलकुल भी संवेदनशील नहीं है, जिसका खामियाजा पेंशनर्स अपने जनमत के माध्यम से कांग्रेस सरकार को सत्ता से उखाड़ कर देंगे। आदित्य ने कहा कि पेंशनर्स की समस्याओं को देखते हुए, सरकार को उनके लिए एक विशेष योजना बनानी चाहिए, जिससे उन्हें अपने मेडिकल बिल का भुगतान करने में आसानी हो।

इसके अलावा, सरकार को पेंशनर्स के लिए एक हेल्पलाइन नंबर भी शुरू करना चाहिए, जिससे वे अपनी समस्याओं के बारे में शिकायत कर सकें। इस मामले में पेंशनर्स के संगठनों ने भी कई बार सरकार के दरवाजे में दस्तक दी है, मगर यह सरकार अपनी कुंभकर्णी निद्रा से अभी जागने के मूड में नहीं है और सत्ता के नशे में मंत्रमुग्ध है। चुनावों के दौरान पेंशनर्स को राजनीतिक लाभ के लिए इस्तमाल कर आज उनकी सेहत से खिलवाड़ करना इस सरकार के दोहरे चरित्र को दर्शाता है।

# बाहरी कामगारों का पंजीकरण अनिवार्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिले में किसी भी तरह की वारदात या अप्रिय घटना को रोकने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए डीसी तोरुल एस रवीश ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अस्थायी तौर पर रह रहे प्रवासी श्रमिकों, रेहड़ी-फड़ी एवं फेरी वालों और अन्य बाहरी कामगारों का पंजीकरण अनिवार्य कर दिया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत आदेश जारी करते हुए डीसी ने प्रवासी कामगारों को काम पर रखने वाले उद्यमियों, कारोबारियों, ठेकेदारों, किसानों और अन्य लोगों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने कामगारों का फोटो सहित पूरा विवरण देकर नजदीकी पुलिस थाने में पंजीकरण सुनिश्चित करें। डीसी ने बाहरी श्रमिकों, रेहड़ी-फड़ी एवं फेरी वालों तथा अन्य क्षेत्रों में कार्य कर रहे बाहरी लोगों के लिए भी नजदीकी पुलिस थाने में अपना पंजीकरण करवाने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों को भी हिदायत दी है कि वे अपना मकान बाहरी लोगों को किराये पर देने से पहले किरायेदारों की पहचान एवं पंजीकरण सुनिश्चित कर लें।

# राहत की बारिश : किसान-बागवानों के खिले चेहरे

## सोलन जिले में गेहूं और फलदार पौधों के लिए संजीवनी साबित होगी बारिश

**आर मोहन चौहान, सोलन**

मौसम की बेरुखी से परेशान किसान-बागवानों को आखिरकार राहत मिल गई है। शिवरात्रि महापर्व पर बारिश की मुराद पूरी होने से प्रदेश और जिले के किसान बागवानों के चेहरे खिल गए हैं। पश्चिम विक्षोभ सक्रिय होने से वीरवार को सोलन में जमकर बादल बरसे।

दिन भर हुई बारिश से जहां भूमिगत जल स्तर में बढ़ोतरी होगी। वहीं तैयार हो रही गेंहू और जौ की फसल को भी संजीवनी मिलेगी। इसी तरह बारिश सेब और अन्य फलदार पौधों के लिए लाभकारी बताई जा रही है। बारिश न होने से इस वर्ग की चिंता बढ़ गई थी। साथ ही गर्मियों में पानी की कमी का भी खतरा हो चला था पर दो दिन में हुई बारिश और बर्फबारी से इस पर कुछ हद तक विराम लग गया है। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों की माने तो आगामी पांच दिनों तक प्रदेश में मौसम परिवर्तनशील रहेगा। डॉ. वाईएस परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के मौसम एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग के वैज्ञानिकों ने मौसम बुलेटिन में कहा है कि आगामी पांच दिनों तक प्रदेश में मौसम परिवर्तनशील रहेगा। इस दौरान जहां ऊंचे क्षेत्रों में हिमपात होगा, वहीं नीचले और मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की मध्यम वर्षा होने का पूर्वानुमान है।

वैज्ञानिकों ने लोगों को सलाह दी है कि बिजली गिरने से सावधानियां बरतें। किसानों को सलाह दी कि वे खुले मैदानों में जाने से बचें और ऊंचे पेड़ों और अन्य वस्तुओं से दूर रहें। वर्षा की संभावना के कारण सिंचाई स्थगित कर दें। किसानों को सलाह दी कि वे खेत में कीटों के हमले के खिलाफ सब्जियों की फसलों की नियमित रूप से निगरानी करें। किसान वर्षा होने के बाद फसलों पर छिड़काव करें। किसान कृषि मौसम संबंधी सलाह के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए मेघदूत ऐप का उपयोग करें। (अनंत ज्ञान)



### संक्रमण के नियंत्रित को कीटनाशकों का छिड़काव

**सेब** उत्पादक किसानों ने अभी भी छंटाई पूरी नहीं की है, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे शाखाओं की छंटाई पूरी कर लें। पौधों को फफुंदीय संक्रमण से बचाने के लिए टूटी या कटी हुई शाखाओं के कटे हुए सिरों पर बोर्डो पेस्ट लगाने की सलाह दी है। सेब की फसल में माइट्स और सैनजोस स्केल के खिलाफ नियमित रूप से निगरानी रखें, यदि संक्रमण दिखाई दे तो संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए अनुशंसित मात्रा में कीटनाशकों का छिड़काव करें। मटर उत्पादक किसान पाउडरी मिल्ड्यू से बचाने के लिए फसल की नियमित रूप से निगरानी करें यदि संक्रमण दिखे, तो वर्षा होने के बाद उसे नियंत्रित करने के लिए किसान अनुशंसित मात्रा में कीटनाशक का छिड़काव करें। इसी तरह गोभी उत्पादक किसान परिपक्व फसल की कटाई करें। वैज्ञानिकों ने लहसुन उत्पादक किसानों को सलाह दी कि लहसुन को बैंगनी धब्बा रोग से बचाने के लिए फसल की नियमित रूप से निगरानी करें।

फोटो- सोलन में बारिश के बाद सुहाना हुआ मौसम।

# 26.516 किलोग्राम चूरा पोस्त समेत दो व्यक्ति गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** जिला बद्दी पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 26.516 किलोग्राम चूरा पोस्त समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

आरोपियों की पहचान राम सिंह निवासी गांव राजपुरा तहसील नालागढ़ जिला सोलन और कृष्ण निवासी गांव कादियां तहसील बटाला जिला गुरदासपुर पंजाब से हुई। थाना प्रभारी नालागढ़ राकेश राय की अगुवाई टीम ने कार्रवाई करते हुए नशा तस्करों को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि गांव राजपुरा सड़क के किनारे एक ट्रक में बैठे लोग नशा तस्करी करने की फिराक में है। पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दबिश दी और तलाशी के दौरान 26.516 किलोग्राम चूरा पोस्त पकड़ा। थाना नालागढ़ के तहत एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। जिला बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने बताया कि दो आरोपियों को चूरा पोस्त सहित गिरफ्तार किया है व आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# शिवालयों में गूंजे 'हर हर महादेव' के जयकारे

**अनंत ज्ञान, नाहन**

महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य पर वीरवार को श्री रेणुका जी में शिव भक्तों के द्वारा शिव-पार्वती विवाह के उपलक्ष में प्रीति भोज के आयोजन किए गए। बावड़ी शिव मंदिर अपर बाजर, श्री रेणुका जी थाना शिव मंदिर, इलेक्ट्रिसिटी कॉलोनी शिव मंदिर सहित पवित्र तीर्थ श्री रेणुका जी सहित तमाम शिवालयों में प्रीतिभोज के आयोजन हुए, जिनमें हजारों की तादात में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया, जबकि वीरवार की सुबह से ही तमाम शिव मंदिरों में पूजन के साथ वैदिक यज्ञों का भी आयोजन हुआ। आयोजित हवन में स्थानीय लोगों सहित दूरदराज क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने भी यज्ञ कर्म में पूर्ण आहुति डाली। वहीं, महिलाओं के द्वारा मंदिरों में भजन-कीर्तनों का आयोजन किया गया। महिलाओं द्वारा मंदिरों में उपस्थित श्रद्धालुओं को शिव-पार्वती विवाह की कथा सुनाई और उनके विवाह गीत भी गाए गए।



### महाशिवरात्रि पर्व पर जगह-जगह लगे भंडारे

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला मुख्यालय सोलन सहित उपमंडलों में महाशिवरात्रि पर्व को धूमधाम से मनाया गया। शिवरात्रि पूजन के बाद दूसरे दिन भी सोलन के प्रसिद्ध जटोली शिव मंदिर सहित नर्सिंग मंदिर, सलोगड़ा स्थित शिवालय और अन्य मंदिरों में हजारों श्रद्धालु दर्शनों को पहुंचे। इस अवसर पर मंदिरों में भंडारें भी आयोजित किए गए। सोलन मॉल रोड मुरारी मार्केट के आसपास के व्यापारियों ने मिलकर महाशिवरात्रि के अवसर पर हलवा, कड़ी, चावल का भंडारा लगाया। व्यापारियों ने समस्त प्रदेश वासियों और सोलन शहर वासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं साथ ही प्रदेश व शहर में सुख-शांति रहे उसके लिए भगवान शिव से कामना की। व्यापारियों ने कहा हिमाचल देव भूमि है। मेले और त्योहार हमारी संस्कृति हैं। वहीं, बुधवार को रात भर शिवालयों में भजन-कीर्तन के साथ बेल्वपत्री, दूध, दही से भोलेनाथ का अभिषेक कर वीरवार को व्रत तोड़ा।

### शिवलिंग सहित शिव परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा की



**अनंत ज्ञान, अर्की।** अर्की की पंचायत पलोग के गांव नेर पंचायत देवरा के गांव मन्जयाट में महाशिवरात्रि के अवसर पर नवनिर्मित शिवमंदिर में शिवलिंग सहित शिव परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। नेर ग्राम के मनोज भार्गव ने बताया कि नर्मदा तट से लाए शिवलिंग को ग्रामवासियों द्वारा कुलदेवी के मंदिर के साथ ही बनाए नए मंदिर में स्थापित किया। वहीं, मन्जयाट ग्राम में भी शिवलिंग स्थापित कर शिवरात्रि से पूजा-अर्चना शुरू कर दी गई एवं भव्य भंडारों का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के अलावा आसपास के गांवों के सेवादार भी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### विधानसभा उपाध्यक्ष आज सिरमौर प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार 28 फरवरी, 2025 को सिरमौर प्रवास पर होंगे। इस दौरान वह संगड़ाह कॉलेज में आयोजित होने वाले वार्षिक समारोह में मुख्यातिथि के रूप में भाग लेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने दी।

### मार्च में होंगे परिवार नियोजन कैंप : डॉ. जैन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी सिरमौर डॉ. अमिताभ जैन ने बताया कि सिरमौर जिले में मार्च, 2025 में विशेष परिवार नियोजन कैंप आयोजित किए जाएंगे, जिसमें स्थायी परिवार नियोजन के अतिरिक्त सीसी/ओपी/आईयूडी, प्रजन्न स्वास्थ्य जांच आदि सेवाएं उपलब्ध की जाएंगी। यह कैंप सीविल अस्पताल सराहां में 4 मार्च को, सीविल अस्पताल शिलाई में 11 मार्च, सीविल अस्पताल राजगढ़ में 17 मार्च, सीविल अस्पताल ददाहु में 22 मार्च व सीविल अस्पताल पांवटा साहिब में 6, 13, 20 व 27 मार्च को आयोजित किए जाएंगे।

### प्रिया मिस और पवन बने मिस्टर फेयरवेल

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** राजकीय उच्च पाठशाला अमरकोट में कक्षा 9 के बच्चों ने कक्षा 10 को दी विदाई पार्टी दी। इस समारोह में पवन को मिस्टर फेयरवेल और प्रिया राज को मिस फेयरवेल चुना गया। स्टूडेंट्स ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की तैयारी मुख्य रूप से मंजुला शर्मा (टीजीटी) ने करवाई। इस अवसर पर मुख्याध्यापक केशव दत्त ने सभी बच्चों को आशीर्वाद और परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दीं।

### सोलन कॉलेज में स्टूडेंट्स ने किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, सोलन।** डिग्री कॉलेज सोलन में बॉटनी विभाग के सौजन्य से बीएससी ईयर के छात्रों ने पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान बसंत ऋतु और ग्रीष्म ऋतु में खिलने वाले फूलों को बॉटनी विभाग के प्रांगण में रोपा गया। विभागाध्यक्ष डॉ. प्रेम प्रकाश नेगी, प्रो. आरती नेगी, लैब असिस्टेंट किरण और संतोष ने भी पौधरोपण में हिस्सा लिया।

### तेजस्विनी भंडारी बनी डायमंड ऑफ स्कूल



**अनंत ज्ञान, सराहां।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सराहां में वीरवार को विदाई पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें 11वीं कक्षा की छात्राओं ने 12वीं कक्षा की छात्राओं को विदाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सोलो सांग, गिद्दा, नाटी ,सहित कई गेम्स व केट वॉक आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए। छात्राओं को टाइटल भी दिया गया। इस दौरान तेजस्विनी भंडारी को डायमंड ऑफ स्कूल, स्मृति शर्मा को मिस फेयरवेल, आराधना को मिस पर्सनालिटी, गुंजन को मिस इनोसेंट, खुशबू को मिस ब्यूटी विद ब्रेन चुना गया। इस अवसर पर कार्यवाहक प्रधानाचार्य अभिलाष शर्मा ने सभी छात्राओं की विद्यालय में उनकी उपस्थिति के दौरान उनकी अनुशासनप्रियता, कर्तव्यपरायणता की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# गार्बेज कलेक्शन को फेल करने वाले सफाई कर्मचारियों पर गिरेगी गाज

**अनंत ज्ञान, नाहन**

नप प्रशासन अब डोर टू डोर गार्बेज कलेक्शन स्कीम खुद ही पलीता लगा रहे अपने ही सफाई कर्मचारियों पर गाज गिराने की तैयारी कर रहा है, जिनके कारण गीला-सूखा कचरा अलग-अलग बैग्स में डंपिंग ग्राउंड यार्ड नहीं पहुंच रहा है।

सूबे का निदेशालय शहरी विकास विभाग राज्य में एक मुहिम के जरिये वार्डों में घर-घर जाकर लोगों से अपील कर रहा है कि रोजाना आने वाले सफाई साथी को अपने घरों से निकलने वाले गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग बैग्स में डाल कर दें। घरेलू हानिकारक कचरे जैसे ई-वेस्ट का प्रबंधन अलग से करें। नाहन नगर परिषद भी इस अभियान को चला रही है और घर-घर जाकर लोगों

**नप प्रशासन की अपील, गीला सूखा कचरा अलग-अलग दें**

को इस बारे में जागरूक किया जा रहा है। रिकॉर्ड अपडेट किया जा रहा है। शहर में बहुत से लोग स्कीम के तहत बैग्स में गीला व सूखा कचरा अलग-अलग से सफाई कर्मचारी को दे रहे हैं, लेकिन ज्यादातर सफाई कर्मचारी इन बैग्स को खोल देते और अपने बड़े थैले में जररूत का सामान निकालकर कचरे को फिर से इकट्ठा कर देते हैं, जबकि नियमों अनुसार ऐसा करना सही नहीं है। नप प्रशासन अब ऐसे कर्मचारियों पर नकेल कसने जा रहा है। उधर, अभी भी सैकड़ों लोग खुले में कचरा फेंक रहे हैं, जिन पर कोई ठोस कार्रवाई करने में नप प्रशासन नाकाम साबित हुआ है।

# महंगा पड़ा बाइक में स्टंट करना

## युवक ने सोशल मीडिया पर डाली रील, पुलिस ने दर्ज किया मामला

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला शिमला के जुब्बल निवासी युवक को सोलन में शमलेम टनल के नजदीक स्टंट करना महंगा पड़ गया।

जानकारी के अनुसार प्रभारी साईबर सैल सोलन ने पुलिस थाना सदर सोलन में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि इनकी शाखा द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर गलत गतिविधियों पर निगरानी रखने के लिए नियमित तौर पर साईबर पैट्रोलिंग के दौरान 25 फरवरी को फेसबुक पर एक युवक द्वारा अपनी फेसबुक आईडी के माध्यम से मोटर साईकिल सोलन क्षेत्र के शमलेम टनल एनएच-5 पर खतरनांक ढंग से स्टंट/चलाते हुए रील बनाकर अपलोड करनी पाई गई, जो उक्त



मोटर साइकिल राईडर द्वारा इस तरह से खतरनांक ढंग से मोटर साइकिल को चलाना न केवल उसकी अपनी जान के लिए खतरे का कारण था, बल्कि इससे अन्य वाहनों और सड़क पर चल रहे राहगीरों की जान जोखिम में पड़ सकती थी तथा उक्त स्टंट के दौरान मोटर साइकिल राइडर व सड़क के किनारे चल रहे राहगीरों की जान भी जा सकती थी, जो इस व्यक्ति द्वारा इस प्रकार खतरनाक स्टंट बाजी करके न केवल अपनी व लोगों की जान को जोखिम में डाला है, बल्कि कानून/नियमों की भी धज्जियां उड़ाई हैं, जिस पर पुलिस थाना सदर सोलन में उक्त आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

मामले की जांच के दौरान उक्त मोटर साइकिल राइडर का नाम मंजुल पुत्र राजेश निवासी ढाडी गुनसा तहसील जुब्बल जिला शिमला मालूम हुआ है। जांच के दौरान यह भी मालूम हुआ कि यह आरोपी युवक काफी समय से इस प्रकार की गतिविधियों को अंजाम दे रहा था व इस प्रकार की गतिविधियों के लिए यह अन्य युवकों को भी उकसाता था।

# राशन की कमी पूरा करेगी हेल्पिंग सोसायटी सोलन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हेल्पिंग सोसायटी सोलन के प्रयासों से वर्ष 2017 से लेकर अब तक प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश के अन्य राज्यों में 40,000 से ज्यादा जरूरतमंद व्यक्तियों को अस्पतालों में रक्त मुहैया करवा चुकी है, जो समाज के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बन चुका है। सोसायटी के संस्थापक विजय भट्टी का कहना है कि अब सोसायटी एक नई सेवा की शुरुआत कर रही है, जिसमें जरूरतमंद बच्चों को स्कूल फीस और जरूरतमंद घरों में राशन की कमी को पूरा किया जाएगा। इस पहल के माध्यम से सोसायटी समाज के हर वर्ग की मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। अध्यक्ष पंकज ठाकुर ने कहा कि सोसायटी का यह प्रयास है कि किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति को जब भी सहायता की आवश्यकता होगी, तो बिना किसी झिझक से सोसायटी से संपर्क करें।

## 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' के अंतर्गत खंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक

# 3,072 हो रहे शालापूर्व शिक्षा के तहत लाभान्वित

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

उपमंडलाधिकारी नालागढ़ राजकुमार की अध्यक्षता में नालागढ़ में खंड स्तरीय अनुश्रवण समिति तथा 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' के अंतर्गत गठित खंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समेकित बाल विकास परियोजना अधिकारी नालागढ़ एनआर नेगी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट पर एसडीएम ने जानकारी दी।

विकास खंड नालागढ़ के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को 442 आंगनबाड़ी केंद्रों एवं 3 मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से लाभ पहुंचाया जा रहा है। 6 माह से 3 वर्ष तक के 8,985 बच्चों तथा 3 वर्ष से 6 वर्ष तक के 9,323 बच्चों और 2,945 माताओं को पूरक पोषाहार कार्यक्रम के तहत एवं 3 वर्ष से 6 वर्ष तक के 3,072 बच्चों को शालापूर्व शिक्षा कार्यक्रम के तहत लाभान्वित किया जा रहा है। परियोजना के अंतर्गत 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों का बजन व लंबाई हर महीने की 15 तारीख को तथा 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों की पोषण स्तर की निगरानी हर महीने के दूसरे शनिवार को आंगनबाड़ी केंद्रों में तथा प्री-प्राइमरी स्कूल जा रहे बच्चों के लिए सरकारी एवं निजी स्कूलों में महीने के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को की जाती है, ताकि बच्चे कुपोषण का शिकार न हो सकें। प्रदेश को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए ये सारी गतिविधियां पोषण ट्रैकर मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से कर्मचारियों द्वारा ऑनलाइन अपलोड की जाती हैं, ताकि पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। खंड विकास नालागढ़ में वर्ष 2024-25 के दौरान 1 वर्ष तक के सभी पात्र बच्चों का संपूर्ण टीकाकरण किया गया है।

### अतिकुपोषित बच्चों की लगातार निगरानी करें

**एसडीएम** ने कहा कि बच्चों में खून की कमी, भुखमरी, कुपोषण, जन्म के समय कम वजन आदि में कमी लाने के उद्देश्य से पोषण माह आयोजित किया जाता है। राजकुमार ने समेकित बाल विकास अधिकारी तथा खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि वह आपस में समन्वय स्थापित कर अतिकुपोषित बच्चों की लगातार निगरानी करें, ताकि ऐसे बच्चों के पोषण में सुधार कर उन्हें सामान्य श्रेणी में लाया जा सके। महिला सशक्तिकरण व बाल विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं से सहायता की गई है।

# धुंदन स्कूल में पूर्व छात्र नवाजे

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर की अध्यक्षता में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के पूर्व में रहे दो छात्रों ने वाणिज्य विषय में कॉलेज कैडर के असिस्टेंट प्रोफेसर पद की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा पास कर अपना, अपने, माता पिता व विद्यालय का नाम रोशन किया है, जिसमें धुंदन पंचायत के डुगुनु निवासी किरण और घरटूडी निवासी वीरेंद्र है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर ने इन दोनों का व इनके साथ आए इनके माता-पिता का सर्वप्रथम विद्यालय परिसर में हार पहनाकर स्वागत व अभिनंदन किया। प्रधानाचार्य ने इन दोनों को विद्यालय परिवार की तरफ से स्मृति चिन्ह भी दिए।

# पुलिस भर्ती : 535 महिला प्रतिभागियों में से 120 ने ग्राउंड टेस्ट किया पास



**अनंत ज्ञान, सोलन**

हिमाचल सरकार द्वारा जारी की गई अधिसूचना के अनुसार हिमाचल प्रदेश में हिमाचल पुलिस में 1226 पदों के लिए पुरुष एवं महिला आरक्षियों की भर्ती प्रक्रिया चल रही है।

इसी क्रम में जिला सोलन के पुलिस लाइन ग्राउंड में जिला सोलन से संबंधित महिला/पुरुष उम्मीदवारों की शारीरिक दक्षता के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई, यह भर्ती प्रक्रिया 6 मार्च तक जारी रहेगी। इस भर्ती प्रक्रिया में सर्वप्रथम सोलन जिले से संबंधित महिला प्रतिभागियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए बुलाया गया है। उसके उपरांत मार्च से पुरुष उम्मीदवारों/प्रतिभागियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए बुलाया गया है, जिनकी यह प्रक्रिया 6 मार्च तक चलेगी। इस भर्ती प्रक्रिया में अभी तक 800 महिला प्रतिभागियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए बुलाया गया था, जिसमें से कुल 535 महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया है। उक्त महिला प्रतिभागियों में से 120 महिला प्रतिभागियों ने ग्राउंड टेस्ट पास किया है और 415 महिला प्रतिभागी ग्राउंड टेस्ट पास करने में असफल रही।

## आयोजन | कोटला बड़ोग स्कूल में विज्ञान ओलंपियाड और गणित क्विज का हुआ आयोजन

# कनिष्ठ वर्ग में रिद्धिमा और अवियांश ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोटला बड़ोग जिला सिरमौर में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विज्ञान और गणित प्रदर्शनी, विज्ञान ओलंपियाड और गणित क्विज का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और नवाचार का प्रदर्शन किया।

विज्ञान और गणित प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विभिन्न विज्ञान और गणित परियोजनाओं का प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी रचनात्मकता और नवाचार का प्रदर्शन किया और विभिन्न विषयों पर आधारित परियोजनाओं का प्रदर्शन किया। विज्ञान ओलंपियाड में विद्यार्थियों ने विभिन्न विज्ञान विषयों पर आधारित प्रश्नों का उत्तर दिया। विद्यालय के प्रिंसिपल बंसी लाल नेगी ने कहा कि यह आयोजन हमारे विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभा और मेहनत के लिए पुरस्कार देने का एक अवसर है। उन्होंने कहा कि छात्रों ने अपने ज्ञान और समझ का प्रदर्शन किया और विभिन्न विषयों पर आधारित




विज्ञान और गणित प्रदर्शनी प्रतियोगिता में अव्वल रहे छात्रों को पुरस्कृत करते प्रिंसिपल।

प्रश्नों का उत्तर दिया। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह आयोजन हमारे विद्यार्थियों को और अधिक प्रेरित करेगा और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करेगा। इस आयोजन के दौरान, विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभा और मेहनत के लिए पुरस्कार वितरित किए गए। प्रिंसिपल ने विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी। विज्ञान और गणित प्रदर्शनी कनिष्ठ वर्ग में रिद्धिमा, अवियांश प्रथम जतिन, रचेल द्वितीय, वंशिका शर्मा, माही तृतीय, वरिष्ठ वर्ग में अर्पिता, श्रुति प्रथम इशिता द्वितीय, विश्वजीत तृतीय स्थान पर रही। विज्ञान ओलंपियाड में अवियांश शर्मा प्रथम रिदम शर्मा द्वितीय, माही कंवर तृतीया और गणित ओलंपियाड में माही प्रथम, ज्योति द्वितीय और रित्विक तृतीय, गणित क्विज में कनिष्ठ वर्ग में शैली, माही और वरुण प्रथम और विज्ञान क्विज में कनिष्ठ वर्ग में रिदम, ऋतिक और अव्यांश प्रथम और वरिष्ठ वर्ग में श्रुति और दीपिका प्रथम रहे। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के इंचार्ज तुषार अध्यापकों में जय सिंह, यज्ञा पाल शर्मा, सतीश कुमार शर्मा, मनोज चंदेल, रामादेवी, निशा कुमारी और अंजना देवी उपस्थित रहे।

# पुलिस चौकी का एसपी ने किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिला पुलिस अधीक्षक निश्चिंत सिंह नेगी ने नाहन शहर के कच्चा टैंक में पुलिस चौकी का शुभारंभ किया। दरअसल जमीनी विवाद के चलते करीब 1 साल पहले यहां से पुलिस चौकी हटाई गई थी, जिसे अब लोगों की मांग पर दोबारा शुरू किया गया। निश्चिंत सिंह नेगी ने बताया कि यह एक संवेदनशील इलाका है और अंतर राज्य बस अड्डा परिसर में जहां इस पुलिस चौकी को स्थापित किया गया है, वहां दिन-रात लोगों का आना-जाना रहता है। साथ ही स्कूली और कॉलेज के बच्चों की भी बड़ी आवाजाही रहती है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों द्वारा आज उन्हें यह भी सूचित किया गया है कि इस क्षेत्र में नशे के कारोबार से जुड़ी गतिविधियां बढ़ रही हैं, ऐसे में पुलिस चौकी स्टाफ को नाइट पेट्रोलिंग करने के भी निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा यहां कम्युनिटी पुलिसिंग पर भी जोर दिया जाएगा।

**पुलिस चौकी हटाने से लगातार बढ़ रही थी नशे की गतिविधियां**

## पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में हुआ अलंकरण समारोह का आयोजन

# अर्पित शर्मा हेड ब्वॉय व रिकवेजा हेड गर्ल




**अनंत ज्ञान, सोलन**

पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। स्कूल के प्रधानाध्यापक संजय चौहान ने छात्र परिषद 2025 की घोषणा की।

समारोह में हेड ब्वॉय, हेड गर्ल, प्रीफेक्ट और समन्वयकों को औपचारिक रूप से बैज देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पिछले वर्ष के हेड ब्वॉय रिक गौरी ने समारोह का नेतृत्व किया और जिम्मेदारी की इस नई यात्रा का औपचारिक रूप से उद्घाटन किया। हर्षोल्लास के माहौल में अर्पित शर्मा को स्कूल हेड ब्वॉय और रिकवेजा दीवान को हेड गर्ल घोषित किया गया। महेंद्र छेत्री और आशिका शर्मा को स्पोर्ट्स प्रीफेक्ट और रेयांश सूद और पूर्वी सोनी को चिनार हाउस प्रीफेक्ट चुना गया। श्रीजल नेपाल और पनवी सीडर हाउस प्रीफेक्ट, स्वर्णिम गुप्ता और महक शर्मा को हाउस प्रीफेक्ट और समर्थ नारायण और एकम कौर कोटिक को हाउस प्रीफेक्ट नियुक्त किया गया।

पार्थ सराफ और एकम कौर को समन्वय की कमान सौंपी गई और राजवंश सिंह चौहान और गुरनूर भुलई धैर्य मंगला और गुरकीन कौर को समाज सेवा की जिम्मेदारी सौंपी गई, जबकि अनहद सिंह नरूला और पवित्र कौर टोल प्रकाशन का प्रभार संभालेंगे। अन्य समन्वयकों में वरेण्य अग्रवाल और निवृत्ति आहू शामिल हैं, जो मंच कार्यक्रम की देखभाल करेंगे, जबकि किरीपथेंगलेप्चा और सुहानी मित्तल कला की देखभाल करेंगे, यथार्थ वर्मा और यूलिन रोंगमिटलेप्चा अनुशासन में, विनीत अग्रवाल और दिव्या कुंडू बैंड में, निश्चय पाराशर एमयूएन में, अयन डोगरा पीए प्रबंधन में, स्वांश शर्मा फोटोग्राफी में अरुण शर्मा आईटी में, रेहान वर्मा खेल में और शुभ्रा कपूर देहाती देखभाल में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर स्कूल के कार्यकारी निदेशक कैप्टन एजे सिंह और निदेशक प्रशासन समीक्षा ने नवनियुक्त परिषद को बधाई दी।

## न्यूज ब्रीफ

### निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए निगम प्रतिबद्ध

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को विश्वसनीय, अच्छी वोल्टेज और निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। 'पूर्ण उपभोक्ता संतुष्टि' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बिजली निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं, ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं को त्वरित रूप में सुलझाया जा सके। बिजली निगम के प्रवक्ता ने बताया कि जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच रेगुलेशन के अनुसार प्रत्येक मामले में एक लाख रुपए से अधिक और तीन लाख रुपए तक की राशि के वित्तीय विवादों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करेगा। पंचकूला जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों नामतः कुरुक्षेत्र, अंबाला, पंचकूला, कैथल और यमुनानगर के उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण 3, 10, 17 और 24 मार्च को जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच, पंचकूला में किया जाएगा। पंचकूला जोन के उपभोक्ताओं के गलत बिलों, बिजली की दरों से संबंधित मामलों, मीटर सिक्योरिटी से जुड़े मामलों, खराब हुए मीटरों से संबंधित मामलों, वोल्टेज से जुड़े हुए मामलों का निपटान किया जाएगा।

### अवैध खनन पर है सरकार की विशेष नजर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा खनन विभाग के महानिदेशक केएम. पांडुरंग के निर्देशानुसार फरीदाबाद जिला सहित पूरे प्रदेश में अवैध खनन रोकने के लिए चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जहां अवैध खनन न हो इसकी गंभीरता से जांच की जा रही है। वहीं, कोई भी खनिज वाहन बिना ई-वे बिल के जिले की सड़कों से न निकले इसकी भी पूरी मॉनिटरिंग की जा रही है। विभाग के प्रवक्ता ने इस संबंध में बताया कि अवैध खनन रोकने सहित बिना ई-वे बिल के निकलने वाले खनिज वाहनों पर सरकार की पारखी नजर है। इसी कड़ी में जिला फरीदाबाद में दिन-रात खनन विभाग की टीम, जहां सड़कों पर मॉनिटरिंग कर रही है। वहीं, नियमों की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जा रही है। आज सुबह टीम ने खनिज वाहनों की जांच के दौरान केली पुल के पास एक डंपर को बिना ई-वे बिल के पाया और चालक के पास अन्य कोई भी दस्तावेज नहीं था। ऐसे में विभाग की ओर से उक्त खनिज वाहन को पुलिस की मौजूदगी में सीज किया गया और आगामी आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई गई। उन्होंने बताया कि टीम द्वारा फरीदाबाद जिले में निरंतर अवैध खनन न हो, इसकी जांच की जा रही है। साथ ही जिले से निकलने वाले राष्ट्रीय व राज्य मार्गों सहित अन्य कनेक्टिविटी पर चैकिंग टीम द्वारा खनिज वाहनों की जांच की जा रही है।

### कल से मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव

**अनंत ज्ञान, देहरादून।** ऋषिकेश में 1 मार्च से 7 मार्च के बीच होने जा रहे अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव में धर्म, आध्यात्म और योग जगत के जाने-माने गुरुओं और योगाचार्य का भी सानिध्य मिलेगा। योग महोत्सव का उद्घाटन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा किया जाएगा। गढ़वाल मंडल विकास निगम और पर्यटन विभाग द्वारा, गंगा रिसोर्ट ऋषिकेश में अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जीएमवीएन के एमडी विशाल मिश्रा ने बताया कि आयोजन में इस बार 20 हजार से अधिक योग साधक और प्रतिभागियों के शामिल होने की उम्मीद है। महोत्सव में स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराज, आचार्य बालकृष्ण, स्वामी आत्मस्वरूप, जया किशोरी, अक्षत गुप्ता का मार्गदर्शन मिलेगा। इसके साथ ही प्रतिदिन शाम को होने वाले सांस्कृतिक समारोह में इंडियन ओशियन, प्रेम जोशुआ, ज्योति नूरान, नरेंद्र सिंह नेगी और उत्तराखंडी लोक नृत्यों की प्रस्तुति होगी।

### हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र सात से

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र सात मार्च को राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय के अभिभाषण के साथ शुरू होगा। 25 मार्च तक चलने वाले बजट सत्र के दौरान 13 मार्च को हरियाणा का बजट पेश किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सैनी अपनी सरकार का पहला बजट पेश करेंगे। सात मार्च को शुरू होने वाले बजट सत्र को लेकर वीरवार को कार्यक्रम जारी कर दिया गया। आठ व नौ मार्च को शनिवार व रविवार का अवकाश होने के कारण विधानसभा की बैठक नहीं होगी। 10 मार्च को सुबह 11 बजे विधानसभा की कार्यवाही फिर से शुरू होगी, जिसमें राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा होगी। राज्यपाल के अभिभाषण पर 11 मार्च को भी चर्चा की जाएगी। 12 मार्च को राज्यपाल के अभिभाषण पर मुख्यमंत्री अपना जवाब देंगे और धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया जाएगा।

# सीएम सैनी ने पीएम मोदी से मुलाकात कर भविष्य की परियोजनाओं पर की चर्चा

## दिल्ली विधानसभा चुनावों में जीत दर्ज करने पर दी बधाई

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीरवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के साथ हरियाणा के आधारभूत विकास और भविष्य की परियोजनाओं पर चर्चा की और केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति रिपोर्ट से प्रधानमंत्री को अवगत कराया।

बैठक के दौरान, प्रधानमंत्री ने सीएम सैनी के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश में किए जा रहे चहुंमुखी विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान हरियाणा सरकार समाज के सभी वर्गों विशेषकर गरीब और पिछड़ा वर्ग के लिए निरंतर कल्याणकारी योजनाएं लागू कर उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए सफल प्रयास कर रही है।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के मार्ग-दर्शन में दिल्ली विधानसभा चुनावों में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दिल्लीवासियों को भी अब केंद्र की हर जनकल्याणकारी योजना का लाभ मिलना सुनिश्चित होगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों से देश लगातार विकास के मामले में नए आयाम छू रहा है और आमजन प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी नीतियों पर भरोसा जता रहे हैं, इसलिए उन्हें उम्मीद है कि हरियाणा में हो रहे निकाय चुनावों में भी जनता प्रधानमंत्री के नेतृत्व पर मुहर लगाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सहयोग से हरियाणा को और भी विकसित बनाने के लिए कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से हरियाणा प्रदेश में हवाई, रेलमार्ग और सड़क यातायात को सुदृढ़ बनाया जा रहा है ताकि आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण से स्थानीय लोगों सहित निवेशकों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा मिल सके और हरियाणा प्रदेश तीव्र गति से देश में सबसे बड़ा निवेश हब बन सके।

उन्होंने कहा कि केंद्र व हरियाणा की डबल इंजन की सरकार तीन गुणा गति से प्रदेश का विकास सुनिश्चित कर रही हैं और विकास के मामले में हरियाणा राज्य अग्रणी रहेगा। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की ढाई करोड़ नागरिकों की ओर से प्रधानमंत्री को आश्वस्त करते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकास राष्ट्र बनाने के सपने में हरियाणा अपना अहम योगदान देगा और भारत के साथ-साथ हरियाणा भी विकसित राज्य बनेगा। (अनंत ज्ञान)

# 7 नगर निगम, 4 नगर परिषद तथा 21 नगर पालिकाओं के लिए मतदान 2 को

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने बताया कि प्रदेश में शहरी स्थानीय निकाय चुनाव में 7 नगर निगमों, 4 नगर परिषदों तथा 21 नगरपालिकाओं में होने वाले चुनाव के लिए मतदान 2 मार्च को होगा। साथ ही दो नगर निगमों में मेयर पद, एक नगर परिषद में प्रधान (प्रेजीडेंट), दो नगर पालिकाओं में प्रधान (प्रेजीडेंट) और तीन नगर पालिकाओं के वार्डों में वार्ड सदस्य के लिए उप-चुनाव के लिए भी 2 मार्च को ही मतदान होगा। इसके अलावा नगर निगम पानीपत में महापौर (मेयर) एवं सभी वार्डों के सदस्यों के चुनाव के लिए मतदान की तिथि 9 मार्च रहेगी।

**पानीपत नगर निगम में 9 मार्च को होंगे मतदान**

राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने बताया कि 7 नगर निगमों (फरीदाबाद, गुरुग्राम, मानेसर, हिसार, करनाल, पानीपत, रोहतक एवं यमुनानगर) में महापौर तथा वार्ड सदस्यों के चुनाव के लिए हरेक मतदान केंद्र में 2 अलग-अलग इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) लगाई जायेगी।

उन्होंने बताया कि दो नगर निगमों में (अंबाला तथा सोनीपत) महापौर पद के लिए, एक नगर परिषद (सोहना) में प्रधान (प्रेजीडेंट) पद और दो नगरपालिकाओं (असंध और ईमाइलाबाद) में प्रधान (प्रेजीडेंट) के पद तथा 3 नगरपालिकाओं (सफीदो, तरावड़ी व लाडवा) के वार्डों में वार्ड सदस्यों के लिए होने वाले उपचुनाव में हरेक मतदान केंद्र में एक ईवीएम मशीन द्वारा ही मतदान करवाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 4 नगर परिषदों (अंबाला सदर, पटौदी-जटोली मंडी, थानेसर और सिरसा) में प्रधान (प्रेजीडेंट) तथा वार्ड सदस्यों के लिए, 21 नगरपालिकाओं (बराड़ा, बवानी खेडा, लौहारू, सिवानी, जाखल मंडी, फरूख नगर, नारनौंद, बेरी, जुलाना, कलायत, सीवन, पूंडरी, इंद्री, नीलोखेडी, अटेली मंडी, कनीना, तावडू, हथीन, कलानोर, खरखोदा और रादौर) में प्रधान (प्रेजीडेंट) तथा वार्ड सदस्यों के लिए हरेक मतदान केंद्र में 2 अलग अलग ईवीएम के माध्यम से मतदान करवाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि नगर निगम (अंबाला और सोनीपत) में महापौर पद के लिए, नगर परिषद (सोहना) में प्रधान (प्रेजीडेंट) पद के लिए और नगर पालिका (असंध और इस्माइलाबाद) में प्रधान (प्रेजीडेंट) पद के लिए और नगरपालिका (सफीदों के वार्ड नंबर 14, तरावड़ी के वार्ड नंबर 5 तथा लाडवा के वार्ड नंबर 11) में वार्ड सदस्य के उपचुनाव में एक मतदान केंद्र में केवल एक ईवीएम से ही मतदान करवाया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि पानीपत नगर निगम का चुनाव 9 मार्च को होगा। इस चुनाव में महापौर के पद तथा वार्ड सदस्यों के लिए हरेक मतदान केंद्र में 2 ईवीएम लगाई जाएगी।

# चंडीगढ़ भाजपा कार्यालय में केंद्रीय बजट पर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

भाजपा चंडीगढ़ कार्यालय में केंद्रीय बजट 2024-25 पर एक महत्वपूर्ण चर्चा सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में पार्टी पदाधिकारियों, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, व्यापारियों, उद्योगपतियों और समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सीएमए राकेश भल्ला ने बजट के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने कहा कि यह बजट आर्थिक स्थिरता, रोजगार सृजन और निवेश को बढ़ावा देने वाला है। इसमें मध्य वर्ग को कर राहत, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, और शिक्षा के विस्तार जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं को प्राथमिकता दी गई है। भल्ला ने बताया कि कमजोर एवं वंचित वर्गों के लिए सरकार ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, सब्सिडी में पारदर्शिता और स्वरोजगार को बढ़ावा देने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में युवाओं के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं, जिससे उन्हें बेहतर शिक्षा, कौशल विकास और स्टार्टअप्स के लिए आर्थिक सहायता मिल सकेगी।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत किया गया यह बजट आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक ठोस कदम है। यह बजट मध्य वर्ग, किसान, व्यापारी, युवा और गरीब वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर भी ऐसी कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। भाजपा कार्यकर्ताओं को इस बजट की विशेषताओं को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लेना चाहिए।



### एचएस लक्की ने चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर रजनी पाटिल का किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लक्की ने वीरवार को चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश की नवनियुक्त एआईसीसी प्रभारी रजनी पाटिल का स्वागत किया। पाटिल तीन दिवसीय पार्टी कार्यक्रम के लिए शिमला जा रही थीं। लक्की ने उनके साथ चंडीगढ़ और पार्टी संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। पाटिल जल्द ही चंडीगढ़ आएंगी और स्थानीय सांसद मनीष तिवारी और चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एच एस लक्की की मौजूदगी में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से विस्तृत चर्चा करेंगी।

# मौसम के सख्त तेवर से बागवानी के किसान न हों परेशान: कृषि मंत्री

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि अब मौसम के सख्त तेवर से बागवानी के किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। प्रदेश सरकार की 'मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना' उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है।

राणा ने राज्य के किसानों को मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया है। उद्यान विभाग के प्रवक्ता ने इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि विभाग द्वारा मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना शुरू की गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को पारंपरिक अनाज फसलों की बजाय अधिक आमदनी देने वाली उच्च जोखिम की बागवानी फसलें लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत सभी किसान इस योजना के लिए नामांकन हेतु पात्र हैं।

उन्होंने बताया कि किसान स्वेच्छा से बीमा के लिए निर्धारित अंशदान की राशि देकर उक्त योजना के लिए नामांकन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सब्ज़ी व मसाले की फसल का 30 हजार रूपये प्रति एकड़ तथा फलों की खेती का 40 हजार रुपए प्रति एकड़ का बीमा किया जाता है। इसमें किसान को सब्जी व मसाले की खेती के लिए 750 रुपए तथा फल की खेती के लिए 1000 रुपए प्रति एकड़ बीमा राशि देनी पड़ती है।

# ट्रंप ने वेनेजुएला के तेल को निर्यात और बिक्री की अनुमति देने वाला लाइसेंस किया खत्म

**एजेंसी, काराकस (वेनेजुएला)**



**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की कि ऊर्जा क्षेत्र की अमेरिकी कंपनी 'शेवरॉन कॉरपोरेशन' को वेनेजुएला से तेल निकालने और निर्यात करने की अनुमति देने वाला सरकार की ओर से जारी परमिट इस सप्ताह समाप्त कर दिया जाएगा।

दक्षिण अमेरिकी देश के लिए वित्तीय जीवनरेखा बन चुके इस समझौते के समाप्त हो जाने से वेनेजुएला को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ सकता है।

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'ट्रुथ सोशल' पर इसकी घोषणा की और निकोलस मादुरो के नेतृत्व वाली वेनेजुएला सरकार पर पिछले वर्ष जुलाई में हुए राष्ट्रपति चुनाव के लिए लोकतांत्रिक शर्तों को पूरा नहीं करने व निर्वासन को तैयार वेनेजुएला के प्रवासियों को वापस भेजने के संबंध में पर्याप्त तेजी से कदम नहीं उठाने का आरोप लगाया। ट्रंप ने लिखा कि हमने तेल लेनदेन समझौते पर वेनेजुएला के निकोलस मादुरो को जो रियायतें दी थीं, उन्हें वापस ले रहे हैं। ट्रंप के पोस्ट में विशेष रूप से कैलिफोर्निया स्थित शेवरॉन का उल्लेख नहीं किया गया था और न ही परमिट का जिक्र किया गया था जिसे औपचारिक रूप से सामान्य लाइसेंस के रूप में जाना जाता है। यह परमिट कंपनी को आर्थिक प्रतिबंधों से छूट देती है और इससे कंपनी को अमेरिका में वेनेजुएला के तेल का निर्यात और बिक्री करने की अनुमति मिलती है।

### यूएसएआईडी के 90 प्रतिशत विदेशी सहायता अनुबंधों में होगी कटौती

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने कहा कि वह 'यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट' (यूएसएआईडी) के 90 से अधिक विदेशी सहायता अनुबंधों को समाप्त कर रहा है और दुनिया भर में कुल 60 अरब डॉलर की अमेरिकी सहायता को बंद कर रहा है। ट्रंप प्रशासन की ओर से की गई इस कटौती के बाद यूएसएआईडी की कुछ ही परियोजनाएं बचेंगी। ट्रंप प्रशासन ने एक आंतरिक ज्ञापन तथा एक संघीय मुकदमे में दाखिल दस्तावेजों में अपनी योजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस ज्ञापन की प्रति 'द एसोसिएटेड प्रेस' के पास भी है। अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को इस मामले में हस्तक्षेप किया और एक न्यायाधीश के उस आदेश पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी।

## देश-विदेश

### भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद की बैठक में पाकिस्तान को लगाई फटकार

# पाकिस्तान एक नाकाम देश, दान के पैसों पर रहता है जिंदा

**एजेंसी, जेनेवा**

**भारत** ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 58वें सत्र की सातवीं बैठक में पाकिस्तान पर जोरदार हमला बोला। भारत ने कहा कि पाकिस्तान एक नाकाम देश है, जो खुद दान के पैसों पर जिंदा रहता है। अंतरराष्ट्रीय मदद पर फूलने वाला एक विफल देश करार दिया। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में इनके प्रतिनिधियों की तरफ से दिए गए भाषणों में पाखंड की बू आती है। जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र में भारतीय राजनयिक क्षितिज त्यागी ने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि पाकिस्तानी नेता अपने सैन्य-आतंकवादी परिसर से झूठ फैलाते रहे।



### पाकिस्तान पहले अपने यहां के हालात देखे

**क्षितिज** त्यागी ने जम्मू-कश्मीर को लेकर पाकिस्तान की तरफ से लगाए गए आरोपों पर कहा- जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेश हमेशा भारत का अभिन्न हिस्सा थे, हैं और रहेंगे। पाकिस्तान को भारत के बजाय अपने देश के हालात बदलना चाहिए। त्यागी ने कहा कि पाकिस्तान बयानबाजी में पाखंड की बू आती है। इसकी हरकतें अमानवीय हैं और ये शासन व्यवस्था चलाने में अक्षमता हैं। भारत लोकतंत्र, प्रगति और अपने लोगों के लिए सम्मान सुनिश्चित करने पर केंद्रित है।

### भारत बोला- पाकिस्तान हमेशा झूठ फैलाता है

क्षितिज त्यागी ने कहा कि हमें इसमें कोई आश्चर्य नहीं होता कि पाकिस्तानी नेता आतंकियों की तरफ से प्रचारित झूठ को फैलाते हैं। पाकिस्तान ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन (ओआईसी) को अपना मुखपत्र बताकर संगठन का मजाक उड़ा रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस संगठन का समय एक असफल राज्य की ओर से बर्बाद किया जा रहा है।

# उद्योग जगत सरकार पर निर्भर रहने के बजाय प्रतिस्पर्धी बनने पर ध्यान दे: गोयल

**एजेंसी, मुंबई**



**केंद्रीय** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने वीरवार को उद्योग जगत से कहा कि वे साहसी बनें और समर्थन के लिए सरकार पर निर्भर रहने के बजाय प्रतिस्पर्धी बनने पर ध्यान दें। आईएमसी चैंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यक्रम में गोयल ने पूछा कि उद्योग कब तक सब्सिडी, उच्च आयात शुल्क और अन्य समान संरक्षणवादी उपायों की 'बैसाखियों' पर निर्भर रहेगा। उन्होंने कहा कि हम कब तक सरकार की ओर (समर्थन के लिए) देखते रहेंगे? या कब तक हम सब्सिडी और समर्थन, प्रोत्साहन, उच्च आयात शुल्क, संरक्षणवादी मानसिकता और विश्व के साथ अपने संबंधों में अत्यधिक रक्षात्मक होने की बैसाखी पर जीत हासिल करते रहेंगे? उन्होंने कहा कि हमें एक राष्ट्र के रूप में इस संरक्षणवादी मानसिकता और कमजोर सोच से बाहर निकलने का फैसला करना होगा। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया कि क्या माइकल पोर्टर का प्रतिस्पर्धात्मक लाभ पर किया मौलिक कार्य केवल तब तक प्रासंगिक है जब तक उद्योग के नेता व्यापार स्कूलों में हैं। मंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रतिस्पर्धात्मकता उद्योग की नवप्रवर्तन, विनिर्माण पद्धतियों, कौशल और दक्षताओं के उन्नयन की क्षमता से आएगी।

उन्होंने कहा कि जब तक हम प्रतिस्पर्धी नहीं बनेंगे, 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाएं सफल नहीं होंगी और हम विकसित देश बनने का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाएंगे।

### हमास ने चार बंधकों के शव रेडक्रॉस को सौंपे

**गाजा।** हमास ने गाजा पट्टी में युद्धविराम समझौते के पहले चरण के समाप्त होने से कुछ दिन पहले इसराइल की ओर से सैकड़ों फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किए जाने के बदले में वीरवार को तड़के चार बंधकों के शवों को रेडक्रॉस को सौंप दिया। इसराइल के एक सुरक्षा अधिकारी ने पुष्टि की कि हमास ने बंधकों के शवों को रेडक्रॉस को सौंप दिया है। इसराइल ने कहा कि ताबूतों को मिस्र के मध्यस्थों की मदद से इजराइली सीमा के जरिए पहुंचाया गया और पहचान की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जब हमास ने बंधकों के शव सौंपे, लगभग उसी समय रेडक्रॉस का काफिला रिहा किए गए कई दर्जन फिलिस्तीनी कैदियों को लेकर इजराइल की ओफर जेल से निकला।

# सेंसेक्स 10 अंक चढ़ा, 74,612 पर बंद

**एजेंसी, मुंबई**

**सेंसेक्स** वीरवार को 10 अंक की तेजी के साथ 74,612 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 2 अंक गिरकर 22,545 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 13 में गिरावट और 16 में तेजी है। निफ्टी के 50 शेयरों में से 31 में गिरावट 19 में तेजी रही। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स के मीडिया सेक्टर में 3.58 फीसदी और ऑटो सेक्टर में 1.51 फीसदी की सबसे ज्यादा गिरावट रही, जबकि निफ्टी बैंक, मेटल और फाइनेंशियल सर्विसेज के इंडेक्स में 1 फीसदी तक की रही। अल्ट्राटेक सीमेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, एसबीआई और आईटीसी ने बाजार को नीचे खींचा, जबकि एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, रिलायंस, सनफार्मा और एयरटेल ने बाजार को संभाला। एशियाई बाजारों में कोरिया का कोस्पी 0.73 फीसदी गिरकर बंद हुआ। हांगकांग के हैंगसेंग में 0.29 फीसदी की गिरावट, जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट इंडेक्स में 0.23 फीसदी की तेजी रही।




### जनवरी में खुदरा बिक्री में 5 फीसदी की वृद्धि दर्ज

**मुंबई।** रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आरएआई) की ओर से जारी लेटेस्ट सर्वे के अनुसार, भारत में खुदरा बिक्री में इस साल जनवरी में (जनवरी 2024 की बिक्री की तुलना में) 5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। सभी कैटेगरी में फूड और ग्रॉसरी ने 13 प्रतिशत की उच्चतम वृद्धि दर्ज की, इसके बाद कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और क्विक सर्विस रेस्टोरेंट (क्यूएसआर) का स्थान रहा, जिनमें से प्रत्येक ने पिछले साल जनवरी 2024 की अवधि की तुलना में 6 प्रतिशत की वृद्धि दिखाई, जो इन कैटेगरी में उपभोक्ता खर्च में वृद्धि को दर्शाता है।

### मुख्यमंत्री ने सफाई कर्मचारियों के साथ खाना खाया, महाकुंभ के समापन के बाद भी मेले में भीड़

# सीएम योगी ने संगम पर लगाया झाड़ू, गंगा से कचरा निकाला

**एजेंसी, प्रयागराज**

**महाकुंभ** का बुधवार को समापन हो चुका है, लेकिन अभी भी मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ है। लोग संगम स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। मेले में दुकानें भी लगी हैं। सीएम योगी, दोनों डिप्टी सीएम के साथ वीरवार सुबह प्रयागराज पहुंचे। महाकुंभ के समापन पर योगी ने पहले अरैल घाट पर झाड़ू लगाया व गंगा नदी से कचरा निकाला। इसके फिर गंगा पूजन भी किया।

योगी ने सफाई कर्मियों के साथ जमीन पर बैठकर खाना खाया। सपा पर निशाना साधते हुए योगी ने कहा कि विरोधी दूरबीन और माइक्रोस्कोप लगाकर बैठे हुए थे, फिर भी वे घटनाएं उजागर नहीं कर पाए। दुष्प्रचार का कोई मौका उन्होंने नहीं छोड़ा। योगी ने महाकुंभ से जुड़े स्वच्छता कर्मियों को 10 हजार बोनस का ऐलान भी किया। कहा- जिन स्वच्छता कर्मियों को 8 से 11 हजार रुपए महीने के मिलते थे, इसे अप्रैल से बढ़ाकर 16 हजार करेंगे। योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रयागराज में महाकुंभ में सफाई और स्वास्थ्य कर्मचारियों को 10,000 रुपए का बोनस देने का फैसला किया है।

**सफाई कर्मियों के लिए बड़ा ऐलान, 16000 माह न्यूनतम वेतन व मुफ्त इलाज की घोषणा**



### महाकुंभ युग परिवर्तन की आहट: पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रयागराज में संपन्न हुए महाकुंभ को वीरवार को युग परिवर्तन की आहट करार दिया और कहा कि इस आयोजन ने भारत की विकास यात्रा के नए अध्याय का संदेश दिया है और यह संदेश है 'विकसित भारत' का। महाकुंभ के पूर्ण होने पर विभिन्न सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से साझा किए गए एक आलेख में प्रधानमंत्री ने इस भव्य आयोजन को एकता का महाकुंभ बताया और कहा कि जब एक राष्ट्र की चेतना जागृत होती है, जब वह सैकड़ों साल की गुलामी की मानसिकता के सारे बंधनों को तोड़कर नव चैतन्य के साथ हवा में सांस लेने लगता है, तो ऐसा ही दृश्य उपस्थित होता है, जैसा हमने 13 जनवरी के बाद से प्रयागराज में एकता के महाकुंभ में देखा।'

# भोपाल गैस त्रासदी: सुप्रीम कोर्ट का अपशिष्ट निपटान के आदेश में हस्तक्षेप से इनकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**सुप्रीम** कोर्ट ने 1984 की भोपाल गैस त्रासदी के जहरीले अपशिष्ट को मध्य प्रदेश के धार जिले के पीथमपुर क्षेत्र में स्थानांतरित कर उसका निपटान करने के मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने से वीरवार को इनकार कर दिया।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने 'यूनियन कार्बाइड इंडिया लिमिटेड' के संयंत्र से निकले अपशिष्ट के निपटान को होने वाले परीक्षण पर रोक लगाने से भी इनकार कर दिया। पीठ ने कहा कि राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (एनईईआरआई), राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआई) और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के विशेषज्ञों ने मुद्दों पर अपने विचार दिए हैं, जिन पर उच्च न्यायालय के साथ-साथ विशेषज्ञ पैनल ने भी गौर किया है। शीर्ष अदालत ने कचरे के निपटान का विरोध करने वाली नागरिक संस्थाओं के सदस्यों सहित पीड़ित पक्षों से इस मामले पर सुनवाई कर रहे उच्च न्यायालय के पास जाने को कहा। उच्चतम न्यायालय ने 25 फरवरी को प्राधिकारियों से कहा था कि वे उसे मध्य प्रदेश के धार जिले के पीथमपुर क्षेत्र में 1984 की भोपाल गैस त्रासदी के खतरनाक अपशिष्ट के निपटान के संबंध में बरती गई सावधानियों के बारे में अवगत कराएं। अब बंद हो चुकी यूनियन कार्बाइड फैक्टरी के लगभग 377 टन खतरनाक कचरे को भोपाल से 250 किलोमीटर और इंदौर से लगभग 30 किलोमीटर दूर धार जिले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में एक संयंत्र में निपटान के लिए ले जाया गया था।

## स्पोर्ट्स विंडो

### बारिश के कारण पाकिस्तान और बांग्लादेश मैच रद्द

**एजेंसी, रावलपिंडी।** मेजबान पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच चैंपियंस ट्रॉफी का मैच वीरवार को यहां लगातार बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बिना रद्द कर दिया गया। पाकिस्तान और बांग्लादेश दोनों अपने पहले दो ग्रुप मैच हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। इस तरह दोनों टीमों ने अंक बांटकर अपना अभियान निराशाजनक तरीके से समाप्त किया। इससे पहले मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया का मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था।

### मैक्सवेल ही नहीं, पूरी ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए बनाई है योजना : शाहिदी

**एजेंसी, लाहौर।** अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने चैंपियंस ट्रॉफी में शुक्रवार को खेले जाने वाले अपने करो या मरो जैसे अहम लीग मैच के बाद कहा कि उनकी टीम ने सिर्फ दिग्गज ग्लेन मैक्सवेल नहीं, बल्कि पूरी ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए योजनाएं बनाई है। इंग्लैंड पर बुधवार को आठ रन की यादगार जीत दर्ज करने के बाद अफगानिस्तान के सामने सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया को हराने की चुनौती है। शाहिदी ने कहा, ''क्या आपको लगता है कि हम सिर्फ मैक्सवेल के खिलाफ खेलने आएंगे? ऐसा ही होगा? हमने पूरी ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए योजना बनाई है। मुझे पता है कि उसने (मैक्सवेल) 2023 विश्व कप में वास्तव में अच्छा खेला था, लेकिन वह इतिहास का हिस्सा है।''



### केविन पीटरसन दिल्ली कैपिटल्स से मेंटोर के तौर पर जुड़ें

**एजेंसी, नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र से पहले वीरवार को दिल्ली कैपिटल्स का मेंटोर (मार्गदर्शक) नियुक्त किया गया। इस 44 साल के पूर्व खिलाड़ी ने 2014 में दिल्ली की टीम की कप्तानी की थी। पीटरसन पहली बार आईपीएल में कोचिंग से जुड़ी किसी भूमिका में दिखेंगे। वह खिलाड़ी के तौर पर 2009 से 2016 तक इस लीग का हिस्सा रहे हैं। पीटरसन ने एक्स पर लिखा, '' मैं अपने घर दिल्ली आने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मेरे पास दिल्ली के साथ बिताए समय की सबसे अच्छी यादें हैं। मुझे शहर से प्यार है, मुझे प्रशंसकों से प्यार है और मैं 2025 में खिताब की हमारी तलाश में फ्रेंचाइजी का समर्थन करने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा।''

### रहाणे एसओजीएफ ग्रैंडमास्टर सीरीज के पश्चिम क्षेत्र फाइनल्स के बने ब्रांड दूत

**एजेंसी, मुंबई।** भारत के अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे को तीन से चार मार्च तक यहां होने वाले एसओजीएफ ग्रैंडमास्टर सीरीज के पश्चिम क्षेत्र फाइनल्स का ब्रांड दूत बनाया गया है। यह ग्रैंडमास्टर सीरीज स्किलहब ऑनलाइन गेम्स फेडरेशन (एसओजीएफ) की पहल है और बेंगलुरू में 'दक्षिण क्षेत्र एक' की सफलता के बाद पश्चिम क्षेत्र पहुंची है। डेढ़ लाख से अधिक पंजीकरण के साथ प्रतियोगिता ने अपने ऑनलाइन प्रारूप में भारत की प्रमुख कौशल-आधारित माइंड स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में से एक के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। रहाणे ने कहा, ''भारत में दिमाग से जुड़ी खेलों के विकास में तेजी लाने के लिए एसओजीएफ के साथ मिलकर काम करने में मुझे खुशी हो रही है।''

### काव्या मारन का स्टाइलिश अंदाज

**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद की सीईओ काव्या मारन आईपीएल में अपनी टीम का हौसला बढ़ाने के लिए हमेशा स्टेडियम में मौजूद रहती हैं। काव्या का रिएक्शन सोशल मीडिया पर छाया रहता है। वह अपनी टीम को चीयर करने स्टेडियम पहुंचती हैं।



चैंपियंस ट्रॉफी | अफगानिस्तान शीर्ष टीमों के बीच तेजी से बना रहा अपनी जगह

# सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए आमने-सामने होंगे ऑस्ट्रेलिया-अफगानिस्तान

**एजेंसी, लाहौर**

क्रिकेट इतिहास की सबसे सफल टीम ऑस्ट्रेलिया और शीर्ष टीमों के बीच तेजी से अपनी जगह बना रहा अफगानिस्तान शुक्रवार को जब यहां चैंपियंस ट्रॉफी में आमने-सामने होंगे तो दोनों सेमीफाइनल में जगह पक्की करना चाहेंगे। बुधवार को गद्दाफी स्टेडियम में इंग्लैंड पर आठ रन की यादगार जीत के बाद अफगानिस्तान के पास लगातार दूसरी बार किसी वैश्विक प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाने का अच्छा मौका है।

टीम ने एक साल से भी कम समय पहले अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप के अंतिम चार चरण में प्रवेश किया था। ऑस्ट्रेलिया भी जीत के साथ सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा और अफगानिस्तान टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगा। हालांकि, यह कहना जितना आसान है, करना उतना ही मुश्किल है। ऑस्ट्रेलिया का बल्लेबाजी क्रम भले ही बेहद मजबूत हो, लेकिन टीम अपने तीन



प्रमुख तेज गेंदबाजों मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस और जोश हेजलवुड के बिना खेल रही है।

इंग्लैंड ने टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में 350 से अधिक रन बनाए थे, लेकिन उसके बाद जोश इंग्लिस के शतक की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने 15 गेंद शेष रहते पांच विकेट से जीत हासिल की। दो बार का पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 15 साल के अंतराल के बाद चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब फिर से हासिल करना चाहेगा। टीम ने 2006 और 2009 में लगातार दो खिताब जीते, लेकिन 2013 और 2017 में फाइनल में पहुंचने में असफल रहा जिसके बाद इस प्रतियोगिता का आयोजन बंद कर दिया गया। शीर्ष तेज गेंदबाजों की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया जानता है कि उसकी ताकत बल्लेबाजी में है। टीम के पास ट्रेविस हेड, स्टीव स्मिथ, मार्नस लाबुशेन और ग्लेन मैक्सवेल जैसे खिलाड़ी हैं जो विपक्षी गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त करने में सक्षम हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि नियमित खिलाड़ियों की अनुपस्थिति ने टीम को कमजोर किया है, लेकिन इसने युवा खिलाड़ियों को प्रभावित करने, टीम में अपनी जगह पक्की करने और प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में समृद्ध ऑस्ट्रेलियाई विरासत को आगे बढ़ाने का अवसर भी प्रदान किया है।

ऑस्ट्रेलिया से बल्ले से मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद है, जबकि बेन ड्वार्शुइस, स्पेंसर जॉनसन, नाथन एलिस और एडम जंपा चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में गेंद के साथ जिम्मेदारी संभालेंगे और वे जानते हैं कि अगर उन्हें ग्रुप चरण से आगे बढ़ना है तो उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

### जादरान ने इंग्लैंड के खिलाफ खेली 177 रन की पारी

**जहां** तक अफगानिस्तान का सवाल है तो उनकी बल्लेबाजी की अगुवाई सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान करेंगे, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 177 रन की पारी खेली जो अब चैंपियंस ट्रॉफी में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। पिछले साल टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान से हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया अपने प्रतिद्वंद्वियों को हल्के में नहीं लेगा और अफगानिस्तान के मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट ने इंग्लैंड पर जीत के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात स्वीकार की।

**मैच : दोपहर 2.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**ऑस्ट्रेलिया:** स्टीव स्मिथ (कप्तान), सीन एबट, एलेक्स कैरी, बेन ड्वार्शुइस, नाथन एलिस, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, आरोन हार्डी, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, स्पेंसर जॉनसन, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, तनवीर संघा, मैथ्यू शॉर्ट और एडम जंपा।

**अफगानिस्तान:** हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), इब्राहिम जादरान, रहमानुल्लाह गुरबाज, सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, इकराम अलीखिल, गुलबदीन नायब, अजमतुल्ला उमरजई, मोहम्मद नबी, राशिद खान, नांग्याल खरोती, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, फरीद मलिक, नवीद जादरान।

## अफगानिस्तान को अब कभी हल्के में नहीं लिया जाएगा : जोनाथन ट्रॉट

**एजेंसी, लाहौर**

मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट ने कहा कि अफगानिस्तान द्वारा चैंपियंस ट्रॉफी में इंग्लैंड को हराकर यादगार जीत दर्ज करने के बाद उनकी टीम को कोई भी अन्य टीम हल्के में नहीं लेगी। इब्राहिम जादरान की शानदार 177 रन की पारी और तेज गेंदबाज अजमतुल्लाह उमरजई के पांच विकेट की बदौलत अफगानिस्तान ने बुधवार को इंग्लैंड के खिलाफ आठ रन से रोमांचक जीत दर्ज की।



ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने करो या मरो के अगले मुकाबले से पूर्व ट्रॉट ने कहा कि अफगानिस्तान की टीम हाल ही में विश्व कप में इस टीम के खिलाफ अपने शानदार प्रदर्शन से आत्मविश्वास हासिल करेगी। ट्रॉट ने इंग्लैंड के खिलाफ जीत के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''जब से मैं कोच बना हूं, हमने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन बार खेला है और हमने हर मैच में चुनौती दी है इसलिए हमें इससे बहुत आत्मविश्वास लेना चाहिए।''उन्होंने कहा, ''और मुझे लगता है कि विश्व कप, टी20 विश्व कप में जो हुआ, मैं खिलाड़ियों से भी यही कहता हूं कि अफगानिस्तान को फिर कभी हल्के में नहीं लिया जाएगा।'' ट्राट ने कहा, ''मुझे लगता है कि हम जो भी मैच खेलेंगे वह प्रतिस्पर्धी होगा और हम जब भी मुकाबले में उतरेंगे तो मुझे जीत की उम्मीद होगी।'' टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले स्थापित देशों के खिलाफ अफगानिस्तान की जीत को अब उलटफेर के रूप में नहीं देखा जाता और विश्व मंच पर हाल के प्रदर्शनों का मतलब है कि कोई टीम उन्हें हल्के में लेने को जोखिम नहीं उठा सकती।

ट्रॉट ने कहा, ''ऑस्ट्रेलिया हमें हल्के में नहीं लेने वाला है, इसलिए हमें तैयार रहना होगा। अतीत में शायद लोगों ने कार्यक्रम देखा होगा और सोचा होगा कि यह बड़े टेस्ट देश के खिलाफ खेलने से थोड़ा आसान होगा। लेकिन इस प्रारूप में, इन परिस्थितियों में, मुझे ऐसा नहीं लगता।'' दो मैच में दो अंक के साथ अफगानिस्तान अब भी सेमीफाइनल की दौड़ में है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत से टीम के चार अंक हो जाएंगे जो उसे शीर्ष दो में पहुंचा देगा।

## धवन बोले-बतौर कप्तान परिपक्व हो गए हैं रोहित

**दुबई।** पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन का मानना है कि रोहित शर्मा पिछले कुछ वर्षों में कप्तान के रूप में परिपक्व हुए हैं और अपने साथियों के साथ उनका करीबी रिश्ता है जो भारतीय टीम के लिए अच्छा है। काफी समय तक रोहित के सलामी जोड़ीदार रहे धवन ने कहा कि मुंबई का यह बल्लेबाज टीम को संभालने के लिए काफी अनुभवी है। धवन ने कहा, ''2013 से 2025 तक, 12 साल का अनुभव बहुत है। रोहित ने बहुत कुछ देखा है। वह जानता है कि दबाव की स्थिति में कैसे काम करना है, लड़कों को कैसे एकजुट करना है।'' उन्होंने कहा, ''एक कप्तान के रूप में वह परिपक्व हो गया है। वह जानता है कि कब नरमी बरतनी है और कब पीछे हटना है। यह एक अच्छा संतुलन है और लड़कों के साथ रोहित का रिश्ता अद्भुत है।'' धवन ने 2013 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के अपने सफर के बारे में भी बात की और रोहित के साथ अपनी नौ साल की सलामी साझेदारी को याद किया जो उसी टूर्नामेंट में शुरू हुई थी।



## इंग्लैंड पर जीत के बाद तेंदुलकर ने की अफगानिस्तान की प्रशंसा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने चैंपियंस ट्रॉफी में इंग्लैंड पर आठ रन की शानदार जीत के लिए अफगानिस्तान की प्रशंसा की और कहा कि उनकी जीत को अब उलटफेर नहीं कहा जा सकता। अफगानिस्तान ने बुधवार को लाहौर में इंग्लैंड को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा।



तेंदुलकर ने 'एक्स' पर लिखा, ''अफगानिस्तान का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार आगे बढ़ना प्रेरणादायक रहा है। आप अब उनकी जीत को उलटफेर नहीं कह सकते, उन्होंने इसे अब आदत बना लिया है।'' उन्होंने लिखा, ''इब्राहिम जादरान के शानदार शतक और अजमतुल्लाह उमरजई के बेहतरीन पांच विकेट ने अफगानिस्तान के लिए एक और यादगार जीत सुनिश्चित की। बहुत बढ़िया खेला।'' अफगानिस्तान की प्रशंसा करते हुए भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने उपमहाद्वीप की परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करने में असमर्थता के लिए इंग्लैंड की आलोचना की।

जडेजा ने लिखा, ''अफगानिस्तान के प्रशंसक इस जीत के हकदार हैं क्योंकि वे दुनिया भर में सबसे अधिक जुनूनी और विनम्र क्रिकेट प्रशंसक हैं।'' पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने उम्मीद जताई कि अफगानिस्तान की टीम सेमीफाइनल से आगे जाएगी। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने भी अफगानिस्तान के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इंग्लैंड की टीम अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई।

## मुक्केबाज स्वीटी बूरा ने पति पर लगाया दहेज उत्पीड़न का आरोप

**एजेंसी, चंडीगढ़**

अर्जुन पुरस्कार विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन मुक्केबाज स्वीटी बूरा ने एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता अपने कबड्डी खिलाड़ी पति दीपक हुड्डा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। स्वीटी ने अपने पति और उनके परिवार पर दहेज के लिए मारपीट करने का आरोप लगाया है। दोनों की शादी 2022 में हुई थी। स्वीटी ने हरियाणा के हिसार में अर्जुन पुरस्कार विजेता हुड्डा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। हिसार के महिला थाने की एसएचओ सीमा ने बृहस्पतिवार को बताया, ''स्वीटी बूरा द्वारा अपने पति दीपक हुड्डा के खिलाफ दी गई शिकायत के आधार पर 25 फरवरी को एफआईआर दर्ज की गई है।''



जब उनसे पूछा गया कि क्या हुड्डा को अपना पक्ष रखने के लिए कहा गया है तो सीमा ने कहा, ''हमने उन्हें दो-तीन बार नोटिस दिया, लेकिन वह नहीं आए।'' जब पीटीआई ने हुड्डा से संपर्क किया तो उन्होंने अपने स्वास्थ्य का हवाला देते हुए अपनी अनुपस्थिति का बचाव किया। उन्होंने कहा कि इस आघात का उनके स्वास्थ्य पर असर पड़ा है। हुड्डा ने कहा, ''मैंने चिकित्सा प्रमाण पत्र जमा कर दिया है और बाद की तारीख मांगी है। मैं निश्चित रूप से वहां (पुलिस थाने) जाऊंगा लेकिन मैं अपनी पत्नी के खिलाफ कोई नकारात्मक टिप्पणी नहीं करूंगा। मुझे उनसे मिलने की अनुमति नहीं दी गई है।'' संपर्क किए जाने पर स्वीटी ने इस मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

जब हुड्डा के खिलाफ आरोपों के बारे में पूछा गया तो महिला थाने की एसएचओ ने बताया कि 'अधिक दहेज के लिए' प्रताड़ित करने और मारपीट करने के आरोप लगाए। बूरा द्वारा लगाए गए आरोपों का जिक्र करते हुए सीमा ने कहा, ''एक लग्जरी कार की मांग की गई थी और उसे पूरा भी किया गया, लेकिन उसका पति उसे पीटता है।

## प्रज्ञानानंदा ने नवारा से **खेला ड्रॉ**, अरविंद की बाजी भी रही **बराबर**

**एजेंसी, प्राग**

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने यहां प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में चेक गणराज्य के स्टार डेविड नवारा से ड्रॉ खेला, जबकि अरविंद चिदंबरम ने भी स्थानीय दावेदार एनगुएन थाइ डेइ वान के साथ अंक बांटे। विश्व चैंपियनशिप के दौरान डी गुकेश की टीम का हिस्सा रहे जर्मनी के विन्सेंट केमर ने टूर्नामेंट का पहला उलटफेर करते हुए चीन के शीर्ष वरीय वेई यी को हराया।

अमेरिका के सैम शेंकलैंड भी जीत दर्ज करने में सफल रहे। उन्होंने तुर्की के गुरेल एडिस को शिकस्त दी। वियतनाम के कुआंग लिएम ली और नीदरलैंड के अनीष गिरी की बाजी ड्रॉ रही। पहले दौर के बाद केमर और शेंकलैंड एक अंक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। प्रज्ञानानंदा, अरविंद, गिरी, लिएम ली, डेइ वान और नवारा आधे अंक के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। इस बीच चैलेंजर वर्ग में चुनौती पेश कर रही एकमात्र महिला और एकमात्र भारतीय खिलाड़ी दिव्या देशमुख को स्पेन के इवान सेलगाडो लोपेज के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।



### रियो में अर्जेंटीना के दो फुटबॉल प्रशंसकों को मारी गोली

**एजेंसी, रियो डी जेनेरियो।** रिकोपा सुदामेरिकाना फाइनल के दूसरे चरण से पहले रियो डी जिनेरियो में अर्जेंटीना के दो फुटबॉल प्रशंसकों को गोली मार दी गई। यह मैच मेहमान टीम रेसिंग और स्थानीय बोटाफोगो के बीच खेला जाना है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि बुधवार को दोनों प्रशंसक शहर के पश्चिमी हिस्से में बारा दा तिजुका के क्षेत्र में एक समुद्र तट पर थे, जब उन्हें लूट लिया गया और एक अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें गोली मार दी। रियो के स्वास्थ्य सचिवालय ने एक बयान में कहा कि पीड़ितों में से एक का मिगुएल कोटो अस्पताल में ऑपरेशन किया जा रहा है और दूसरे की हालत स्थिर है जो लौरेंको जॉर्ज अस्पताल में है।

## यूपी वारियर्स की टीम में अटापट्टू की जगह लेंगी जॉर्जिया वोल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया की शीर्ष क्रम की बल्लेबाज जॉर्जिया वोल महिला प्रीमियर लीग के शेष मैचों के लिए यूपी वारियर्स टीम में चामरी अटापट्टू की जगह लेंगी। श्रीलंकाई खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम के साथ जुड़ने के लिए रवाना हो गई हैं। डब्ल्यूपीएल ने वीरवार को एक बयान में कहा, ''यूपी वारियर्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 के शेष मैचों के लिए चामरी अटापट्टू की जगह जॉर्जिया वोल को चुना है। अटापट्टू श्रीलंका की राष्ट्रीय टीम की जिम्मेदारी संभालेंगी।''



21 वर्षीय जॉर्जिया एक उभरती हुई खिलाड़ी हैं और उन्होंने अपने दूसरे ही एकदिवसीय मैच में शतक जड़कर अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शानदार शुरुआत की है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए तीन एकदिवसीय और एक टेस्ट के अलावा तीन टी20 मैच भी खेले हैं। जॉर्जिया 30 लाख रुपए में वारियर्स से जुड़ेंगी।

पांच मैच में चार अंक के साथ वारियर्स की टीम पांच टीम की लीग तालिका में फिलहाल चौथे स्थान पर है। वारियर्स का अगला मुकाबला तीन मार्च को लखनऊ में सबसे निचले स्थान पर काबिज गुजरात जाइंट्स से होगा।

## आईसीसी मैच रेफरी डेविड बून क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया बोर्ड में होंगे शामिल

**एजेंसी, मेलबन**

पूर्व बल्लेबाज डेविड बून पाकिस्तान और दुबई में चल रही चैंपियंस ट्रॉफी के बाद आईसीसी मैच रेफरी के अपने मौजूदा पद को छोड़ देंगे और 28 मार्च से क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के बोर्ड में शामिल होंगे। बून (64 वर्ष) क्रिकेट तस्मानिया बोर्ड के अध्यक्ष हैं और सीए में निवर्तमान अध्यक्ष पॉल ग्रीन की जगह लेंगे। 'क्रिकेट.कॉम.एयू' ने सीए के अध्यक्ष माइक बेयर्ड के हवाले से कहा, ''मुझे बेहद खुशी है कि डेविड एक खिलाड़ी और क्रिकेट प्रशासक के रूप में अपने विशाल अनुभव को लेकर सीए बोर्ड में आएंगे।''



उन्होंने कहा, ''डेविड ने आईसीसी मैच रेफरी के रूप में अपनी भूमिका में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी हासिल करना जारी रखा है और यह हमारे लिए बहुत उपयोगी होगा, क्योंकि हम खेल के तेजी से बदलते परिदृश्य का सामना कर रहे हैं।'' बून 2011 से आईसीसी मैच रेफरी हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 107 टेस्ट और 181 एकदिवसीय मैच खेले जिसमें उन्होंने कुल 13,386 अंतरराष्ट्रीय रन बनाए। वह भारत में 1987 में विश्व कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम के सदस्य थे। बून 1999 में संन्यास लेने के बाद 2000-2011 के बीच चयनकर्ता भी रहे।

### रणजी से संन्यास ले चुके खिलाड़ियों के लिए फ्रेंचाइजी लीग की तैयारी

**नई दिल्ली।** रणजी क्रिकेट से संन्यास ले चुके खिलाड़ियों के लिए फ्रेंचाइजी आधारित एक लीग पर काम चल रहा है, जिसका मेंटोर (मर्गदर्शक) भारत के पूर्व तेज गेंदबाज प्रवीण कुमार को नियुक्त किया गया है। टूर्नामेंट जून या जुलाई में खेले जाने की उम्मीद है।

'एपिक विक्ट्री क्रिकेट लीग (ईवीसीएल)' में छह फ्रेंचाइजी टीमें भाग लेंगी और इसमें कुल 18 मैच खेले जाएंगे। प्रवीण ने कहा, ''मैं रणजी खिलाड़ियों के योगदान को मान्यता देने के लिए ईवीसीएल का समर्थन कर के वास्तव में खुश हूं। इन खिलाड़ियों को श्रेय देना महत्वपूर्ण है क्योंकि इन खिलाड़ियों को करियर में ज्यादा पहचान नहीं मिली है। मुझे उम्मीद है कि यह लीग उनके लिए अपने करियर को फिर से चमकाने और कमाई करने का अवसर प्रदान करेगी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि लीग के लिए खिलाड़ियों का पंजीकरण जल्द ही शुरू होगा।

महिला प्रीमियर लीग | दिल्ली के खिलाफ हार के बाद से मुंबई ने जीते हैं लगातार तीन मैच

# दिल्ली कैपिटल्स से बदला चुकता करने उतरेगी मुंबई इंडियंस

**एजेंसी, बेंगलुरु**

पूर्व चैंपियन मुंबई इंडियंस की टीम शुक्रवार को यहां महिला प्रीमियर लीग में जब दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ उतरेगी तो उसकी नजरें लीग की शीर्ष दो टीम के बीच होने वाले इस मुकाबले को जीतकर पहले चरण में मिली हार का बदला चुकता करने और जीत का क्रम जारी रखने पर टिकी होंगी।

इसी महीने वडोदरा में हुए चार मैच में सिर्फ दिल्ली की टीम मुंबई इंडियंस को हराने में सफल रही थी और शुक्रवार को जब हरनमप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम मैदान पर उतरेगी तो इस हार का बदला चुकता करना चाहेगी।

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार के बाद से मुंबई ने लगातार तीन मैच जीते हैं। टीम ने इस दौरान गुजरात जाइंट्स को पांच विकेट,



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को चार विकेट और यूपी वारियर्स को आठ विकेट से हराया। शुक्रवार को मुंबई की टीम एक और जीत के साथ अंक तालिका के शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत करना चाहेगी।

मुंबई इंडियंस अभी चार मैच में छह अंक के साथ डब्ल्यूपीएल तालिका में शीर्ष पर हैं, जबकि दिल्ली की टीम के भी पांच मैच में छह अंक हैं। मुंबई इंडियंस की ताकत उसकी दमदार बल्लेबाजी है। इंग्लैंड की बल्लेबाज नैट स्काइवर ब्रंट लीग के पहले चैंपियन की ओर से शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने चार मैच में 254 रन बनाए हैं जिसमें तीन अर्द्धशतक शामिल हैं। कप्तान हरमनप्रीत भी अच्छी फॉर्म में हैं और उन्होंने चार मैच में एक अर्द्धशतक जड़ा है। हेली मैथ्यूज की फॉर्म में वापसी मुंबई इंडियंस के लिए अच्छी खबर है।

दूसरी ओर दिल्ली की टीम ने पांच में से तीन मैच जीते हैं, लेकिन वे लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। टीम खिताब के प्रबल दावेदारों में शामिल है और मंगलवार को अपने पिछले मैच में गुजरात जाइंट्स पर छह विकेट की जीत से आत्मविश्वास हासिल करेगी। दिल्ली के बल्लेबाजी क्रम में आखिरकार शेफाली वर्मा (44) और जेस जोनासेन (नाबाद 61) ने फॉर्म में वापसी का संकेत दिया है।

कप्तान मेग लैनिंग हालांकि शीर्ष क्रम में संघर्ष कर रही हैं। उन्होंने सिर्फ एक अच्छी पारी खेली है।

**मैच : शाम 7 : 30 बजे से**

### संभावित टीमें

**मुंबई इंडियंस:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), यस्तिका भाटिया, नादिन डि क्लार्क, संस्कृति गुप्ता, साइका इशाक, शब्निम इस्माइल, जिंतिमनी कलिता, जी कमालिनी, अमनदीप कौर, अमनजोत कौर, सत्यमूर्ति कीर्तना, अमेलिया केर, अक्षिता माहेश्वरी, हेली मैथ्यूज, सजीवन सजना, नैट स्काइवर ब्रंट, पारुनिका सिसोदिया और क्लो ट्रायोन।

**दिल्ली कैपिटल्स:** मेग लैनिंग (कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, स्नेह दीप्ति, एलिस कैप्सी, अनाबेल सदरलैंड, अरुंधति रेड्डी, जेस जोनासेन, मारिजैन कैप, मीनु मणि, एन चरणी, निकी प्रसाद, राधा यादव, शिखा पांडे, नंदिनी कश्यप, तानिया भाटिया, सारा ब्राइस और टिटास साधु।